e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 10, अंक 331
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
07.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

*जैसे उबलते पानी में कभी परछाई नहीं दिखती ठीक उसी प्रकार परेशान मन से समाधान भी नही दिखते.. शांत होकर देखिए सभी समस्याओं का हल मिल जाएगा*

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### एल खियांग्ते राज्य के मुख्य सचिव नियुक्त किए गए

**रांची :** राज्य प्रशासनिक अधिकारियों में बदलाव करते हुए मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को श्रीकृष्ण लोक सेवा प्रशासन संस्थान का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी जगह पर एल खियांग्ते को मुख्य सचिव बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने जारी कर दी है। श्री खियांग्ते श्रीकृष्ण लोक सेवा प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के पद पर पदस्थापित थे। इसके साथ ही वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार था।

### बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान पीएम मोदी ने और कहा कि वह न सिर्फ संविधान के शिल्पकार थे बल्कि शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा भी थे.पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया. आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन.बता दें कि बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर 1956 को नई दिल्ली में हुआ था.

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में व्यापक सफलता मिली है।काकचिंग, इंफाल पश्चिम और काकचिंग जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान चुराचांदपुर जिले के डी हावलेनजंग गांव से तीन स्थानीय निर्मित सिंगल बैरल गन, एक स्थानीय निर्मित पिस्तौल, दो स्थानीय निर्मित मोर्टार, एक आंसू गैस गन (सीडब्ल्यूएस 892205), दो 9 एमएम गोला-बारूद, तीन आंसू गैस के गोले, 12 सौ रुपये की नकली भारतीय मुद्रा और एक बैग बरामद किया गया। इस सिलसिले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर आयकर विभाग ने की छापेमारी

**रांची :** आयकर विभाग की टीमों ने बुधवार कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित पांच ठिकानों पर दबिश देकर सर्वे शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 दिसंबर, 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद साहू के घर पर छापा मारा था। आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था।

### आईएएस एल ख्यांगते बने झारखंड के मुख्य सचिव

**रांची :** झारखंड मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित सुखदेव सिंह का सरकार ने तबादला कर दिया है.आईएएस एल ख्यांगते को झारखंड के मुख्य सचिव के पद पर पद स्थापित किया है. इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से बुधवार को जारी कर दी गई है. सुखदेव सिंह को अगले आदेश तक महानिदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है.

### करणी सेना के चीफ सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों की हुई पहचान, मामले की जांच के लिए बनी एसआईटी

**जयपुर :** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की 5 दिसंबर को जयपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने दोनों शूटरों की पहचान कर ली है. इनमें एक शूटर मकराना का रोहित राठौड़ और दूसरा हरियाणा के महेंद्रगढ़ का निवासी नितिन फौजी है. नितिन फौजी ने ही गोगामेड़ी के सिर में गोली मारी थी. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जांच के लिए राजस्थान पुलिस ने एसआईटी भी बना दी है.

### रांची का तापमान

अधिकतम 17°
न्युनतम 14°

# भाजपा के 10 सांसदों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बीजेपी ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया. चुनाव में जो सांसद जीतकर आए हैं, उन्होंने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. बुधवार को ऐसे 10 सांसदों ने इस्तीफा सौंप दिया. बता दें कि बीजेपी ने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की है.जबकि तेलंगाना में आठ सीटें जीती हैं. बीजेपी ने चार राज्यों में विधानसभा चुनाव में 21 सांसदों को टिकट दिया था. राजस्थान और मध्य प्रदेश में सात-सात सांसदों को चुनाव लड़ाया था. वहीं,छत्तीसगढ़ में चार और तेलंगाना में तीन सांसदों को विधानसभा में टिकट दिया था.अब बीजेपी हाईकमान ने विधानसभा चुनाव जीते हुए सांसदों से मुलाकात की और संसद सदस्यता छोड़ने का फैसला लिया. पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सभी सदस्य इस्तीफा देने के लिए स्पीकर से मिलने पहुंचे.

**बीजेपी ने 21 सांसदों को विधानसभा चुनाव में दिया था टिकट:** बीजेपी ने खास रणनीति के तहत चार राज्यों में 21 सांसदों को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था. बीजेपी के 21 में से 12 सांसद विधानसभा चुनाव जीत गए.बीजेपी ने एमपी में नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, राकेश सिंह, राव उदय प्रताप सिंह, रीति पाठक, गणेश सिंह को टिकट दिया था. वहीं, राजस्थान में बाबा बालकनाथ, भागीरथ चौधरी, किरोड़ी लाल मीणा, दीया कुमारी, नरेंद्र खीचड़, राज्यवर्धन राठौड़, देवजी पटेल को टिकट दिया था.छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने सांसद विजय बघेल, गोमती साय, रेणुका सिंह, अरुण साव को विधानसभा चुनाव में उतारा था. वहीं, तेलंगाना में बंदी संजय कुमार, धर्मपुरी अरविंद और सोयम बाबू को टिकट दिया गया था.



### केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल व नरेंद्र तोमर ने भी दिया इस्तीफा

इस्तीफा देने वालों में प्रहलाद पटेल और नरेंद्र तोमर केंद्रीय मंत्री हैं.केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश की नरसिंहपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार लाखन सिंह पटेल को 31,310 मतों से हराया है। वे पांच बार लोकसभा के सदस्य चुने गये हैं। राज्य के एकमात्र सांसद प्रह्लाद पटेल हैं, जिन्होंने पूर्वी मध्यप्रदेश में महाकौशल क्षेत्र के तीन अलग-अलग संसदीय क्षेत्रों से जीत हासिल कर चुके हैं। तोमर पहली बार प्रदेश के मुरैना संसदीय क्षेत्र से वर्ष 2009 में लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे. वे इसके पहले प्रदेश से राज्यसभा सदस्य थे. वे केंद्र में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, इस्पात और श्रम सहित कई विभागों के कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं.उनका सबसे यादगार कार्यकाल कृषि मंत्रालय में रहा. क्योंकि उन्हीं के वक्त तीन कृषि कानून आए थे. जिसके खिलाफ करीब 13 महीने लंबा किसान आंदोलन हुआ, जिससे सरकार बैकफुट पर आ गई और इन कानूनों को वापस लेना पड़ा.

**बाबा बालकनाथ और रेणुका सिंह ने नहीं दिया इस्तीफा:** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद इन सांसदों के दल को लेकर लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से मिलने पहुंचे। चुनाव जीतने वाले दो अन्य सांसद बाबा बालकनाथ और रेणुका सिंह इस दौरान नड्डा के साथ नहीं पहुंचे।

**खरसावां : आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम**

# राज्य के हर कोना में पहुंचेगी सरकार : हेमंत

**एक लाख 23 हजार से अधिक लाभुक के बीच 244 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं मिलेगा,जहां सरकार नहीं पहुंचेगी। आज राज्य के गांव और पंचायत में शिविर के जरिए जरूरतमंद योजना का लाभ ले रहें हैं। सरायकेला-खरसावां के नौ प्रखंड के 132 पंचायत में भी तय समय अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये बातें सीएम हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री खरसावां के सिमला पंचायत स्थित गोंडपुर मैदान में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य भर में लग रहे शिविर के माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान- मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं।

**15 हजार किमी ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा। बिजली, पानी और सड़क गांव गांव पहुंचाने का कार्य होगा। वर्तमान में आपकी सरकार सौ यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है, इसका लाभ अबतक करीब 66 हजार लोगों को मिला है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को मजबूती के उद्देश्य से शहर में निवास करने वाले लोगों को अपने घरों एवं कैम्पस पर पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है।

**वनोपज के लिए एमएसपी तय होगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह धान क्रय को लेकर सरकार ने मिनिमम सपोर्टिंग प्राइस तय किया है उसी तरह वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जाएगा। इसके लिए सिदो कान्हो वनोपज सहकारी संघ का गठन किया गया है, ताकि वनोपज का सही मूल्य किसानों को मिल सके। बाजार से अच्छे कीमत पर वनोपज क्रय किया जाएगा।

**बकाया मिलता तो लाखों एकड़ भूमि सिंचित होती:** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की कोयला रॉयल्टी का बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ का भुगतान नहीं कर रही है। अगर यह राशि झारखण्ड को प्राप्त हो जाती, तो वृद्ध महिला- पुरुष को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह देते, हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई हेतु किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाते, युवाओं को स्वरोजगार हेतु 10 -10 लाख रुपए देते, 500 रूपए में गैस सिलेंडर देते। लेकिन वे इस बकाया राशि को नहीं दे रहें हैं।

**अबुआ आवास योजना राज्य सरकार देगी:** मुख्यमंत्री ने कहा रोटी, कपड़ा और मकान सभी की जरूरत हैं, इसके बिना जीवन यापन मुश्किल है, लेकिन झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब राज्य सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अहर्ता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया। लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से आच्छादित किया। अब जनवितरण प्रणाली की दुकान में दाल भी उपलब्ध कराया जाएगा। वर्ष में दो बार सरकार वस्त्र भी जनवितरण प्रणाली की दुकान से जरुरतमंदों को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल, आदि थे।

# लड़कियों की तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

एजेंसी

**कौशाम्बी :** कोखराज पुलिस को लड़कियों की तस्करी में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करने में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस को यह सफलता पीड़ित लड़की की बहादुरी और मजबूत इरादे के चलते हासिल हुई है। तस्करी मे लिप्त 5 बदमाश, एक कार, 4 मोबाइल एवं आरोपियों के पहचान पत्र पुलिस ने कस्टडी में लिया है।एएसपी समर बहादुर के मुताबिक, थाना पुलिस ने एक मुक़द्दमा अपहरण का दर्ज किया था। जिसकी छानबीन के दौरान 5 बदमाश व तस्करी कर राजस्थान ले जाई जा रही युवती बरामद हुई है। युवती गाजीपुर जनपद की रहने वाली है। जिसकी सूचना जनपद पुलिस को प्रेषित की गई है। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क में शामिल एजेंट की तलाश कर रही है।नेशनल हाइवे 2 के कानपुर की ओर जाने वाले एक सुपर ढाबे पर बीती रात एक कार में सवार 5 व्यक्ति व एक युवती खाना खाने के लिए रुके। खाने के दौरान युवती कार सवार लोगों को चकमा देकर कोखराज थाना पुलिस के पास पहुंची। पीड़ित पुष्पा देवी (परिवर्तित नाम) ने पुलिस को आपबीती बता कर खुद को गाजीपुर जनपद का निवासी बताया। इतना ही नहीं पुष्पा ने बताया कि उसे राजस्थान प्रांत के रहने वाले कैलाश चन्द्र तिवारी, नोरत मल, मुकेश चन्द्र तिवारी, सुरेश चन्द्र तिवारी एवं कैलाश शर्मा धोखा देकर अपने साथ जबरन गाजीपुर से राजस्थान ले जा रहे हैं।

# 5 लाख का इनामी माओवादी का सबजोनल कमांडर गिरफ्तार

संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहार :** पुलिस को जिले में एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के पाँच लाख के ईनामी नक्सली भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो को गिरफ्तार किया है। वहीं बुधवार को पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर प्रदीप सिंह अपने परिजनों से मिलने अपने गाँव आ रहा है और ग्राम बरियातू जागीर के पास के जगलों में छुपा हुआ है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए ग्राम बरियातू जागीर के समीप के जंगलो में प्रदीप सिंह चेरों की गिरफ्तारी हेतू सघन रूप से सर्च अभियान चलाया गया ।सर्च अभिधान के क्रम में छापामारी दल को देख एक व्यक्ति भागने लगा जिसे छापामारी दल के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति की पहचान प्रदीप सिंह चेरो पिता उपेन्द्र सिंह ग्राम बरियातू जागीर थाना + जिला - लातेहार के रूप में हुई जिसे विधिवतः गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लातेहार एवं इसके सीमावर्ती जिलों में अनेक उग्रवादी काड दर्ज है।आगे श्री अंजन ने कहा कि प्रदीप सिंह चेरों पांच लाख का इनामी नक्सली है और इसके विरुद्ध विभिन्न थानों हत्या,आर्म्स एक्ट 17 सिएलए एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में शामिल संतोष कुमार मिश्रा एसडीपीओ लातेहार आशुतोष कुमार पुनिसह थाना प्रभारी लातेहार पुअनि गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा,मो शाहरुख, रोहित कुमार, दिवाकर धोबी, देवानंद कुमार लातेहार समेत सअनि एवं लातेहार थाना के रिजर्व गार्ड सैट1के रिजर्व गार्ड।



# बारिश ने बढ़ाई ठंड, 8 दिसंबर तक झारखंड में रहेगा साइक्लोन मिचौंग का असर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में साइक्लोन मिचौंग का असर दिखा। मंगलवार शाम से हल्की- हल्की बारिश राज्य के कई हिस्सों में हो रही है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। बुधवार को भी दिन भर बादल छाए रहे और राज्य के कई हिस्सों में जोरदार बारिश भी हुआ। सुबह से हल्की ठंड भी बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार मिचौंग तूफान की वजह से राज्य के कोल्हान, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल और पलामू के कई इलाकों में बारिश हो रही है।मौसम विभाग ने राज्य के मध्य और दक्षिणी इलाकों में बारिश की संभावना जाहिर की है। इनमें से कई जगहों पर हल्की बारिश हो रही है।



हल्की बारिश की वजह से मौसम का मिजाज भी बदला है ठंड बढ़ी है। सिमडेगा जिले के कई इलाकों में 10 एमएम बारिश हुई है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। तापमान में चार डिग्री की गिरावट आयी है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अभी झारखंड में इसका और असर दिखेगा।आज गुरुवार को साइक्लोन मिचौंग का असर राज्य के कई हिस्सों में ज्यादा नजर आयेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य के कई हिस्सो में तूफान का असर दिखने लगेगा। गुरुवार को भी तूफान का असर राज्य के कई हिस्सों में दिखेगा।।मौसम विभाग ने शुक्रवार से मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है। हल्की हवा चलेगी और छिटपुट बारिश के भी आसार हैं। मौसम में ठंडक बढ़ेगी तापमान 19-20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। झारखंड में सात दिसंबर तक इसी तरह का मौसम रहेगा। मौसम का मिजाज 4 दिसंबर से बदलना शुरू हुआ है और अभी 8 दिसंबर तक मौसम के मिजाज में कोई खास बदलाव नहीं आयेगा।

# आईएएस पूजा सिंघल के मनी लॉन्ड्रिंग मामले की हुई सुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की ओर से महत्वपूर्ण गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में बुधवार को ईडी के गवाह का बयान दर्ज किया गया।ईडी के गवाह अभयनंद अम्बष्ठ ने अदालत में दिए अपने बयान में कहा कि विकास कार्यों की योजना में दिए गए अग्रिम भुगतान से मिलने वाले कमीशन का पैसा खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल तक पहुंचाया जाता था। इसके अलावा अभयनंद ने पूजा सिंघल के कार्यकाल के दौरान डीसी ऑफिस की कार्यप्रणाली की भी विस्तृत जानकारी अदालत को दी। अब बचाव पक्ष यानी पूजा सिंघल के अधिवक्ता अभयनंद का क्रॉस एग्जामिनेशन (जिरह) करेंगे। कोर्ट ने इसके लिए 13 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने गवाह का बयान दर्ज करवाया। पूजा सिंघल की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, स्नेह सिंह और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा गवाही के दौरान अदालत में मौजूद थे। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहे थे।

# नेहरू की गलती से बना पीओके : अमित शाह

**लोकसभा से जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को मिली मंजूरी**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा से जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर से संबंधित जिन दो विधेयकों पर सदन में विचार हुआ, वे उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाए गए हैं, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई और जिन्हें अपमानित किया गया। अमित शाह ने देश के पहले प्रधानमंत्री पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर ने जवाहर लाल नेहरू की दो गलतियों की वजह से समस्याओं को झेला है। इनमें पहली संघर्ष विराम की घोषणा और फिर कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना शामिल था। यदि जवाहरलाल नेहरू ने सही कदम उठाए होते, तो पीओके हमारा हिस्सा होता। उन्होंने सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों का दर्द समझते हैं तथा एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने पिछड़ों के आंसू पोंछे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने इसे कम आंकने की भी कोशिश की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछड़े वर्ग का सबसे बड़ा विरोध और पिछड़े वर्ग को रोकने का काम यदि किसी पार्टी ने किया है तो कांग्रेस पार्टी ने किया है।



### सदन में नेहरू की गलतियों पर चर्चा होनी चाहिए : अधीर रंजन

लोकसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा शुरू हो गई है. इस दौरान लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा,यह चौंकाने वाली बात है कि पूर्व और वर्तमान मंत्री नेहरू को सदन में लाते हैं और उन पर आक्षेप लगाते हैं. उन्होंने कहा, हम 70 साल सुन-सुनकर थक गए हैं. मैं अनुरोध करता हूं कि एक ऐसा दिन हो जिसमें हम जम्मू-कश्मीर और नेहरू और उनकी गलतियों पर चर्चा करें.

### मैं पार्टी लाईन से बाहर नहीं : वसुंधरा राजे

**जयपुर :** राजस्थान में मुख्यमंत्री के नाम पर रस्साकशी जारी है. इस बीच वसुंधरा राजे से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. चुनाव नतीजों के बाद पार्टी नेतृत्व पर दवाब बनाने की राजनीति कर रहीं वसुंधरा राजे ने अब साफ कर दिया है कि वह पार्टी की लाइन से बाहर नहीं जाएंगी.सूत्रों के मुताबिक, विधायकों से मुलाकात के बाद वसुंधरा राजे सिंधिया ने फोन पर बीजेपी आलाकमान से बात की है.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने को लेकर बुधवार को अंचल कार्यालय के सभागार में सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारो को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने कहा कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है.उन्होंने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को बताया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड वैसे सभी लोगो को बनाया जाना है, जिनके पास राशनकार्ड है। उन्होंने कहा कि राशनकार्ड में जितने लोगो का नाम उन सभी लोगो का अलग अलग आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिनके पास आयुष्मान कार्ड होगा वे एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। प्रशिक्षण में जिला से आये सीएसई प्रबन्धक कौशल कुमार ,मनीष कुमार, सदर अस्पताल के सुनील कुमार तथा योगेंद्र कुमार ने सयुक्त रूप से सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को आयुष्मान कार्ड बनाने से सबंधित जानकारी विस्तार से दिया। प्रशिक्षण में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय, सीएसई प्रबन्धक कौशल किशोर, मनीष कुमार, सदर अस्पताल गढ़वा से सुनील कुमार, योगेंद्र कुमार, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार रविन्द्र प्रताप देव, दरोगा शुक्ल, दीनदयाल शुक्ल, अशोक मेहता, संजय पासवान, शमीम अंसारी, कामाख्या सिंह, रामजी चंद्रवंशी, मुन्ना गुप्ता, उमा चौबे, रामप्रवेश राम, अजय कुमार राम, सतेंद्र सिंह, खुर्शीद आलम, आशीष कुमार राम सहित बड़ी संख्या में धुरकी, सगमा, विशुनपुरा, रमना, भवनाथपुर, केतार, खरौंधी, नगर उंटारी प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे।


## ओढ़नार पंचायत में आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के ओढनार पंचायत सचिवालय में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सुबह से शाम तक आवेदनकर्ताओं की लंबी कतारे लगी रही।मौके पर बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले यही हम सब का प्रयास है। झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही आवास योजना का लाभ वैसे लाभकु को देना है जिन्हें आज तक किसी भी योजना के तहत आवास का लाभ नहीं मिला हो। इस बात को आवेदन देने वाले ध्यान में रखेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे जहां सैकड़ो लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन को दिया कई मामलों का निष्पादन किया गय। उन्होंने कार्यक्रम में मजदूर ग्रामीणों को जॉब कार्ड दिया और गरीब व वृद्ध ग्रामीणों जनता के बीच 150 कंबल का वितरण किया।वही 2 छात्र को साईकिल लेने के लिए 4500 का डेमो चेक दिया।प्रखंड अंचल कर्मी के लोग बारिश में भी अपने कर्तव्य निभा रहे हैं। जेएसपीएलएस महिला समूह सदस्य के कई महिला को परिचय पत्र वितरण किया गया। अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा करीब 300 आवेदन दिया गया। मौके पर कार्यक्रम में उप प्रमुख सुनील सिंह, मुखिया स्मृति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे, पंचायत समिति सदस्य लालजी चौधरी, जेपीएस राधेश्याम सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी एवं सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## हज 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने हुसैनाबाद में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हज करने जाने वालो के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर ही गई है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य हज समिति की ओर से हज 2024 के संबंध में जरूरी सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि अगले वर्ष हज पर जाने के इच्छुक आजमिने हज अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। सोमवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। उन्होंने कहा है कि हज कमिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर इसके लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा स्मार्ट मोबाइल फोन में हज सुविधा नाम का एप डाउनलोड कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने से पहले हज गाईडलाइंस में दिए गए दिशा निर्देश का पालन जरूरी होगा। आवेदन करने के लिए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर 2023 से पहले का जारी किया हुआ होना चाहिए। साथ ही 31 जनवरी 2025 तक पासपोर्ट वैध होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि इसके अलावा किसी तरह की जानकारी राज्य हज समिति के कार्यालय से या किसी सदस्य से प्राप्त कर सकते हैं।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बारिश में भी उमड़ी रही भीड़

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के तरीडीह पंचायत अंतर्गत पटेल चौक परिसर मं आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बाल विकास, शिक्षा, राजस्व, पशुपालन, ग्रामीण विकास विभाग, जेएसपीएलएस के तहत महिला सशक्तिकरण और आत्म निर्भर बनने के लिए 19लाख लोन का वितरण किया गया। स्वास्थ्य सहित सभी विभाग का स्टॉल लगाई गई थी। आयोजित शिविर मे 20 स्कूली बच्चें पोषाक, 8 बच्चीयों के बीच साइकिल के लिए 4500 रु का चेक वितरण किया गया।

# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हुआ कई मामलो का निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू :** प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के सलैया गांव के समीप मैदान में बुधवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का अलग-अलग 17 स्टॉल लगाए गए थें। जहां सैकड़ो लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किया। वही कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। मुखिया कमला देवी ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं का आमजनों तक लाभ पहुंचाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान अबुवा आवास योजना संबंधित सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए। जबकि बिरसा सिंचाई योजना के तहत कूप निर्माण, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री पशुधन आदि का भी आवेदन प्राप्त हुए। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दर्जनों मरीजों को स्वास्थ्य जांच के बाद दवा दी गयी। शिविर में कंबल व धोती-साड़ी का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, उप प्रमुख ममता देवी, एमओ सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, आकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, डॉ देवेंद्र कुमार, बीपीएम जयप्रकाश सिंह, पंचायत सेवक निरंजन सिंह, विनोद रवि, इंद्रदेव यादव, उत्तम दास, रोजगार सेवक दिलीप चंद्रवंशी, विनोद सिंह, पंकज चौधरी, अशोक कुमार, प्रधान सहायक सरजू बैगा, एआई टेक्नीशियन आनंद कुमार, दीपक उपाध्याय, सुजीत कुमार, अजीत कुमार, बसपा के जिला उपाध्यक्षअमित कुमार यादव, नागदेव राम, अमरेश यादव, विनोद कुमार यादव सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

# हरिहरगंज प्रखंड के कई स्कूलों में चावल के अभाव में एमडीएम बंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज, पलामू :** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कई स्कूलों में चावल के अभाव में एमडीएम भोजन बंद है जबकि अधिकांश स्कूल बंद के कगार पर पहुंच गए है। कई स्कूल के हेडमास्टर किसी तरह से चावल जुगाड़ कर एमडीएम भोजन चलाने को विवश है। हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में संचालित 85 स्कूलों के लिए अक्टूबर से दिसंबर माह तक का 456 किंवटल चावल दो सप्ताह पहले एफसीआई गोदाम में आया है लेकिन बीईईओ के द्वारा परमिट नहीं मिलने के कारण अभी तक चावल का उठाव किसी स्कूल में नहीं हो सका है जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। खाप कटैया मिडिल स्कूल के हेडमास्टर अर्जुन बैठा ने बताया कि चावल के अभाव में तीन दिन से एमडीएम भोजन बंद है। दो सप्ताह पहले चावल कम होने की सूचना बीईईओ कार्यालय में दिए थे लेकिन अभी तक चावल का परमिट नहीं मिला है। बुधवार को सीआरपी अजीत कुमार मिश्रा ने सेमरबार मिडिल स्कूल का औचक निरीक्षण किया जिसमें चावल के अभाव में एमडीएम भोजन बंद पाया। सीआरपी ने बताया कि स्कूल में139 बच्चे नामांकित है जिसमें 47 बच्चे स्कूल आए थे, चावल के अभाव में एमडीएम भोजन नहीं बना था। एजीएम सच्चिदानंद कुमार ने बताया कि स्कूल के लिए 456 किंवटल चावल दो सप्ताह पहले आया है लेकिन परमिट नहीं मिलने के कारण किसी स्कूल का चावल उठाव अभी शुरू नहीं हुआ है। बीईईओ नरेश राम ने बताया कि अक्टूबर से दिसंबर तक का चावल आया है सभी स्कूलों में अभी चावल उपलब्ध भी है जल्द सभी स्कूलों को चावल का परमिट निर्गत किया जाएगा।

## बाबा साहब के पुण्यतिथि पर उनके अनुयायियों ने याद कर किया उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का पुण्यतिथि बुधवार को उनके अनुयायियों ने केतार सब्जी बाजार में अवस्थित बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही उनकी गुजरी जीवनी पर विधिवत प्रकाश डाला। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के महासचिव अजय वर्मा, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, गोपाल विश्वकर्मा रामविचार साहू, सुरेश प्रसाद, महेंद्र पाल, सूर्यनाथ सिंह, श्यामाराम, शाहिद हुसैन, अमलेश राम, नंदू प्रजापति सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नए सीओ ने किया पदभार ग्रहण, अंचलकर्मियो ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नये सीओ के रुप में बासुदेव राय ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित राजस्व कर्मचारी जयप्रकाश गुप्ता व जितेन्द्र कुमार सहित अंचल कर्मी ने पुष्प गुच्छ देकर नये सीओ का स्वागत किया। सीओ बासुदेव राय ने पदभार ग्रहण के बाद कहा कि बिशुनपुरा प्रखण्ड की जनता निर्भिक होकर भूमि संबंधित समस्या को हमारे पास रखे, स-समय उसका समाधान किया जाएगा।उन्होने कहा किसी के माध्यम से अपनी समस्याएं का हल नहीं कराये,लोग स्वयं कार्यालय आकर मुझसे मिल कर अपनी समस्याओं का निदान करा सकते हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## बघमनवा में सबकी योजना सबका विकास को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के बघमानवा पंचायत सचिवालय में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष ग्राम सभा में पंचायत के सभी गांव गौरा, घरटीया, चोरटिया व बघमनवा में कई योजनाओं के बारे में चर्चा हुयी। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी व संचालन पंचायत सचिव मंजर अंसारी ने किया.ग्राम सभा मे पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पंचायत के समस्यओं को रखा. इसके अलावे सामुदायिक व कल्याणकारी योजनाओं को सर्वसम्मति से चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया। जिसे जल्द ही मूर्तरूप भी दिया जायेगा। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि सरकार के सभी योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, युवा समाजसेवी मनीष कुमार, आरती कुमारी, गीता देवी, सोभा देवी, रेणु देवी, फुलकुमारी देवी, शांति कुंवर, राकेश बैठा, अखिलेश सिंह, जगनारायण पाल, सतेंद्र पाल, रामप्रवेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में किया गया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ कैसर आलम ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी विस्तार से दिया। शिविर में विद्यालय के 165 छात्राओं का गहन स्वास्थ्य जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवा उपलब्ध कराया गया। शिविर में एएनएम कुमारी निलम लता, विद्यालय की वार्डेन रंजू कुमारी, मनोरमा कुशवाहा, ज्योतिषना पांडेय, प्रतिमा कुमारी, बिनु कुमारी, ममता कुमारी, सुमन कुमारी, बिरजू सिंह,अंजन प्रसाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नप कार्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर को किया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने भरत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। नप कर्मियों ने भी डॉ भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व संचालन समजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब ने समाज के वंचित व शोषितों को आवाज दी। उन्हें संवैधानिक अधिकारों की ताकत दी। हसिय पर खड़े दलित समाज को देश मे सम्मानजनक स्थान दिलवाया। विजय कुमार रवि ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार, जेई अजित टुडू, बिभूति भूषण, मुकेश कुमार, रमेश कुमार, बिट्टू खान सहित कई नप कर्मी मौजूद थे।

## 68 वीं पुण्य तिथि पर बसपा व अम्बेडकर संघर्ष समिति ने डॉ. अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के दो स्थानों पर बसपा कार्यकर्ता और अम्बेडकर संघर्ष समिति के सदस्यों ने भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 68वीं पुण्य तिथि पर बुधवार को परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड के सरसोत स्वास्थ्य उपकेंद्र के परिसर में स्थित डॉ अम्बेडकर स्मारक तथा नप क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर पूर्व जीप सदस्य आशा कुमारी के आवास पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में सूरजमल राम, डॉ अवध दास, सुशील कुमार रवि, राजकुमार, रवि कुमार, श्याम सुंदर देहाती, इंद्रदेव भारती, बालचंद राम, जनेश्वर राम, अभिषेक सज्जन, गोबिंद राम, अनुज पासवान, र मन राम, अवधेश राम आदि लोगों ने कैंडल तथा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने का संघर्ष किया : शेर अली

### बसपा ने डॉ. भीम राव अंबेडकर 67 वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में शहर के अंबेडकर चौक पर भरत रत्न बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर की 67वी पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रुप में मनाई गई। सभा गोष्ठी का अयोजन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी शेर अली, हरि यादव पुनीत अम्बेडकर, अजय भारती व मंचासीन अतिथियों ने अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा गोष्ठी का अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती ने की संचालन विधान सभा के पुर्व अध्यक्ष बिरेंद्र राम ने की।सभा गोष्ठी को संबोधित करते हुए बसपा नेता शेर अली ने डॉक्टर अंबेडकर जी ने गरीब मज़दूर, दलित, शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया, उनके संघर्षो का परिणाम है की देश के प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार मिला उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजली अर्पित है। शेर अली ने कहा की उनके विचार और आदर्श लाखों लोगों को ताकत देता है। बाबा साहब ने राष्ट के लिए जो सपने देखे थे हम उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा की आज के दौर में बाबा साहेब के बताए रास्ते से सता में बैठे लोग भटकने लगे है, यहां के कुछ जनप्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र के दबे कुचले लोगों को अपना हितैषी बता सिर्फ उनका बहुमूल्य मत लेने का काम किया है, अभी हाल में स्थानीय विधायक ने हुसैनाबाद को जिला बनने के नाम पर गुमराह करने के लिए ब्यान देते है की हम सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया । बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो और धर्म के लोगों को बाबा साहेब अंबेडकर के बताए हुए रास्ते चलने का काम करती है।

# विद्या मंदिर, जपला में बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में एकदिवसीय संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज,सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिव प्रसाद मेहता, दिनेश कश्यप जिला संघचालक, पलामू, चंद्रेश्वर प्रसाद, अंशु गर्ग, कामाख्या नारायण सिंह, नीलम मेहता, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, विजयेन्द्र प्रसाद, जयंत कुमार, विन्देश्वरी सिंह, उमेश प्रसाद, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शारदा भारती आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती,ओम तथा मां शारदे के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें रंगोली, चित्रकला, भजन, कुर्सी दौड़, चम्मच गोली दौड़ प्रतियोगिता समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस शिविर में जपला संकुल के हरिहरगंज, बिलासपुर, हरिनगर, रक्सेल तेंदुआ के छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने विषय प्रवेश कराते हुए महिला सशक्तिकरण, आधुनिक परिवेश से बचाव एवं खान-पान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी साझा किया । हमारी बहनें दो परिवारों को जोड़ती है।इनके व्यक्तित्व विकास की चिंता सभी को करनी चाहिए। स्थानीय महिला थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण एवं अनुशासित जीवन की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिक ढंग से किया हुआ अनुशासन भावी पीढ़ी के लिए वरदान साबित हो सकता है।विद्यार्थी को परिश्रमी व लग्नशील होना चाहिए।विद्यार्थी जीवन में अनुशासन वह डोर होती है जो आकाश की बुलंदियों को छूने में मदद करती है।अगर विद्यार्थी अनुशासित है तो कोई भी बाधा उसकी उन्नति में रुकावट नहीं डाल सकती। कोई भी अप्रिय घटना को छुपाए नहीं और साथ ही समाज में हो रहे यौन हिंसा, घरेलू प्रताड़ना, दुष्कर्म, छेड़खानी जैसी समस्याओं पर बात करें सजग रहें और सावधान भी रहें। बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और किशोरावस्था की समस्याओं पर चर्चा की गई।

## पीसीसी मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना का मुखिया ने किया भूमि पूजन

**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एन एच 343 से हुरदाग तुरिया टोला से लेकर पीसीसी मुख्य मंत्री ग्राम सड़क सुध्दड़ीकरण योजना के मुखिया ने किया भूमि पूजन। इस संबंध में मुखिया रीमा देवी ने बतलाई की मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देशानुसार आज मैं 343 एन एच हरदग से तुरिया टोला तक पीसीसी रोड का सुध्दड़ीकरण किया जाना है जिसको लेकर आज मुखिया के द्वारा भूमि पूजन किया गया इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता युवा अध्यक्ष दीपक सोनी जिला युवा अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ छोटू रंका प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडे मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता आदि सैकड़ो गांव के ग्रामीण इस भूमि पूजन में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 से शुरू होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू होगी जो 22 दिसंबर तक चलेगी। 15 से 22 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र में 6 कार्य दिवस होंगे। वहीं द्वितीय अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा । बता दें कि इन चार सालों में पहली बार भाजपा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में भाजपा विधायक अमर बावरी नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष के रूप में आते थे लेकिन इसे माना नहीं जाता था। लेकिन अब भाजपा की तरफ से नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी को नियुक्त किया गया है। मुख्य रूप से इस शीतकालीन सत्र में स्थानीय नीति जिसे राजभवन द्वारा वापस लौटा दिया गया है यह विशेष मुद्दा रहेगा।

### आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार में 32 आवेदनों का हुआ निष्पादन

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् 06.12.2023 को रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 19 तथा वार्ड नं 20 में शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर 32 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 199 कंबल का वितरण भी किया गया। बता दे 07.12.2023 को वार्ड नंबर 21 (रोटरी पार्क, लेक रोड) तथा वार्ड नंबर 22 (मानीटोला वार्ड कार्यालय) में शिविर का अयोजन किया जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

# फरार संवेदक गिरफ्तार, तीन सड़क योजनाओं में की थी लाखों की गड़बड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गत छह वर्ष से फरार चल रहे छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक दिलीप कुमार उर्फ दिलीप राम को पलामू एसीबी की टीम ने रांची से गिरफ्तार किया है। संवेदक को गिरफ्तार करने के बाद उसे मेदिनीनगर लाया गया। यहां से उसे न्याय हिरासत में भेज दिया जाएगा। संवेदक दिलीप पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार का मूल निवासी। ऐसे मेदिनीनगर के रेलवे कॉलोनी में रहता है। संवेदक पर तीन सड़क योजनाओं में लाखों रुपए गड़बड़ी का आरोप है। इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के कार्यालय में प्राथमिक की दर्ज की गई थी।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक ने बुधवार की शाम जानकारी दी है कि छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के दिलीप कुमार उर्फ दिलीप राम एवं अन्य के विरुद्ध सड़क के निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने, लागत राशि से अधिक भुगतान संवेदक को करने, सरकारी राशि का गबन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी अभियुक्त दिलीप गिरफ्तारी के डर से भागा फिर रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट, इश्तेहार, कुर्की निर्गत था। अनुसंधान के क्रम में जानकारी मिली कि आरोपी दिलीप रांची में है। पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए एक टीम बनाकर रांची के इटकी रोड में आईटीआई बस पड़ाव के समीप झारखंड नर्सरी से उसे गिरफ्तार किया गया।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से जानकारी दी गई है कि 15 लख रुपए का का गबन तीन सड़क योजनाओं में की गई थी। बीटी मोड़ से कवल पथ कुल 4.20 किलोमीटर सड़क निर्माण में 57531, बीटी रोड से डबरा पथ कुल 6 किलोमीटर लंबी सड़क में 1248473 एवं बीटी रोड से गम्हरियाडीह कुल 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण में 152011 की गड़बड़ी का आरोप है।

# नरेंद्र सिंह होरा हत्या मामले में चार आरोपी दोषी करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को रांची सिविल कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 2018 में चर्च कॉम्प्लेक्स के पीछे नरेंद्र सिंह होरा हत्या मामले में फैसल खान, बिरसा कच्छप , सद्दाम उर्फ बब्बन खान, शबीब अंसारी उर्फ छोटू को दोषी करार दिया है। अदालत ने इस केस में ट्रायल फेस कर रहे अन्य अभियुक्तों आसिफ आलम, मेहंदी हसन, शिव रजक, छोटू हुसैन, रशीद अंसारी, मो. सज्जाद आलम और राजा आदिल उर्फ जग्गा को साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत ने जिन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है, उनकी सजा की बिंदु पर 13 दिसंबर को बहस होगी। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 1 दिनेश राय की कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है। नरेंद्र सिंह होरा की हत्या वर्ष 2018 में चर्च कॉम्प्लेक्स के पीछे की गई थी। हत्या से पहले उनके साथ लूटपाट भी हुई थी। जिन आरोपियों को कोर्ट ने आरोपों से मुक्त किया है, उनकी तरफ से अधिवक्ता राहुल पांडे ने बहस की।

# उपायुक्त ने 100 से ज्यादा आर्म्स लाईसेंस किया रद्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला प्रशासन ने आर्म्स लाइसेंस धारियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के आदेश पर पिछले करीब 18 महीने में 100 से ज्यादा लोगों के हथियार के लाइसेंस रद्द किए गए हैं?। इनमें वैसे लोगों का नाम भी शामिल है, जिनका लाइसेंस उम्र ज्यादा होने के कारण रद्द किया गया है। कई लोगों ने अपनी स्वेच्छा से भी आर्म्स के लाइसेंस को सरेंडर किया है। प्रशासन कई ऐसे लाइंसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है, जिनके खिलाफ हथियार के दुरूपयोग की शिकायत आई है। जानकारी के मुताबिक, हर महीने रांची में हथियार के लाइसेंस के लिए लगभग 30 से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। लेकिन सभी तरह की प्रक्रिया पूरी करने और सभी अहर्ताओं को पूरा करने वाले लोगों को ही लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसकी संख्या काफी कम है। फिलहाल 350 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस के आवेदन लंबित हैं। उपायुक्त का कहना है वैसे लोगों को ही हथियार के लाइसेंस दिया जायेगा जिसकी जान को बहुत अधिक खतरा है।

# 2202 लाभार्थियों को मिलाआयुष्मान भारत कार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिवरों के दौरान 06 अक्टूबर तक 2202 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए गए हैं वहीं इन शिविरों के माध्यम से 6776 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया है। आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और केंद्र द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के हर ग्राम पंचायतों तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के साथ-साथ विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पांच आईईसी (सूचना, शिक्षा, संचार) वैन भी ग्राम पंचायत तक जाकर लोगों को जागरुक कर रहा है।विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इफको के सहयोग से किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक ड्रोन एवं इफको नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग के बारे मे भी जानकारी दी जा रही है।

# सांसद के घर सर्वे करने पहुंची आयकर विभाग की टीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम सर्वे कर रही है। बुधवार सुबह ओडिशा आयकर विभाग की टीम धीरज साहू के कुल पांच ठिकानों पर पहुंचकर कागजातों को खंगाल रही है। मिली जानकारी के अनुसार सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी चल रही। ओडिशा में तीन, लोहरदगा में एक और रांची में एक जगह पर इनकम टैक्स की टीम सर्वे कर रही है। इनकम टैक्स की टीम बुधवार की अहले सुबह पहुंची। पुलिस बल की मौजूदगी में इनकम टैक्स की टीम सर्वे कर रही है, जिसमें आवश्यक कागजातों की जांच की जा रही है। हालांकि लोहरदगा में साहू परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं है। मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है और एक-एक कागजात की जांच की जा रही है। बता दें कि इससे पहले भी 12 दिसंबर 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के घर छापेमारी की थी। आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था।

# रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी ने दरगाह की जमीन पर बने दुकानों का सर्वे किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिसालदार बाबा दरगाह कमिटी के 7 सदस्यीय बने कमिटी की ओर से रिसालदार बाबा कैम्पस के बाहर में बने दुकानों का सर्वे किया गया। सभी दुकानदार अपने-अपने दुकानों में मौजूद रहकर सर्वे कराने में अपनी पूर्ण भागीदारी की, ताकि सर्वे का काम आसानी पूरा किया जा सके। कमिटी के ओहदेदार जो सर्वे में थे अयुब गद्दी, जावेद अनवर , रिजवान अहमद , सादिक, आसिफ नईम, नज्जू अंसारी, अनीस गद्दी, सदर अयुब गद्दी और उपाध्यक्ष बेलाल अहमद सेक्रेटरी मौजुद थे। दरगाह कमेटी के सदर ने कहा कि कमेटी अपने मेनिफेस्टो के मुताबिक जो भी वादा किया था उसे



पूरा कर रहा है, उसमें दुकान किस-किस के नाम से है और कौन-कौन दुकान का किराया उठा रहा है। नई कमेटी को इसकी जानकारी नहीं है, इसलिए यह सर्वे कराया जा रहा है। कोई दुकान का 300 कोई 500 कोई 1500 कोई 2000 कोई 3000 किराया दे रहा है। उन्होंने कहा कि जितनी भी दुकान दरगाह कमेटी की जमीन पर बनी हुई है या गेराज सभी दुकानों को व्यवस्थित ढंग से बनाया जाएगा और किसी भी दुकानदार को हटाया नहीं जाएगा बल्कि उन्हें व्यवस्थित ढंग से दुकान दिया जाएगा । दरगाह कमेटी अपने नियम के अनुसार इस चलाएगी।

# शानदार प्रदर्शन के लिए एमएमके स्कूल हुआ सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत बुधव ार को बरियातु स्थित एमएमके हाई स्कूल में एक पुरूष्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल कहकशां परवीन को मेले से संबंधित मेमोरी फ़ोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया एवं मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। एमएमके हाई स्कूल के छात्रों ने माही के संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता जुनैद अनवर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के सपने भी पलते हैं, छात्रों को इसे साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। बरियातु मस्जिद एवं कमिटी के युवा अध्यक्ष आसिम इमाम खान, एम0एम0के0 स्कूल के निदेशक डॉक्टर तनवीर ने संबोधित किया। मंच का संचालन मोहम्मद सलाहउद्दीन एवं धन्यवाद ज्ञापन सरवर इमाम खान ने किया। इस अवसर पर माही के प्रवक्ता मुस्तक़ीम आलम, सक्रिय सदस्य मोहम्मद शकील के अलावा स्कूल के शिक्षकों में भुवनेश्वर मिरदाहा, नर्गिस बानो, संजय महतो, अंजली रावत, सुम्बुल जबीं एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थी।

# हाई कोर्ट ने हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण मामले में आरआरडीए चेयरमैन से पूछे सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान की बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में आरआरडीए के वाइस चेयरमैन अमित कुमार एवं टाउन प्लानर स्वप्निल मयूरेश कोर्ट के समक्ष समक्ष उपस्थित हुए।जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरआरडीए वाइस चेयरमैन पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि जब कोर्ट के संज्ञान में हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण की बात आई और हाई कोर्ट के निर्देश पर एडवोकेट कमिश्नर ने उस क्षेत्र का दौरा किया था। इसके बाद आपने उस क्षेत्र का सर्वे क्यों नहीं किया, वहां कितने मकान बने हैं, कितने अवैध है, इसके बारे में सर्वे आरआरडीए की ओर से क्यों नहीं किया गया। टाउन प्लानर भी वहां एडवोकेट कमिश्नर के साथ गए थे लेकिन उसके बाद आरआरडीए ने अतिक्रमण पर एक्शन नहीं लिया।अतिक्रमण से नदी की चौड़ाई पर कितना असर पड़ा है। इसका भी सर्वे होना करना चाहिए था लेकिन आरआरडीए ने इसपर कुछ नहीं किया। इससे पहले आरआरडीए की ओर से बजरा मौजा के मकानों का चार स्वीकृत नक्शा को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने आरआरडीए को निर्देश दिया है कि एडवोकेट कमिश्नर के रिपोर्ट के आदर पर बजरा मौजा में बजरा नदी के निकट बने भवनों के बारे में सर्वे कर अगली सुनवाई 22 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।कोर्ट ने नदी में अतिक्रमण के शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी मामले में सरकार से पूछा कि क्या अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन शाहदेव को सुरक्षा मुहैया कराई गई है? इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि एक सुरक्षा कर्मी उन्हें उपलब्ध कराया गया है।

# झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का वार्षिक समारोह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का वार्षिक समारोह बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, रांची के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से फर्स्ट एड कार्उसिल ऑफ इंडिया (एफएसीआई) नई दिल्ली के सहयोग से चलाए जा रहे कोर्सेस के बारे में भी जानकारी दी गई। समारोह में उपस्थित एफएसीआई के अध्यक्ष डॉ शबाब आलम ने बताया कि जून 2023 में एफसीआई और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी की बीच एक





एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके मुताबिक दो कोर्स शुरू किए गए हैं। एक प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ में डिप्लोमा और दूसरा जन स्वास्थ्य रक्षक में डिप्लोमा कोर्स। उन्होंने बताया कि कोर्स का संचालन शुरू हो चुका है और इनमें एडमिशन ओपन हैं। उन्होंने बड़ी खुशबरी देते हुए बताया कि एससी-एसटी वर्ग के जो भी स्टूडेंट्स इन कोर्सेस में दाखिला लेंगें उन्हें राज्य सरकार की ओर से फुल स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई है। इस दौरान समारोह के चीफ गेस्ट प्रो. डॉ. बालागुरस्वामी, शैक्षणिक सलाहकार राज्यपाल और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. प्रो. टीएन साहू ने इन डिप्लोमा कोर्सेस में पढ़ाई जाने वाली दो पुस्तकों फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट डिप्लोमा कोर्स और जनस्वास्थ्य रक्षक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन भी किया। समारोह में डॉ. प्रो. घनश्याम सिंह रजिस्ट्रार झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी, डॉ. प्रो. अरुमुगम, वीसी, तमिलनाडु ओपन यूनिवर्सिटी, चेन्नई और विश्वविद्यालयों के ओएसडी डॉ. संजीव राय समेत शिक्षा जगत से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ईसीपीएल फैक्ट्री का किया गया घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को टाटीसिलवे स्थित ईसीएल फैक्ट्री में सुरक्षा प्रहरी के रुप में कार्यरत तमाड़ निवासी तारकेश्वर महतो का आकस्मिक मृत्यु के बाद स्थाई नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केन्द्रीय सक्रिय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में ईसीपीएल फैक्ट्री का घेराव किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि ईसीएल नाश्ता फैक्ट्री में कार्यरत तारकेश्वर महतो का ड्युटी के दौरान आकस्मिक मृत्यु का खबर परिजन के माध्यम से मिलते ही जेबीकेएसएस रांची टीम फैक्ट्री का घेराव किया। तथा परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे। फैक्ट्री अधिकारी और आंदोलनकारी के बीच लगभग पांच घंटा बहस करने के पश्चात् टाटीसिल्वे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली की उपस्थिति में आंदोलनकारी का मांग आश्रित परिवार के एक सदस्य को तत्काल स्थाई नौकरी तथा सात लाख रुपया मुआवजा का मांग पूरा होने का लिखित समझौता के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। आगामी 20 दिसंबर तक बकाया साढ़े छौ लाख रुपया देने का लिखित आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि जेबीकेएसएस का आन्दोलन का परिणाम है। जेबीकेएसएस सक्रिय सदस्य देवेंद्र नाथ महतो, फलींद्र करमाली, खतियानी सुमित, आदि थे।

# अधर में लटकी है कई रेल परियोजनाएं : सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में राज्य सरकार की सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण कई स्थानों पर रेलवे की परियोजनाओं पर कार्य नहीं हो पा रहा है। उपरोक्त आशय की जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज लोकसभा में दी। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह सवाल पूछा था कि रांची में रेलवे के द्वारा कितने स्थान पर अंडरपास या रेलवे ऊपरी पुलों का निर्माण किया जाना है। उनकी संख्या क्या है। संसद में उन स्थानों का भी ब्यौरा मांगा गया था, जहां राज्य सरकार सकारात्मक कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके अलावा सांसद ने पिछले 1 वर्ष के दौरान रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से प्राप्त हुए राजस्व की भी जानकारी मांगी थी। सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 6 ओवरब्रिज का निर्माण होना है। जिसमें तीन रोड ओवर ब्रिज हैं। इसके अलावा 12 अंडर पास का भी निर्माण होना है। इसके आयोजन, प्रकरण और निष्पादन की कार्रवाई अलग-अलग चरणों में चल रही है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि रांची में चुटिया पावर हाउस के पास नामकुम रांची स्टेशन के बीच रेलवे फाटक के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है परंतु राज्य सरकार के द्वारा इसे अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसके अलावे रांची पिस्का के पास नयासराय में रेल फाटक के समीप रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करना है। यहां पर रेलवे के द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य राज्य सरकार के द्वारा किया जाना है, जो अभी तक नहीं किया जा रहा है। वहीं रांची के ही मेकॉन कॉलोनी में एक अंडर ब्रिज का निर्माण रेलवे के द्वारा पूर्ण किया गया है। शेष कार्य राज्य सरकार के द्वारा किया जाना है। यह भी अभी तक पूर्ण नहीं किया जा सका है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को सदन में यह भी बताया कि मुरी जंक्शन के समीप 5.9 किलोमीटर लंबे सिलाई इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसका डीपीआर भी तैयार हो चुका है। सदन में सांसद को यह जानकारी दी गई कि पिछले 1 वर्ष के दौरान रांची रेलवे स्टेशन से रेलवे को 45 करोड़ 25 लाख 44543 और हटिया रेलवे स्टेशन से 30 करोड़ 64 लाख 29738 रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। यह राजस्व यात्री सेवा और माल ढुलाई सहित कई अन्य कार्यो से प्राप्त हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने संसद को यह भी बताया कि वर्तमान समय में रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से क्रमशः 104 और 52 रेलगाड़ी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023 में रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और रांची न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल है। नई रेलगाड़ियां की शुरुआत रेलवे की एक प्रक्रिया है, आवश्यकता अनुसार इसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में निकाला गया विरोध मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला स्कूल के पास से अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्या के विरोध में निकाला गया। सभी क्षत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह एक जघन्य ने अपराध है। ऐसे अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देनी चाहिए। ऐसे अपराधी गैंग के लीडरों को तुरंत फांसी पर लटकाना चाहिए जिनके जिंदा रहते हुए और लोगों की हत्या हो जाए। ऐसे अपराधियों पर कड़ी सी कड़ी सजा का व्यवधान लाना चाहिए, नियम लाना चाहिए जिससे इन्हें तुरंत फांसी की सजा हो। लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ऐसे अपराधियों पर त्वरित सुनवाई होते हुए इन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए। इस आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से- नन्द किशोर सिंह चंदेल,वीनू सिंह, प्रतुल सहदेव, इंदरजीत सिंह, संजीत सिंह, श्याम सिंह, शिवम सिंह, प्रणव सिंह, अभिषेक सिंह, विकास सिंह, विनय सिंह, अजीत सिंह, सुधीर सिंह, चंदन चौधरी, निभा सिंह, करनल बीके सिंह,नीरज सिंह, कुंदन सिंह, गुड्डू सिंह,हरि सिंह ,सैकड़ो की संख्या में क्षत्रिय सम्मिलित रहे।

# वाईबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वाईबीएन यूनिवर्सिटी रांची के तहत बुधवार को वाईबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 ÷अभिनंदन÷ का शुभारंभ किया गया। यह खेल प्रतियोगिता 4 दिनों तक होगा और इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल (लड़के), कबड्डी (लड़कियां/लड़के),गोला फेंक (लड़कियां/लड़के), डिस्कस थ्रो (लड़कियां/लड़के), शतरंज/कैरम (लड़के/लड़कियां), रस्साकशी (लड़कियां/लड़के), 100 मीटर दौड़ (लड़कियां/लड़के), क्रिकेट




(वाईबीएनयू कर्मचारी), क्रिकेट (लड़के) और म्यूजिकल चेयर (वाईबीएनयू पुरुष/महिला कर्मचारी) का आयोजन किया जायेगा। चार दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का समापन 9 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्प गुच्छ के साथ सम्मानित किया गया द्य वाईबीएन युनिवेर्सिटी वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन के मुख्य मुख्य अतिथि के तौर पर सैमी कुमार सिंह, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी 2017 विश्व खेल, साक्षी सिंह, वरिष्ठ राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी थे । आज इनडोर गेम्स शतरंज/कैरम से वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता से पूर्व बोलते हुए वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव ने कहा कि इन खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ती है। वही मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वही मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, युनिवर्सिटी स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य रजनीश कुमार महतो, मिस प्रेमी, और शिक्षक एवं छात्र-छात्राए मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य 24000 करोड़ रखा गया है : रामेश्वर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग द्वारा बीएनआर सभागार में संवाद 2023 कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया। मौके पर वाणिज्यकर विभाग के अधिकारी, चैम्बर के प्रतिनिधि एवं कई व्यवसायिक संगठन के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में टैक्स कलेक्शन कैसे बढ़े और जो समस्या है उसका समाधान कैसे हो, इस पर विस्तार से



चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि 2 लाख टैक्स पेयर है पर टैक्स कैश में नहीं जमा होता है यह चिंता का विषय है। सारी बातों को सुनने के बाद वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पिछले साल टैक्स कलेक्शन का आंकड़ा और सालों से काफी अच्छा रहा था। जो राज्य का 70फीसदी रिवेन्यू है। टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य 24000 करोड़ रखा गया है। विभाग ने लक्ष्य का अभी तक 14000 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि चैंबर के लोगों और विभिन्न टैक्स दाताओं के साथ सीधी वार्ता हुई है और हमने उनकी समस्याओं को जाना है। कई सुझाव भी मिले हैं. जमशेदपुर तथा धनबाद जैसे शहरों में भी इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए।

## सारयाद गांव की महिला से दुष्कर्म, ग्रामीणों ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत सारयाद गांव की रहने वाली विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को एक व्यक्ति के द्वारा अंजाम दिया गया है। जिसको लेकर अड़की थाना में पीड़िता द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो को विगत 30 नवंबर को बाड़ीनिजकेल पंचायत में झारखंड सरकार की बहुचर्चित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई थी जिसमें गांव की अन्य महिला पुरुषों के साथ अबुआ आवास का फॉर्म भरने के पीड़िता शिविर आई थी। बाड़ीनिजकेल के शिविर से वापस पांच बजे अपने गांव के एक महिला से घर सारेयाद के लिए पैदल अपने घर वापस लौट रही थी इसी दौरान रास्ते में सेल्दा गांव में हंडिया पीने के लिए महिला रुकी जहां पहले से ही सुलेमान टूटी एक अन्य युवक के साथ हंडिया पी रहा था। चारों लोग पीने के बाद अपने गांव की ओर चले। आगे आगे पीड़िता एवं सुलेमान टूटी एवं उसके पीछे पीड़िता के साथ आने वाली महिला एवं एक अन्य युवक। उस समय रात्रि के आठ बज रहे थे। साथ-साथ चलते पीड़िता महिला एवं सुलेमान टूटी काफी आगे निकल गए दो अन्य लोग पीछे रह गए। चलते- चलते सुलेमान टूटी ने कहा कि अंधेरा काफी होने के कारण रास्ता दिखाई नहीं पड़ रहा है थोड़ा बैठकर पीछे से आ रहे लोगों का इंतजार कर साथ चलेंगे।इसी बीच सुलेमान टूटी ने पीड़िता को धक्का देकर गिरा दिया और मुंह दबाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और बाद में पीड़िता को किसी को इस घटना के संबंध में नहीं बताने की धमकी दी और कहा की अगर घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी तो पूरे परिवार को जान से मार देगा। पीड़िता को घर पहुंचाने के बाद वहां से फरार हो गया। बताया जाता है कि दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। इधर मामले पर अड़की थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा ने बताया कि घटना संबंध में पीड़िता द्वारा एफआईआर दर्ज किया गया है पुलिस घटना की जांच में जुटी है बहुत जल्द दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 13 दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी पोशाक आभूषण उद्यमी परीक्षण का शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवासीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी पोशाक आभूषण उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि श्री सुब्रतो नायक, मैनेजर केनरा बैंक सिल्की के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिले रांची , ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 23 महिलाओं ने भाग ली। मुख्य अतिथि ने संदेश दिया की आज के आधुनिक युग मे शादी विवाह, पार्टी फंक्शन के मौके पर आर्टिफिशियल ज्वेलरी पोशाक आभूषण का बाजार में ज्यादा डिमांड है, इस में रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दुसरो को भी रोजगार दे सकते है। आप मालिक बनना सीखिए । वित्तीय सहायता के लिए हमारा केनरा बैंक सिल्ली आप के साथ हमेशा खडा है । साधन आप के पास नही है तो बैंक से लोन लेकर भी स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किया । मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल , जगदीश चंद्र महतो , दशरथ कुमार महतो,महेश रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## ज्योति स्कीम के तहत सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए हुए विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):**केनरा बैंक सिल्ली शाखा के द्वारा सी एस आर , एक्टिविटी के अन्तर्गत, केनरा ज्योति स्कीम के तहत बुधवार को राजकीय उत्कर्मित उच्च विद्यालय बनवाडीह में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 10 के एसी एसटी लड़कियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए हुए विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की । मौके पर श्री सुब्रतो नायक, केनरा बैंक शाखा प्रबंधक सिल्ली रुडसेट संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार, विद्यालय के शिक्षक श्री गौरीशंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## धान लदा पिकअप वैन ने रेलवे गेट को तोड़ा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हारुबेड़ा स्टेशन के समीप रेलवे फाटक गेट को मंगलवार की शाम एक धान से लदा पिकअप वैन पार करते समय तोड़ दिया। रेलवे गेट मे, ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने मुरी आरपीएफ को सुचना दिया। मुरी आरपीएफ टीम मौके पर पहुँच कर वैन को जब्त कर मुरी आरपीएफ पोस्ट लाया साथ ही रेलवे कांड संख्या 1867/23 अंडर सेक्शन 160/2 रेलवे अधिनियम के तहत रेल न्यायालय भेज दिया गया।

## पति ने पीट-पीट कर की पत्नी की हत्या

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कूच्च कटहर टोली गांव निवासी आशाराम उर्फ ढुरू बेदिया पिता स्व बुधू बेदिया ने नशे के हालत मे अपनी पत्नी सम्पति देवी उम्र 37 वर्ष की डंडा व लोहे के पाईप (फुकरेन ) से मार कर मंगलवार की रात को हत्या कर दी। मिली जनकारी के अनुसार आशाराम बेदिया पत्नी की हत्या करने के बाद घर के बगल खेत मे छुप गया था। सुबह ग्रामीणों को उनके बच्चों से मां की मरने सूचना मिली। उसके बाद वार्ड सदस्य के द्वारा मृतका के भाई बेहरा टोली बीसा निवासी विशेश्वर बेदिया को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मृतका के भाई विशेश्वर बेदिया कूच्चू कटहर टोली पहूँच कर घटना की जानकारी सिकिदीरी पुलिस को दी। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि एवं एस आई अरूण कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही आरोपी पति को घर के बगल से गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या मे प्रयोग की गई डंडे व लोहे की पाईप( फुकरेन) को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। मृतका के भाई विशेश्वर बेदिया ने अपनी दीदी सम्पति देवी के हत्या के आरोप में अपने जीजा आशाराम बेदिया विरूद्ध सिकिदीरी थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। सिकिदिरी पुलिस पूरी मामले की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गुरुवार को जेल भेजा जायेगा।

## सोनम कपूर ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईटीसी विवेल ने भारत में अपने एलोवेरा साबुन के लिए सोनम कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कपूर, जो अपनी युवा ऊर्जा और युवा उपस्थिति के लिए जानी जाती हैं, नवीनतम टीवीसी में अभिनय करेंगी, जो उपभोक्ताओं को मुलायम और अच्छी तरह से पोषित त्वचा प्रदान करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। ब्रांड डेविड द्वारा डिज़ाइन किया गया यह अभियान एक ताज़ा पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो उत्पाद के मुख्य घटक, भरपूर एलो वेरा पर प्रकाश डालता है। फिल्म साबुन के सौम्य और पोषण गुणों पर प्रकाश डालती है, जो इसे सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए उपयुक्त बनाती है। आईटीसी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी, समीर सत्पथी ने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कपूर की भूमिका के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वह ब्रांड में एक नई ताजगी और ऊर्जा लाती हैं और त्वचा को पोषित करने और पोषित करने के लोकाचार को पूरा करती हैं। कपूर ने विवेल का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, उनका मानना था कि किसी की त्वचा की देखभाल करने से अधिक आरामदायक और चमकदार त्वचा मिल सकती है।

## बरही में चक्रवाती तूफान मिचौंग का दिखा असर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड क्षेत्र आज सुबह से चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर देखा गया। दिन भर काले बादल छाए रहे।बीते सांध्य से 24 घंटों से रिम झिम बारिश से लोग परेशान रहे।बुधवार दिनभर धुप नहीं निकला। जिससे लोगों को अधिक ठंडा का सामना करना पड़ा। तापमान में गिरावट हुई। लोग घर में रखे गर्म कपड़े और आग का तपन का सहारा लेते हुए दिखे। चक्रवाती तूफान मिचौंग बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से से उठा है। मौसम विभाग के अनुसार मिचौंग का असर बरही सहित झारखंड में 7 दिसंबर तक इसका असर देखने को मिल सकता है। बारिश होने से किसानों में खुशी और चिंतित भी हुए। रिम झीम बारिश से रबी फसल के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। आलू, सरसों, गेंहू, दलहन, इत्यादि सब्जी लगायें हैं जिसे नुकसान होने की प्रबल संभावना हो सकती है। इसके साथ धान आलू को भी क्षति हो सकती है।

# चान्हो प्रखंड के विभिन्न पंचायत में योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड के विभिन्न पंचायत मे योजनाओं का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। रघुनाथपुर पंचायत के ग्राम गणेशपुर में सोमेश्वर टाना भगत के घर से मसना मैदान तक PPC पथ निर्माण (लगभग 1500 फीट).

पंडरी पंचायत के ग्राम होन्हे पाकर टोली में काबुर मासना से लेकर पाकर टोली होते हुए होन्हे तालाब तक PPC पथ। पतरातू पंचायत के ग्राम पतरातु में राजेश महतो के घर से संतोष महतो के घर होते हुए तेतर टोली तक PPC पथ निर्माण। पतरातू पंचायत के ग्राम पतरातू मे उप स्वस्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य इस योजना निर्माण कार्य के पूर्ण होने के पश्चात ग्रामीणों को जो दिक्क़ते निर्माण होने से पूर्व आती थी वो दिक्क़तो का सामना नही करना पड़ेगा।। साथ ही पतरातू पंचायत मे उप स्वास्थ्य केंद्र की कमी से गांव के पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए गांव से काफी दूर जाना पड़ता था अब गांव मे नया उप स्वास्थ्य केंद्र के खुल जाने के पश्चात ग्रामीणों को गांव से दूर जाना नही पड़ेगा विधायक सभी जगह कार्यक्रम मे उपस्थित तमाम लोगो को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार की सरकारी योजना के बारे विस्तार से बतलाया, और योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने को कहा मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईशितयाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, इरशाद खान, शशि साहू, अजित सिंह, प्रमोद लाल, जीवन खलखो, मुखिया शिव उरांव, महादेव भगत एवं अन्य उपस्थित रहे।।

## आजसू की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के हजाम बस्ती स्थित पारसनाथ पब्लिक स्कूल में राजू उरांव के अध्यक्षता में आजसू पार्टी की बैठक की गई । मुख्य अतिथि के रूप में राँची जिला आजसू पार्टी वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हुड़वा पंचायत के अनतर्गत आने वाले प्रत्येक गाँव में एक महिला एक पुरूष प्रभारी नियुक्त करना है ।सभी ग्राम प्रभारी अपने अपने गाँव में दस परिवार पर एक चूल्हा प्रमुख बनाना होगा तभी हम संगठन को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। वहीं वीणा कुमारी ने अपने व्यक्तव्य में पार्टी संगठन के बारे मे जानकारी दीं। वहीं हुड़वा पंचायत महिला प्रभारी लक्ष्मी देवी जी को बनायीं गयी, साथ हीं टुंडीगढा ग्राम प्रभारी विनीत कच्छप को बनाया गया, हजाम बस्ती महिला प्रभारी शालू कुमारी मुख्य रूप से हजाम ग्राम प्रभारी विनोद गाड़ी,जितेन्द्र सिंह,रतनलाल होण्डा,अनिता देवी,विवेक कुमार गोप,रीना देवी,मधुर मुण्डा,विकास गाड़ी,सुधीर लिण्डा, क्रांति देवी,सविता गाड़ी,रूदु लोहरा अर्विन्द गोप इत्यादि के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के बरगावां पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक खिजरी श्री राजेश कच्छप उपस्थित हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके गांव में मिले इसलिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है तथा ग्रामीणो का प्रखंड एवं अंचल से संबंधित सभी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है ।

इस कार्यक्रम में लगभग 2300 आवेदन प्राप्त हुए ।प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार द्वारा प्रखंड द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी कैंप में आए सभी ग्रामीणों को दी तथा इसका लाभ लेने की अपील की ।उन्होंने वैसे सभी कच्चे आवास के लाभुको को अबुआ आवास का फॉर्म भरकर जमा करने को कहा ताकि उन्हें अबुआ आवास का लाभ दिलाया जा सके ।शिविर में करीब 362 अबुआ आवास के आवेदन प्राप्त हुए ।मनरेगा के तहत नए कार्य हेतु आवेदन 32 आयुष्मान कार्ड 70 जन्म प्रमाण पत्र 6 कंबल वितरण 208 जाति प्रमाण पत्र 59 ऑनलाइन भू अभिलेख में सुधार 5 राशन कार्ड में संशोधन 43 दिव्यांग प्रमाण पत्र 2 ,धोती साड़ी लूंगी 414, आय प्रमाण पत्र 28 बिजली संबंधी समस्या 5 किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित 9 मुख्यमंत्री पशुधन योजना 9 संपत्ति एवं भूमि म्यूटेशन 15 सर्वजन पेंशन योजना 18 सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 26 श्रमदान पोर्टल एवं पंजीकरण 8 एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए ।

## सैनिक कैंटीन का उद्घाटन पूर्व सांसद ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** चतरा पंचायत के साकेत नगर जैप टू टाटीसिल्वे मे सैनिक केंटीन का विधिवत उद्घाटन माननीय पूर्व सांसद राम टहल चौधरी एवम सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद सिंह के द्वारा फीता काटकर एवम नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर आगत अतिथियों का स्वागत केंटीन के मालिक पंकज कुमार एवम रुबि सिंह बुके व शॉल देकर किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान किस्टो कुजूर, उमकांत राय,राजेश मिश्रा,रामेश्वर सिंह यादव, वासुदेव महतो,रामबलि सिंह, छोटेलाल यादव,पुष्प नाथ महतो,बैज नाथ महतो इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। केंटीन मे ग्राहको के लिए प्रत्येक समान पर 5 - 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट की सुविधा दी गई हैं।

## गांगो में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम आयोजित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के जारगो पंचायत के गांगो स्कूल परिसर में बुधवार को झारखंड सरकार के बहुचर्चित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें में अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि ॠषिकेश महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति, अंचल अधिकारी अतुल रंजन भगत,जिला परिषद सदस्य भवानी मुंडा,उप प्रमुख शकुंतला खंडित, मुखिया रंभा देवी,पंचायत समिति सदस्य प्रकाश सिंह मुंडा, रामकृष्ण महतो, सीडीपीओ तमाड,उप मुखिया हीरलाल,महतो, ग्राम प्रधान गंगाधर सिंह मुंडा, सायदा उरांव, लखन सिंह मुंडा, रवी पातर, कृष्ण मुंडा, समीर कुमार, निर्मल कुमार, बिसम सिंह मुंडा शामिल हुए । मौके पर दर्जनों विभागों के स्टॉल लगाए गए और बारी बारी से सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई । लोगों को बताया गया की राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम पर ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे और इसका लाभ उठाए ।

## 28 दिसंबर को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी करेगी अड़की प्रखंड परिसर का घेराव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सोसोकुटी गांव में बुधवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के तत्वावधान में एकदिवसीय जेनरल बॉडी (जीबी) की बैठक पार्टी के तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा की देख-रेख में रखी गई जिसमें अड़की प्रखंड के सूदूरवर्ती चालीस गांवों से पार्टी के अस्सिटेंट ग्रुप (एजी),कंटडिडेट मेंबर (सीएम),फुल पार्टी मेंबर (पीएम) के वैसे सैकड़ों लोग (महिला पुरुष) शामिल हुए जिनके ऊपर पार्टी को गांव गांव में टोले मुहल्लों विस्तार करते हुए सांगठनिक ढांचे को सृदृढ़ करने और पार्टी की गतिविधियों विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है।इस जीबी बैठक के पुर्व उपस्थित माकपा के तमाम कामरेडों के द्वारा अपने शहीदों को याद करते हुए लाल झंडे तले सलामी दी गई।मौके पर सभी कामरेडों में पुर्व निर्धारित आगामी 28 दिसंबर को अड़की प्रखंड घेराव प्रदर्शन की तैयारी और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए रणनीति बनाई गई।

# झारखंड सरकार टर्नल में फंसे मजदूरों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि मुहैया कराये : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** झारखंड पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का अपने कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी टर्नल में फंसे कर्रा प्रखंड के तीन मजदूर के घर लौटने पर मिलने के लिए गांव पहुंचे. जहां उन्होंने बारी-बारी से डुमारी गांव के मजदूर चमरा उरांव, गुमडू गांव के मजदूर विजय होरो व मदुगामा गांव मजदूर गणपाईत होरो के घर पहुंच मजदूर एवं मजदूरों के परिवारों हाल-चाल लिया. उन्होने टर्नल? में फंसे मजदूरों से टर्नल के अन्दर बिताये 17 दिन की घटना, उत्तराखंड सरकार, केन्द्र सरकार, झारखंड सरकार व टर्नल कार्य से जुड़ी कंपनी के बारे जानकारी लिया साथ ही मजदूरों शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए आर्थिक सहायता दिया गया. जिसके बाद मजदूरों से बहार जाकर मजदूरी नहीं करने कि बात कही गयी. गांव में ही मजदूरी व रोजगार करने की बात गयी मजदूरी नहीं मिलने पर उन्होनें गांव में काम देने का मजदूरों को आश्वासन दिया. और पत्रकारों बात करते हुए झापा केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहां कि झारखंड सरकार मजदूरों के लिए टर्नल में फंसे मजदूरों मुवावजा के रूप में दिये जाने वाली सहयोग राशि का घोषणा करके चुप्पी साधी हुयी है जबकि उत्तराखंड की सरकार मजदूरों सहयोग राशि दे चुकी है. झारखंड सरकार अपने आप को आदिवासिओं कि सरकार बताकर ढ़कौसला कर रही है झारखंड से बड़े पैमाने पर मजदूरी के लिए मजदूर दूसरे प्रदेश पर पलायन कर रहे हैं लेकिन झारखंड सरकार मजदूरों के लिए कोई उचित पहल नहीं कर रही है जिससे झारखंड के मजदूरों का पलायन को रोका जाए और मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिलें. मैं झारखंड सरकार से अपील करते हुए कहना चाहता हूं कि टर्नल में फंसे मजदूरों को घोषणा कि गयी मुवावजा राशि जल्द से जल्द मुहैया कराये. इस मौके पर सिमडेगा जिला से आये ओलिपर लकड़ा, अभय विश्वकर्मा, जिप अध्यक्ष सिमडेगा रोप प्रतिमा सोरेन, सेंटर ठाकुर, रिंकू अग्रवाल, लिमड़ा मुखिया सोमारी लकड़ा, धर्मेंद्र मांझी, मनसूर आलम, निकोदिम हेमरोम के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## सिस्टा पिपरवार द्वारा बचरा में मनाई गई संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाकों में बुधवार को भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ. भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथी परिनिर्वाण दिवस के रूप मे मनायी गई।इस मौके पर कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा बचरा चार नंबर स्थित आंबेडकर चौक में एक सादे समारोह आयोजित कर बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर राम और संचालन उमेश मेहता ने किया।कार्यक्रम मे बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया,साथ ही एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।मौके पर मौजूद वक्ताओ ने कहा कि 6 दिसंबर 1956 को बाबा साहब का निधन हुआ था।उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था।बाबा साहब का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था।उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित वर्ग को समाज में समानता दिलाने के लिए संघर्ष में लगा दिया।उनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है।उनका स्पष्ट कहना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली है। बाबा साहब को जानने की जरूरत नहीं पढ़ने की जरूरत है।बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार है,जिन्होंने समाज को हमेशा राह दिखाया है।वर्तमान मे उसके बताये मार्ग पर चलना है तभी हम स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकते है।इस मौके पर कामेश्वर राम, बाबूलाल राम,मुंशी राम,उमेश कुमार मेहता,कृष्णा बैठा, संतोष राम,अजेश मुंडा, रामजीत राम,कौशल प्रसाद, लखेश्वर लाल,आईडी मेहता, हरिलाल महतो,जनार्दन गिरी, अजय कुमार,गणेश राम, टिकेश्वर ठाकुर,हिमांशु चाटर, संजय साह,रविंद्र महतो, ओमकांत सिंह,कमलेश कुमार,मोहम्मद मुमताज, जेम्स उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार कोयलांचल में दिख रहा चक्रवात मिचौंग का असर



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास का पुरा ग्रामीण इलाका पिछले 48 घंटो से बादलो और ठंडी हवाओ की चपेट मे है।चक्रवात मिचौंग का असर कोयलांचल क्षेत्र मे देखी जा रही है।पिछ्ले 36 घटों से पुरे इलाके मे मूसलाधार बारिश हो रही है,जिसके कारण कोयलांचल क्षेत्र का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।हल्की बारिश और ठंडी हवाओ से ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है।क्षेत्र के लोग इसे चक्रवर्ती तुफान मिचौंग का असर बता रहे हैं।जानकारी के अनुसार पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के इलाकों में मंगलवार की सुबह से ही बूंदाबांदी हो रही है।जिस वजह से ठिठुरन बढ़ गयी है।हवा भी चल रही है।ठंडी हवा और बारिश के कारण एक तरफ जहां मौसम सुहाना हो गया है।वहीं ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग अपने घरों में दुबक गए हैं।मंगलवार को रात भर और बुधवार को दिनभर मूसलाधार बारिश जारी रही।खराब मौसम के बीच कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारों की रौनक गायब दिखी।बाजारो मे दिन भर सन्नाटा पसरा रहा।खराब मौसम के कारण स्कूली बच्चों के अलावे दैनिक मजदूरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर बारिश के कारण क्षेत्र के सड़कों की सूरत बिगड़ गई है।सड़कों पर जल जमाव और कीचड़ों का अंबार देखा जा रहा है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

# बेड़ो प्रखंड के तीन पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के चचकपी, दिघिया और बेड़ो पंचायत में बुधवार को हमारा संकल्प विकसीत भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाट्न पंचायत सचिवालय बेड़ो में अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, सांसद प्रतिनिधि धनंनजय कुमार राय, पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, उपमुखिया संतोष उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सीओ प्रताप मिंज ने ÷हमारा संकल्प विकसित भारत÷ कार्यक्रम के बारे में ग्रामिणों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश के प्रति सच्चे तनमन धन से अच्छी सोच की वजह से हम सब आज यहां उपस्थित हुए हैं। नरेन्द्र मोदी का सोच है कि देश सभी नागरिकों को मोदी गारंटी से लाभानवित कर सकुं। यह कार्यक्रम बेड़ो प्रखंड के सभी पंचायतों में बारी बारी से क्रियानवित किया जायेगा। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि मोदी जी का उद्देश्य है कि जमीन स्तर से लेकर उपर तक कोई भी परिवार पुरे भारतवर्ष में वंचित ना रहे। इस कार्यक्रम में एक चीज बहुत बेहतरीन दिखा वो है कि हमारे देश में गरीब, युवा, किसान और महिला चार जाति के लोग हैं। इन चार जाति के उत्थान के लिए केन्द्र के मोदी सरकार हमेशा प्रयत्नशील है। तत्पश्चात बड़ा एलसीडी टीवी से प्रधानमंत्री का हमारा संकल्प विकसित भारत÷ कार्यक्रम का विडीयो दिखाया गया। विडीयो समापन के बाद कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामिणों से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों से प्रतिक्रिया लिया गया। योजना के लाभुकों द्वारा प्रधानमंत्री का खुब प्रशंसा और जय-जयकार किया गया। इसके बाद अंचलाधिकारी द्वारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सही जवाब देने वाले प्रतिभागी को पुरूष्कृत किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टुसु परब को लेकर आदिवासी कुड़मि समाज ने की बैठक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी कुड़मि समाज हुड़लुंग गांव महिला समिति की एक बैठक महिला गांव संयोजक नंदिनी महतो की अध्यक्षता में हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी टुसु परब की तैयारी को लेकर विशेष रूप से परिचर्चा की गई। इस विषय में बड़े स्तर पर तैयारी को लेकर 07 दिसंबर को निताइ महतो के अँगना में आगामी बैठक किया जायेगा। बैठक का संचालन पद्मावती महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आकुस जिला पूर्वी सिंहभूम सह संयोजक प्रकाश महतो, जिला सदस्य नमिता महतो, उदित महतो, दिवाकर महतो, मकरु महतो, जुगल सिंह मुण्डा, ममता बाला महतो एवं काफी संख्या में महिला उपस्थित थे।

## आरवीएस एकेडमी के छात्रों ने आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज का किया दौरा




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरवीएस एकेडमी, डिमना के 12वी के छात्र-छात्राओं ने आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया। कॉलेज के प्रोफेसर सुशांत मोहन्ती ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह दौरा आप सभी को अपने करियर के चुनाव में काफी मददगार साबित होगा। इस कॉलेज में आपने इंजीनियरिंग, बी.बी.ए, बी.सी ए, एमसीए एवं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग आदि के बारे में जानकारी हासिल की। कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने बच्चों को कहा कि आपके खुद के शहर में जब ऐसी आधुनिक इंस्ट्रूमेंट्स एवं सुविधाओं से सुसज्जित कॉलेज उपलब्ध हो तो दूसरे शहर या दूसरे राज्य में पढाई करने क्यूं जाएं।

## परम परवरिश संस्था ने राहेडडीह गांव में किया श्राद्धकर्म में मदद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के पश्चिम बंगाल सीमावर्ती बनकुंचिया पंचायत अंतर्गत राहेडडीह गांव बुधवार को मौसम खराब रहने के बावजूद पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो की पहल पर परम परवरिश संस्था ने एक गरीब परिवार को श्राद्धकर्म हेतु सूखा राशन देकर मदद की। इस संबंध में जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने बताया कि स्थानीय लोगों से जानकारी मिली थी कि राहेडडीह के रहने वाली चिनु वाला कर्मकार की निधन हुई है। उन्होंने मामलें की जानकारी परम परवरिश संस्था को देते हुए मदद करने के लिए आग्रह किया। इसके बाद संस्था पदाधिकारी सौरभ सिंह, नीरज बोस व मनोज कुमार गांव पहुंचकर मृतक के पुत्रों अंकुर व महाबीर कर्मकार से मिलकर सूखा राशन देकर श्राद्धकर्म हेतु मदद किया। दूसरी ओर कुमीर गांव के बाधा कुल्ही में विद्युत महतो को घर में ढंकने के लिए एक तिरपाल देकर मदद किया।



## बाबा साहेब के प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि काल्टु चक्रवर्ती के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मऊभंडार आंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर पर घाटशिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सत्यजीत सीट, मंडल अध्यक्ष कन्हैया शर्मा, बादल गिरी, मोइनुद्दीन, शेख आज़ाद, अजय दे, प्रमोद सिंह, भुजंगा भूषण मन्ना, राजा दत्ता, दीपक शर्मा, निरंजन नमाता, मनोहर करवा, कारण व्यास, सुखदेव सिंह, एजाज, समीर खान, प्रताप सिंह, विश्वनाथ मन्ना, उदय शर्मा, सुरोजीत मोहूरी, विश्वनाथ प्रताप समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



## गोपालपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मनरेगा के 314 व अबुआ आवास को 192 आवेदन

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला प्रखंड के गोपालपुर पंचायत द्वारा सर्कस मैदान में आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार शिविर बुधवार को आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ घाटशिला प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा, गोपालपुर मुखिया शांखी हांसदा समेत अन्य अतिथियों ने संकुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन हेतु 15, स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान कार्ड - 25, आभा कार्ड - 30, विकलांग प्रमाण पत्र हेतु - 02, खाद्य आपूर्ति विभाग में -06, सहकारिता विभाग -03,बाल विकास परियोजना -14, राजस्व विभाग - 50, कृषि विभाग - 03, मनरेगा से 314, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग -01, आधार पंजीकरण केंद्र -30, बिजली विभाग -02, आबुआ आवास में -192 प्राप्त हुए। जेएसएलपीएस की ओर से सीसीएल लोन के तहत 1 स्वयं सहायता समूह को 6 लाख रुपए, सीआईएफ लोन के तहत 22 स्वयं सहायता समूहों को 11 लाख रुपए दिए गए।शिविर में मुख्य रूप से घाटशिला प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडु, घाटशिला विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत, जिला 20सुत्री सदस्य काल्टु चक्रवर्ती, पंचायत समिति सदस्य पियु सिन्हा, आदि थे ।

# जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी का मुकाबला चेन्नईयिन एफसी से आज

### होम ग्राउंड पर तीन अंक लेने को उतरेगी जेएफसी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को जमशेदपुर एफसी चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए तैयार है। जेएफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने मुकाबले से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा कि फुटबॉल में हमेशा दबाव रहता है. ऐसी स्थिति में रहना आपके लिए हमेशा सौभाग्य की बात है. एक कोच या खिलाड़ी के रूप में एकमात्र सवाल यह है कि क्यों? ऐसा इसलिए है क्योंकि आप एक स्टेडियम में होंगे जहां हजारों प्रशंसक और लाखों लोग टेलीविजन पर खेल देख रहे होंगे. लगातार 4 हार की बात से इनकार नहीं किया जा सकता. यह परेशान करने वाला है. हमने कई चीजें अच्छी कीं और कुछ चीजें खराब। प्रतिद्वंद्वी और ओवेन कोयल के बारे में कहा कि एक खिलाड़ी और कोच के रूप में ओवेन की पृष्ठभूमि बड़ी है, इसलिए आपको उनका सम्मान करना होगा. लेकिन साथ ही, जो कोई फुटबॉल जानता है, आप उसकी टीम को देखें, आप देख सकते हैं कि वे कड़ी मेहनत करते हैं, वे संगठित हैं. हमारी तरह उनमें भी उतार-चढ़ाव आए हैं, वे अभी भी टीम का विकास कर रहे हैं. उन्होंने जमशेदपुर के साथ जो किया वह कई कोच नहीं कर सके. मैं उस व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता लेकिन मैंने उसकी टीमों को खेलते देखा है और मैंने जो देखा वह मुझे पसंद आया। मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक हम पर भरोसा कर सकते हैं. हम जिस तरह से फुटबॉल खेलते हैं उस पर उन्हें गर्व हो सकता है. आधुनिक फुटबॉल में खेलने का यही तरीका है. घर पर एक गेम के अलावा, अन्य तीन गेम, पंजाब, हैदराबाद और ओडिशा में, हमने यहां घरेलू मैदान पर प्रत्येक के खिलाफ एक गोल खाया. मुझे लगता है कि मोहन बागान में हमने दस खिलाड़ियों के साथ तीन गोल खाए और दो गोल किए. मैं अपने प्रशंसकों की सराहना करता हूं लेकिन उन्हें यह भी पता होना चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं जो हमारे फुटबॉल खेलने के तरीके को डिफेंड कर रहे हैं।

## प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 का सांगठनिक चुनाव 10 दिसंबर को

### 16 उम्मीदवारों का फैसला करेंगे 117 मतदाता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 के सांगठनिक चुनाव (2023-2026) के लिए 16 उम्मीदवार मैदान में हैं और इनकी किस्मत का फैसला 10 दिसंबर को 117 मतदाता करेंगे।10 दिसंबर को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भवन सभागार में मतदान होगा। उम्मीदवार को निर्देश दिया गया है कि वह व्हाट्सएप ग्रुप में 9 दिसंबर शनिवार की शाम तक अपना प्रचार कर सकते हैं। मतपेटी साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी उपलब्ध करवा रही है।चुनाव संचालन समिति के श्रीनिवास पूर्व अध्यक्ष, गुलाब प्रसाद सिंह पूर्व महासचिव, वीरेंद्र ओझा पूर्व उपाध्यक्ष, रघुवंशमणि सिंह एवम कुलविंदर सिंह पूर्व चुनाव पर्यवेक्षक, कौशल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि बुधवार को नाम वापसी का दिन था और कमेटी इंतजार करती रही। किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया और इस तरह से 16 उम्मीदवार मैदान में बचे हुए हैं। चुनाव संचालन समिति ने एसोसिएट सदस्यों से आग्रह किया है कि यदि वे चुनाव और मतों की गिनती प्रक्रिया में सहयोग देना चाहते हैं तो स्वेच्छा से अपना नाम उपलब्ध करवा दें।

## जुगसलाई में दो दिवसीय मंगसीर नवमी महोत्सव धूमधाम से आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुगसलाई में दो दिवसीय राणी सती दादी का मंगसीर नवमी महोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ बुधवार को संपन्न हुआ। 24वां महोत्सव के दूसरे दिन जुगसलाई डी कोस्टा रोड़ स्थित रंगलाल मैरिज हाऊस में राणी सती दादी जी के सामूहिक मंगल पाठ में 801 महिलाएं चुदड़ी ओढ़े राजस्थानी परिधान में शामिल हुई। सभी महिलाओं के बीच सुहाग सामग्री का वितरण किया गया। दादी जी को 56 प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया गया। देर रात महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। सुधा-अनिल कुमार अग्रवाल (समिति अध्यक्ष) ने पूजा की और समिति के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना से मंगलपाठ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आमंत्रित कलाकार भागलपुर से आई रिया शर्मा द्वारा सामूहिक मंगल पाठ वाचक किया गया। दादी जी के मानस चरित मंगल पाठ के प्रांगानुसार जन्म उत्सव, मेंहदी उत्सव, गजरा उत्सव, चुनरी उत्सव, सिंधारा उत्सव मनाया गया। मंगल पाठ के दौरान भजनों की शानदार प्रस्तुति भी रिया द्वारा दी गयी।

## संविधान निर्माता की पुण्यतिथि पर घाटशिला एसडीओ समेत कई प्रमुख लोगों ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर एचसीएल आईसीसी प्रबंधन, प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत विभिन्न संगठनों ने बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित किया। घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक, एचसीएल/ आईसीसी के यूनिट हेड श्याम सुंदर सेठी, समाजसेवी कालीराम शर्मा समेत एचसीएल/ आईसीसी के अधिकारियों ने मऊभंडार स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उप महाप्रबंधक श्रवण कुमार झा, डीजीएम माइंस दीपक कुमार श्रीवास्तव, बबलू कुमार माझी, जज्नेश प्रसाद मिश्रा, अश्विनी कुमार, संपत संगी, चीज मैनेजर माइंस डी जे शोम, एम जे खान, एजीएम इलेक्ट्रिकल बब्बन तिवारी, एजीएम सिविल अनिल गुप्ता, प्रशांत कुमार, आईसीसी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बी एन सिंहदेव, महासचिव ओम प्रकाश सिंह, एन के राय समेत काफी संख्या में एचसीएल/आईसीसी के अधिकारी मौजूद थे।

## एनएसई इमर्ज पर एसएमई कंपनियों का पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये के पार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78 प्रतिशत का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

## आजाद समाज पार्टी ने डॉ. अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि, बाबरी मस्जिद को भी किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी पूर्वी ज़िला ने बाबा साहब अम्बेडकर को उनके 57वे महापरिनिर्वाण दिवस पर पार्टी जमशेदपुर कार्यालय में याद किया, इस अवसर पर आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा उपास्थि थे। उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित कर बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर को याद किया। बाबा साहब केवल दलितों के नही बल्कि समस्त देश वासियों के बारे में सोचते थे, उन्ही के कारण आज देश के अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े और आदिवासी सुरक्षित है। प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बाबरी मस्जिद की शहादत को याद करते हुए बताया कि आज ही दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा बाबरी मस्जिद को ढा दिया गया था, जिससे देश के अमन, भाईचारे और शांति को झकझोर कर रख दिया था, इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट मौन रख बाबरी मस्जिद को भी याद किया। आज के कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष तारिणी सेन मांझी, प्रदेश महासचिव आकाश मुखी, प्रदेश संगठन संचिव नईम खान, सरायकेला खरसावां ज़िला प्रभारी इम्तेयजुद्दीन, पूर्वी सिंहभूम महासचिव सनी सामड, ज़िला उपाद्यक्ष मुहम्मद शमीम, ज़िला युवा अध्यक्ष मज़हर खान, कोषाध्यक्ष दिलशाद अख्तर, युवा कोषाध्यक्ष मुहम्मद वसीम, मौलाना अल्लाउद्दीन और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



## गोलमुंडा फाटक के पास अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** सोनुआ-चक्रधरपुर मार्ग में गोलमुंडा रेल फाटक के पास छापेमारी कर खनन विभाग के अधिकारियों ने तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। इनमें अवैध बालू लदा था। दो ट्रैक्टर चालक भी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं एक ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। बालू गुदड़ी के कारो नदी से अवैध खनन कर लाया जा रहा था। माइनिंग डिपार्टमेंट की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि रात होते ही गुदड़ी और गोइलकेरा के नदी घाटों से बालू का अवैध खनन और परिवहन शुरू हो जाता है। माइनिंग इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने इसी सूचना पर रात में ढाई से तीन बजे के बीच छापेमारी की। जहां तीन ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़े गए। वहीं छापेमारी की जानकारी होते ही पीछे चल रहे दर्जनभर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को सड़कों से हटा लिया गया।



## कुमीर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कुमीर पंचायत भवन परिसर में बुधवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के पटमदा प्रखंड संयोजक की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ कमेटी से पंचायत एवं प्रखंड कमेटी को मजबूत बनाने हेतु विसृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान जिला संयोजक समिति के निर्देशानुसार पटमदा प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पंचायत के खतियानी सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार हेतु बैठक आयोजित करने तथा लोकसभा व विधानसभा चुनाव को मद्देनजर सभी 15 पंचायतों में जल्द से जल्द बूथ कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली के विश्वनाथ महतो, शैलेंद्र महतो, मानिक चंद्र बेसरा, दिनेश महतो, राजा कालिंदी, विजय महतो, अनिल बास्के, विवेक सहिस, रविन्द्र नाथ गोराई, कृष्णा सहिस, हरिमोहन महतो, उत्तम महतो, अगस्त सहिस, सौरभ दास, अजित महतो आदि उपस्थित थे ।

## टाटा-कांड्रा मार्ग में अलग-अलग हुई दो सड़क दुर्घटना में 5 घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मार्ग पर बुधवार को दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना कांड्रा थाना अंतर्गत सरायकेला- कांड्रा मुख्य मार्ग पर स्थित शेन इंटरनेशनल स्कूल के समीप बीते मंगलवार की देर रात हुई। इसमें एक तेज रफ्तार टेलर द्वारा पीछे से एक ट्रक में टक्कर मार दिए जाने से टेलर चालक बाल-बाल बच गया। इस दुर्घटना में टेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त घटना की सूचना पर मिलने ही घटनास्थल पर पहुंची कांड्रा पुलिस ने टेलर को जब्त करते हुए हल्के ढंग से घायल चालक को स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज कराया। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। दूसरी दुर्घटना टाटा-कांड्रा मार्ग पर आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया स्थित डीवीसी मोड़ के समीप हुई। इसमें अनियंत्रित ऑटो के डिवाइडर से टकराकर पलटने से ऑटो में सवार पांच यात्री घायल हो गए। घायलों में कांड्रा निवासी विकास गुप्ता और रेणु गुप्ता को गंभीर चोटे आई हैं जिन्हें ईलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# हाई कोर्ट ने अमला मुर्मू के पक्ष में फैसला दिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** झारखंड उच्च न्यायालय ने सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल प्रखंड के प्रमुख पद को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है, क्षेत्र में इसकी चर्चा जोरों पर है। अमला मुर्मू बनाम झारखंड सरकार, उपायुक्त सरायकेला खरसावां, गुरूपद हांसदा, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी, चांडिल अंचलाधिकारी, झारखंड चुनाव आयोग, सरायकेला पंचायत राज पदाधिकारी के रिट याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय ने अंतिम सुनवाई की। उच्च न्यायालय ने अमला मुर्मू के पक्ष में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया है। बता दें कि चांडिल प्रमुख अमला मुर्मू पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की बेटी हैं जो चांडिल के भादुडीह निवासी जयराम माझी की पत्नी है। 2022 के झारखंड पंचायत चुनाव में अमला मुर्मू ने अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से भादुडीह पंचायत समिति सदस्य के लिए चुनाव लड़ी और चुनाव जीती। इसके बाद अमला मुर्मू ने चांडिल प्रमुख पद के लिए चुनाव लड़ी, जिसमें अमला मुर्मू ने अपने प्रतिद्वंद्वी पंचायत समिति सदस्य गुरूपद हांसदा को परास्त करके प्रमुख चुनाव जीती थी। चुनाव हारने के बाद गुरूपद हांसदा ने अमला मुर्मू के जाति प्रमाण पत्र को लेकर सरायकेला खरसावां उपायुक्त से शिकायत किया था। शिकायत में बताया गया था कि चांडिल प्रमुख अमला मुर्मू पश्चिम बंगाल की है। शिकायत में कहा गया था कि झारखंड पंचायत चुनाव 2022 में अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से अमला मुर्मू पंचायत समिति सदस्य के लिए निर्वाचित हुई हैं और अनुसूचित जनजाति आरक्षित प्रमुख चुनाव भी जीती हैं। बताया जाता है कि उक्त शिकायत पर सरायकेला उपायुक्त ने अमला मुर्मू के खिलाफ फैसला देते उसकी प्रमुख पद तथा पंचायत समिति सदस्य के पद को रद्द कर दिया था। वहीं पुनः प्रमुख का चुनाव कराने का आदेश जारी कर दिया गया था। अमला मुर्मू ने झारखंड उच्च न्यायालय में आरएसपी सिन्हा के माध्यम से रिट याचिका दायर किया था। उच्च न्यायालय के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी के अदालत में यह फैसला सुनाया गया। अदालत ने अपने फैसले पर कहा कि याचिकाकर्ता अमला मुर्मू के खिलाफ दिया गया निर्णय अन्यायपूर्ण है। याचिकाकर्ता के चुनाव रद्द करने का निर्णय गलत है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद यह तय माना जा रहा है याचिकाकर्ता अमला मुर्मू चांडिल प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी। वहीं फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए याचिकाकर्ता अमला मुर्मू ने कहा कि उन्हें पद से हटाने के लिए एक गहरी साजिश रची गई थी। हेमंत सरकार और प्रशासन ने मिलीभगत करके उन्हें परेशान किया था। आदिवासी महिलाओं को अपमानित करने का काम किया है लेकिन न्यायालय ने महिलाओं और आदिवासियों के पक्ष में फैसला देकर झारखंड के आदिवासी महिलाओं के साथ न्याय किया है।

## जिला स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी में सुमन सथूआ रही प्रथम स्थान पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गम्हरिया में जिलास्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी -2023 का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी प्रखंड के आठ -आठ शिक्षकों ने नो कॉस्ट, लो कॉस्ट की नीति के तहत स्वनिर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप रम्भा कॉलेज की प्राचार्या डॉ कल्याणी कबीर गीतिलता एवं वीमेंस कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अरुनिमा सिंह आमंत्रित थे। सुमन सथुआ प्रावि पोटोबेरा, खरसावां के शिक्षक सुमन स्थूआ को प्रथम स्थान, नव प्रावि बड़ताल, नीमडीह की शिक्षिका अंजलि रानी को द्वितीय स्थान तथा नव प्रावि मगरकेला, राजनगर की शिक्षिका रानी महतो एवं सुनीता महाकुड़ को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप प्रभारी प्राचार्य अमरेंद्र कुमार सिंह, किशोर कुमार प्रसाद, आर लक्ष्मण राव, इन्द्राणी पाल, सदानंद नाग एवं राजकिशोर प्रसाद महतो का प्रमुख योगदान रहा। मंच संचालन संकाय सदस्य पंकज कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रभारी प्राचार्य अमरेंद्र कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



संपादकीया

# कर्ज में डूबा भारत

**बीते** दिनों एक खबर आई थी कि भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर को छूने को है। यदि हम 4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच जाते, तो देश में जश्न का माहौल होता, क्योंकि विश्व स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाता और भारत जर्मनी को पछाड़ कर चौथे स्थान पर आ सकता था, लेकिन चह खबर 'अद्र्धसत्य' थी। हम अब भी 4 ट्रिलियन डॉलर से दूर हैं। सत्तारूढ़ चेहरे अपने राजनीतिक प्रचार में 2047 के 'विकसित भारत' के सपने बेच रहे हैं, जबकि यथार्थ यह है कि भारत कर्ज में डूबा है। भारत पर 152 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है, जो मौजूदा वित्त-वर्ष के अंत तक करीब 170 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। देश में 21 राज्य ऐसे हैं, जो कर्ज लेकर अपने कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, पेंशन आदि का भुगतान करते हैं और अन्य खर्चों को पूरा करते हैं। उनकी आमदनी का करीब 23 फीसदी हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में ही खर्च करना पड़ रहा है। बिजली, पानी, सडक़ सरीखे विकास-कार्य भी कर्ज के संसाधनों से चल रहे हैं। बेशक राज्यों की आमदनी, बीते पांच साल में, करीब 47 फीसदी बढ़ी है, लेकिन कर्ज के ब्याज का भुगतान और अन्य खर्च करीब 77 फीसदी बढ़ गए हैं। आमदनी अठन्नी और खर्च रुपया**...** ! राज्यों का यह कर्ज 76.06 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। आय और व्यय के ऐसे असंतुलन को 'राजस्व घाटा' कहते हैं और खर्चों के बढ़ते बोझ को 'वित्तीय घाटा' करार दिया जाता है। 2023 की पहली छमाही में 21 राज्यों का राजस्व घाटा 70,000 करोड़ रुपए और वित्तीय घाटा 3.5 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। ये चेतावनी वाले आंकड़े हैं। फरवरी, 2024 की शुरुआत में ही केंद्र सरकार संसद में लेखानुदान पेश करेगी, तो कई आंकड़े चौंका देने वाले होंगे। मई के आम चुनाव के बाद जो सरकार बनेगी, वह नया बजट पेश करेगी। पूर्ण सत्य तब सामने आएगा, लेकिन यह सिलसिला जारी है कि देश और राज्यों के आय-व्यय के बीच गहरे फासले हैं। आम आदमी इन तथ्यों से बेखबर रहता है, लेकिन राजनीतिक दल चुनावों में 'मुफ्त की रसमलाई' बांट रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस, 'आप' से लेकर अधिकतर क्षेत्रीय दल इस 'हम्माम में नंगे' हैं। कोई भी यह यथार्थ देश की जनता से साझा करने को तैयार नहीं है कि देश कर्ज के जाल में जकड़ा है। इस तरह हम 'विकसित अर्थव्यवस्था' नहीं बन सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी बिंदु पर अपना राजनीतिक प्रचार जारी रखा है। वह 2047 की स्थिति के लिए जवाबदेह भी नहीं होंगे, क्योंकि वह पांच और साल प्रधानमंत्री रह सकते हैं। बहरहाल राज्यों की आमदनी और खर्च में पांच, चार, दो गुना अंतर होता है, तो हम अपने आर्थिक भविष्य का आज से ही मूल्यांकन कर सकते हैं। देश की आर्थिक स्थिति का यह कथानक कपोल-कल्पित नहीं है, बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रपट पर आधारित है। कर्जदार राज्यों की इस सूची में महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे सम्पन्न राज्य भी शामिल हैं। बड़े 18 राज्यों में से 7 का आय-व्यय का असंतुलन दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। घाटे को समेटने के लिए लगातार बाजार से कर्ज लेना पड़ रहा है। असंतुलन की इस सूची में उप्र, मप्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, बिहार और पंजाब आदि राज्य हैं। इन 21 राज्यों में पहली छमाही में ही पूंजीगत निवेश करीब आधा रह गया है। तो सवाल है कि हम आर्थिक स्तर पर मजबूत कैसे होंगे? इस असंतुलन के मायने ये नहीं हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत जल्द रसातल की ओर जाने लगेगी। हमारा कारोबार बढ़ रहा है, निर्यात और उत्पादन में विस्तार हुआ है, भारत 'मैन्युफैक्चरिंग हब' बनने की कोशिश कर रहा है। करीब 395 लाख करोड़ की आर्थिकी भी कम नहीं है, लेकिन बढ़ते हुए कर्ज अत्यधिक हैं। हम राजनीतिक दलों को समझा नहीं सकते। 'मुफ्तखोरी' ही जन-कल्याण नहीं है।



भारत पर 152 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है, जो मौजूदा वित्त-वर्ष के अंत तक करीब 170 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। देश में 21 राज्य ऐसे हैं, जो कर्ज लेकर अपने कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, पेंशन आदि का भुगतान करते हैं और अन्य खर्चों को पूरा करते हैं। उनकी आमदनी का करीब 23 फीसदी हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में ही खर्च करना पड़ रहा है। बिजली, पानी, सडक़ सरीखे विकास-कार्य भी कर्ज के संसाधनों से चल रहे हैं। बेशक राज्यों की आमदनी, बीते पांच साल में, करीब 47 फीसदी बढ़ी है, लेकिन कर्ज के ब्याज का भुगतान और अन्य खर्च करीब 77 फीसदी बढ़ गए हैं। आमदनी अठन्नी और खर्च रुपया... ! राज्यों का यह कर्ज 76 .06 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। आय और व्यय के ऐसे असंतुलन को 'राजस्व घाटा' कहते हैं और खर्चों के बढ़ते बोझ को 'वित्तीय घाटा' करार दिया जाता है। 2023 की पहली छमाही में 21 राज्यों का राजस्व घाटा 70,000 करोड़ रुपए और वित्तीय घाटा 3 .5 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। ये चेतावनी वाले आंकड़े हैं। फरवरी, 2024 की शुरुआत में ही केंद्र सरकार संसद में लेखानुदान पेश करेगी, तो कई आंकड़े चौंका देने वाले होंगे। मई के आम चुनाव के बाद जो सरकार बनेगी, वह नया बजट पेश करेगी।


## एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है

# कुटुंब प्रबोधन का प्रेरक श्रीराम परिवार

शिवेश प्रताप

**रामचरितमानस** एक ओर राम का जीवन चरित्र व मनुष्य जाति के अनुभवों का उत्कट निचोड़ है तो दूसरी ओर यह 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं यद्' होकर सनातन धर्म के सभी मानक ग्रंथों के अर्क स्वरूप भी है, जिसे मानस के अंत में 'छहों शास्त्र सब ग्रन्थन को रस' कह कर दोबारा पुष्ट कर दिया गया है। मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानी मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छुपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं। पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किए, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे। मानव उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करे जो शाश्वत हो, जो मनुष्य और समाज के लिए हमेशा उपयोगी और ऊंचा उठाने वाले हों। उदाहरण के लिए परिवार को ही लें, राम में परिवार के अनुशासन, सबके प्रति विश्वास, एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है। इन मूल्यों का निर्वाह रामचरित के हर प्रसंग में होता दिखाई देता है। क्षण भर में राजमुकुट धारण कर राजा राम बनने वाले वनवासी राम बनने हेतु बल्कल वस्त्र पहन लेते हैं और पिता के वचनों एवं माता कैकेयी के प्राप्त वरदान हेतु वन जाने हेतु निकल जाते हैं। व्यक्तिगत जीवन में राम ने एक ओर मर्यादाओं की प्रतिष्ठा की तो दूसरी ओर उन्होंने जहां जरूरी समझा, वहां मान्यताओं में दखल भी दिया। शूर्पणखा का अंग-भंग, अहिल्या को पुनर्जीवन और प्रतिष्ठा, एक पत्नीव्रत, बाली उद्धार, शबरी उद्धार, विभीषण को लंका का राज दे देना आदि कई प्रसंग हैं, जिनमें वह परंपरा से हटकर काम करते हैं। यह सब करते हुए वह धर्म-मर्यादा की स्थापना ही कर रहे होते हैं क्योंकि मर्यादा की स्थापना ही धर्म की शाश्वतता को बनाये रखती है। यदि यज्ञाग्नि भी मर्यादा का उल्लंघन करे तो उसे जल के द्वारा नियंत्रित करने का विधान धर्म का ही है। यदि इन कामों को पारिवारिक और सांस्थानिक रचनाओं के भरोसे छोड़ा जाता तो संभवतः पंचायतें, न्यायालय, दंडाधिकारी और समितियों को उन नतीजों पर पहुंचने में वर्षों लग जाते और न्याय की प्रक्रिया संपन्न होते- होते वह अर्थहीन व अनुपयोगी हो जाते। टूटते संयुक्त परिवारों का सहारा: इन दिनों परिवार का ढांचा बदल रहा है, संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कई जगह तो नौकरी के कारण पति-पत्नी और बच्चों के लिए भी अलग तरह से सोचना और व्यवस्था बनानी पड़ रही है। ऐसे में जब कि ज्ञान परम्परा का एक पीढ़ी से दूसरी में प्रवाह बाधित हो गया है



तो राम का चरित्र, मूल्य, व्यवहार और आदर्शों की यशोगाथा को समेटे श्री रामचरितमानस/ रामायण जीवन का संविधान बन सकता है। आज के बड़े-बड़े फैमिली सलाहकार अपनी सलाह में परिवारों में यही अंतिम सत्य बताते हैं कि परिवार वह इकाई है जहां आप तर्कों और जय-पराजय से समाधान नहीं पा सकते अपितु त्याग के द्वारा कर्तव्य पालन करके ही सुख शांति प्राप्त करेंगे। यह मान्यता भारत में त्रेतायुग में ही प्रभु राम के जीवन से स्थापित हो चुकी थी। राम परिवार के आदर्श-स्नेह, सहयोग, सद्भाव और विश्वास को आधार बनाकर आपसी संबंधों, कर्तव्यों और दायित्वों को समझा और निबाहा जा सकता है। जब राम, लक्ष्मण और सीता वनवास संपन्न कर अयोध्याजी वापस आते हैं तो माता कौशल्या ने मिलते ही सबसे पहले लक्ष्मण से आकुल होकर पूछा कि मुझे दिखाओ तुम्हें शक्ति कहां लगी थी, पुत्र तुम्हें कितनी वेदना से गुजरना पड़ा ! लक्ष्मण जी ने इसका उत्तर दिया, 'वेदना राघवेन्द्रस्य केवलं व्रणिनो वयम' (वाल्मीकि रामायण) अर्थात हमें तो केवल घाव हुआ था, वेदना तो बड़े भाई राम को हुई थी। बस यही राम का सार है की सभी एक-दूसरे के भाव, प्रेम, हर्ष और विषाद में एकरस हो जाएं। राम जी के छोटे भाई भरत जी का चरित्र तो ऐसा है की कहीं-कहीं उनकी श्रद्धा, समर्पण और मर्यादा रूपी हिमालय के आगे रामजी लघु प्रतीत होते हैं। भाई की चरण पादुका से राज चलाना और स्वयं नंदीग्राम में भूमि पर सोना और पर्णकुटी में रहना। राम जी अपने भाई भरत को राजधर्म की सीख देते हुए कहते हैं की, 'मुखिआ मुखु सो चाहिए' यानि मुखिया मुख के समान होना चाहिए, जो स्वयं के पोषण या सुख में अकेला है , परन्तु विवेक पूर्वक सब अंगों का पालन-पोषण करता है। राम और भरत का चरित्र भरत-मिलाप प्रसंग में एक दूसरे के सामने ऐसे अडिग हैं की गोस्वामी तुलसीदास को लिखना पड़ता है 'धीर धुरंधर धीरजु त्यागा' यानि भरत जी के असीम त्याग और मर्यादा के समक्ष धैर्य की धुरी धारण करने वाले श्रीराम को भी अपना धीरज प्रेमाश्रुओं के सामने तोड़ देना पड़ता है। अयोध्या के एक राजकुमार श्री राम द्वारा सुदूर वन में हनुमान को आभार व्यक्त करने के क्रम में कहा जाता है, मय्येव जीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतं हरे। नरः प्रत्युपकारार्थी विपत्तिमनुकाङ्क्षति॥ (हे कपिकुलनन्दन।) आपने जो मेरे साथ उपकार किया है वह मेरे में ही जीर्ण हो जाय (मुझमें पच जाय), बाहर अभिव्यक्ति का कोई अवसर ही न आवे, क्योंकि प्रत्युपकार करने वाला व्यक्ति अपने उपकारी के लिये विपत्ति की कामना करता है, जिससे उसे अपने प्रत्युपकार के लिए उचित अवसर मिले (वा. रामायण)। भगवान राम के समय में सनातन संस्कृति के वैचारिक मानदंडों पर विचार करें और उस काल खंड में संसार की अन्य संस्कृतियों के विकास से तुलना करें तो सहज ही आपको यह अनुभव होगा कि राम और अयोध्या के समाज का उत्कृष्ट सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्य कितना ऊंचा था और संसार भर में क्यों प्रासंगिक हुआ। सुख-दुःख की अनुभूतिः आज पश्चिमी मनोविज्ञान इस स्थिति में पहुंचा जहां दबे स्वर में स्वीकारा जा रहा कि सुख-दुःख वास्तव में भौतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं करते। सुख-दुःख मनुष्य की अनुभूति के ही परिणाम हैं, उसकी मान्यता, कल्पना एवं अनुभूति विशेष के ही रूप में सुख-दुख का स्वरूप बनता है। जैसा मनुष्य का भावना स्तर होगा उसी के रूप में सुख-दुःख की अनुभूति होगी। एक ओर जहाँ पश्चिमी संसार सुख को परिभाषित करने में भौतिक संसाधनों के अंतहीन दौड़ में लगा है वहीं सनातन धर्म में सुख-दुःख का विमर्श एक साथ त्रेतायुग से होता आया है। हम मानते हैं कि सुख और दुःख दो भिन्न अवस्थाएं होते हुए भी एक-दूसरे के पूरक हैं। मृत्युशैय्या पर पड़े हुए दशरथ से मंत्री सुमंत्र कहते हैं।

**जनम मरन सब दुख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा॥**

**काल करम बस होहि गोसाई। बरबस रात्रि दिवस की नाई।**

**सुख हरषहिं जड़ दुख बिलखाहीं। दोड सम धीर धरहिं मन माहीं॥**

अर्थात जन्म-मरण, सुख-दुःख के भोग, हानि-लाभ, प्यारों का मिलना-बिछुड़ना, ये सब हे स्वामी, काल और कर्म के अधीन रात और दिन की तरह बरबस होते रहते हैं। मूर्ख लोग सुख में हर्षित होते और दुःख में रोते हैं, पर धीर पुरुष अपने मन में दोनों को समान समझते हैं। (मानस) श्रीराम, कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकता:भगवान श्रीराम एवं उनके समाज का चिंतन केवल रावण को मारकर सीता माता की प्राप्ति तक सीमित कर देना उचित नहीं है, जैसा कि आज के डिजिटल विमर्श में चहुंओर दिखाई दे रहा है। आज जब की भारतीय समाज एकजुट होकर श्री अयोध्या जी में प्रभु राम का भव्य मंदिर बना रहा है तो ऐसे में हम सभी को समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यानी अपने परिवार के प्रबोधन पर विशेष बल देना चाहिए।


मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानी मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छुपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं। पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किए, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे।


दृष्टि कोण

# आखिर मनुष्य पर भरोसा ही काम आया...!

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल (सुरंग) का एक हिस्सा ढह जाने से वहां फंसे 41 मजदूरों को 17 वें दिन सकुशल निकाले जाने के अभूतपूर्व बचाव अभियान ने रेस्क्यू ऑपरेशनों के इतिहास में एक नया अध्याय रच दिया है। यह समूचा घटनाक्रम मनुष्य की जिजीविषा और मानवीय गलतियों का मिश्रित आख्यान है, जो अंततः मनुष्य की सर्वश्रेष्ठता को साबित करता है। साथ ही प्रकृति से दुस्सासिक छेड़छाड़ से आगाह भी करता है। तमाम खट्टे- मीठे और आस-निरास से भरे इस महाअभियान ने यह फिर से साबित किया कि मनुष्य और उसकी इच्छाशक्ति तमाम मशीनों और प्रौद्योगिकियों पर भारी है। आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस से मानव सभ्यता को मिल रही चुनौतियों का सिलक्यारा टनल ऑपरेशन सटीक जवाब है। जब सारी मशीने फेल हो गईं तब मानव शक्ति और जिद ही काम आई। मनुष्य को बचाने के लिए मनुष्य के हाथ ही सर्वशक्तिमान साबित हुए। आस्था ने



अनास्था को अतिक्रमण नहीं करने दिया। धैर्य और संयम, अवसाद और निराशा पर भारी पड़ा। मृत्यु पर मनुष्य की जिजीविषा की ताकत सवा सेर सिद्ध हुई। फिर भरोसा बना कि मनुष्य का मनुष्य ही रक्षक है। मनुष्य बचेगा तो मानवता बचेगी। उत्तर काशी का यह बचाव अभियान विश्व के अब तक सबसे लंबे चले थाम लुंग गुफा रेस्क्यू ऑपरेशन का रिकॉर्ड भले न तोड़ पाया हो, लेकिन उसकी लगभग बराबरी जरूर कर गया। गौरतलब, है कि 23 जून 2018 को थाईलैंड किशोर फुटबॉल खिलाड़ियों की एक टीम प्रेक्टिस के दौरान अपने सहायक कोच के साथ थाम लुआंग नांग नोम गुफा में उसे देखने पहुंची। थोड़ी बाद ही मौसम बदला और भारी बारिश शुरू हो गई। बाढ़ और पानी की तेज धारा ने गुफा से निकलने का रास्ता बंद कर दिया। उन गुफा में फंसे बच्चों को सुरक्षित निकालना पूरी मानवता के लिए चुनौती बन गया। बच्चों से कोई संपर्क न होने से यह पता लगाना भी मुश्किल था कि गुफा में फंसे बच्चे जिंदा है भी या नहीं। पूरे थाईलैंड में भारी चिंता फैल गई। वहां की सरकार ने दुनिया भर से बचाव अभियान में सहायता मांगी। घटना के नौवें दिन ब्रिटिश गोताखोरों ने पता लगाया कि गुफा में कैद बच्चे जिंदा हैं। ये बच्चे गुफा के प्रवेश द्वार से चार किमी दूर एक उठी हुई चट्टान पर शरण लिए हुए थे। लेकिन सवाल यह था कि भारी मानसूनी बारिश में इन बच्चों को कैसे सुरक्षित निकाला जाए। इसके लिए बहुत व्यापक बचाव अभियान चलाया गया और अंततः घटना के 18 वें दिन गुफा में फंसे सभी 12 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इस पूरे महाभियान में 10 हजार से ज्यादा राहत कर्मी, 100 गोताखोर, 100 सरकारी एजेंसियां, 2900 पुलिस कर्मी, 10 पुलिस के हेलीकॉप्टर, 7 एंबुलेंस, 100 डायविंग सिलेंडर लगे थे। बच्चों को बचाने के लिए गुफा से एक अरब लीटर पानी उलीचना पड़ा था। 18 जुलाई 2018 को यह बेहद चुनौतीभरा अभियान सफलतापूर्वक पूरा हुआ। हालांकि, इस अभियान के दौरान थाई सेना को अपना एक नेवी सील कमांडो खोना पड़ा था। इसी कड़ी में ताजा उत्तरकाशी टनल बचाव अभियान भी थाम लुआंग गुफा से कम चुनौतीपूर्ण नहीं था। राहत की बात केवल इतनी थी कि जो मजदूर टनल के धंसने से दूसरे सिरे पर फंस गए थे, उनसे संपर्क जल्द ही स्थापित हो गया था और यह संपर्क ही जीवन ज्योत जलते रहने की गारंटी साबित हुआ। थाम लुआंग में 12 बच्चे थे, सिलक्यारा टनल में 41 युवा मजदूर फंसे थे, जिन्हें इस बात का अहसास शायद ही होगा कि जिस टनल का 60 फीसदी काम वो पूरा कर चुके थे, उसकी छत अचानक एक दिन धंस जाएगी और उनके लौटने का रास्ता बंद हो जाएगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गोला क्षेत्र में प्रदूषण के खिलाफ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सांसद, विधायक, उपायुक्त एवं अन्य को लिखा गया पत्र : बिनू महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** गोला प्रखंड में निम्नलिखित मुख्यतः फैक्ट्रियाँ लगातार प्रदूषण फैला रही है : ब्रम्ह्मपुत्रा मेटालिक्स लिमिटेड कामता, इन्लैंड पावर लिमिटेड टोनागातु, मेसर्स गोला मिनरल इंडस्ट्रीज तोयर, वनांचल कान्वेंट प्राइवेट लिमिटेड बनतारा, मां अंबे एलाइज प्लांट, रजरप्पा रोड के कुसुमडीह स्थित कामेश्वर एलाइज से लगातार जहरीला धुंआ करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित विद्यालय में अध्ययनरत नौनिहालों को बीमारी की आगोश में ले रहा है। रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी बिनू कुमार महतो ने कहा कि इसका ताजा उदाहरण साँस के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी तरह वन



विभाग द्वारा लगभग 100 से 150 किलोमीटर की दूरी पर पौधारोपण की कार्य भी किया गया है, जो जहरीले धुएँ की भेंट चढ़ रही है। यह फैक्ट्रियां घनी आबादी वाले क्षेत्र में होने के कारण मानव जीवन को ही नहीं इसके अलावे पेड़-पौधों तथा खेती युक्त जमीन नष्ट एवं बंजर बना रही है। घनी आबादी वाले क्षेत्र होने के कारण इसका स्पष्ट नजारा यहां के कुएं, तालाब के पानी में उड़ता राख (फलाई रेश ) की मोटी परत के रूप में स्पष्ट दिखाई देती है जो मानव जीवन, जीव-जंतु, पेड़-पौधे एवं पैदावार पर प्रतिकूल असर डालता आ रहा है, साथ ही मनुष्य ही नहीं मवेशियों को भी नुकसान पहुंचा रहा है और जहां-तहां राख ( डस्ट ) को फेंक दिया जाता है जिससे टी.वी., कैंसर, नपुंसकता, विकलांगता एवं जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण के चपेट में आ जाती है। गोला प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न फैक्ट्रीयों से निकलता जहरीला धुंआ वातावरण को प्रदुषित कर रही है। गोला प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र के रूप से जाना जाता है पिछले 15 से 16 वर्षो से विकासशील प्रखंड के तौर पर अपने आप को अग्रसर है लेकिन विभिन्न फैक्ट्रीयों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संतुलन को ताख पर रखकर इस क्षेत्र को दूषित करने का कार्य कर रही है। फैक्ट्री प्रबंधक के द्वारा मोटी रकम देकर प्रदूषित क्षेत्रों को लूटने का काम एवं खुलेआम चुनौती देकर जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है साथ ही सरकार के द्वारा सुरक्षा मानक का भी पालन नहीं किया जा रहा है। रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा कि पत्र के मार्फत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, भारत सरकार, प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली, मुख्य श्रम आयुक्त नई दिल्ली, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली, झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, रामगढ़ जिला प्रभारी मंत्री सह श्रम नियोजन मंत्री झारखंड सरकार, श्रम आयुक्त, मुख्य कारखाना निरीक्षक, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची, झारखंड प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय, सांसद हजारीबाग, विधायक रामगढ़, उपायुक्त रामगढ़, खनन विभाग रामगढ़ लिखकर अवगत कराया कि गोला प्रखंड की जनता को हो रहे प्रदूषण से मुक्ति चाहिए और साथ ही इसकी निष्पक्षता पूर्वक जाँच कर देखा जा सकता है ।ग्रामीण जनता को न्याय मिलनी हीं चाहिए और प्रबंधन के ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पत्र में संलग्न बीएमएल, आईपीएल, मेसर्स गोला मिनरल इंडस्ट्रीज की उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक रामगढ़, थाना प्रभारी गोला को आवेदन की छायाप्रति एवं सभी प्रेस में छपी पेपर की छाया प्रति, कामेश्वर एलाइज फैक्ट्री के गेट के सामने प्रदूषण के खिलाफ छात्रों द्वारा विरोध करते हुए पेपर की छायाप्रति एवं सभी फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण की फोटो की छायाप्रति किया गया है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में जनता ज्यादा से ज्यादा लाभ लें : जोया परवीन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी के ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने पूरे राज्य में चल रहे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में ज़्यादा से ज़्यादा लाभ ले ग्रामीण , जनता झारखंड सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं से पूरे राज्य की जनता हो रही लाभान्वित आगे उन्होंने कहा की राज्य में महागठबंधन सरकार लगातार ग्रामीणों तक हर सुविधा मुहैया करवाने का प्रयास कर रही है एवं कई योजनाओं को धरातल में उतार कर लगातार पूरे राज्य की जनता के प्रति पूरी निष्ठा के साथ सरकार कार्य कर रही है। जिससे हर गांव गांव तक योजना का लाभ मिल रहा और राज्य की जनता महागठबंधन की सरकार को दुबारा से राज्य में देखना चाहती है और इस बार भी झारखंड राज्य में महागठबंधन की सरकार आयेगी और जनता के जनकल्याण में लगी रहेगी।

## कुंदरु कला में प्रखंड स्तरीय फुटबाल मैच का हुआ आयोजन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड मे राज्य सरकार खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार रामगढ़ प्रखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया कुंदरु कला पंचायत भवन परिसर के फुटबॉल ग्राउंड में पंचायत स्तरीय फुटबाल मैच खेला गया जिसके मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी मुखिया किसुन राम मुंडा ,मुखिया कलावती देवी, एवं बारलोंग मुखिया रेखा देवी संयुक्त रूप से शामिल हुए। खेल मैदान में पहले राउंड का मैच कुंदरु कला एवं बारलोंग की फुटबॉल टीम के द्वारा खेल का प्रारंभ किया जिसमें एक गोल दाग का कुंदरुकला की जीत हुई पुनःफाइनल मैच के आखिरी पारी में कुंदरु कला एवं दोहाकातू के बीच खेला जिसमें कुंदरु कला टीम द्वारा एक गोल दागकर विजय घोषित हुआ , इसके पूर्व मुख्य अतिथि के द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए शुभकामनाएं दी, एवं खेल का फुटबॉल मे किक मारकर शुभ उद्घाटन किया। मौके पर पार्षद धनेश्वर ने कहा कि पंचायत स्तर से ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को जिला और प्रदेश के खेल में जाने का अवसर प्रदान होता है इसलिए आपस मे दोस्ताना संबंध से खेल का प्रदर्शन करना चाहिए और अगर अपना भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में खिलाड़ियों बहुत अच्छा अवसर है।



## अम्बेडकर जनसंघर्ष मोर्चा के बैनर तले डॉ. भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नया नगर बरकाकाना अम्बेडकर चौक में अम्बेडकर जनसंघर्ष मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के संस्थापक सह अध्यक्ष रंजीत राम के अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी का पुण्यतिथि मनाया गया। मोके पर मुख्य रुप से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, राष्ट्रीय लोजपा जिला अध्यक्ष शंकर कालिंदी, युवा जिला अध्यक्ष सैयद एहसान रजा, उपस्थित थे। मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का सपनों को साकार करने के लिए हमें संकल्प लेने की जरूरत है और समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना और हर घर में शिक्षा के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। अध्यक्षता कर रहे मोर्चा के संस्थापक रंजीत राम ने कहा कि बाबा साहब के बतलाएं मार्ग पर चलने के लिए उनके तीन मंत्र को याद करने की आवश्यकता है।शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो के नारे को आगे लाना होगा। राष्ट्रीय लोजपा जिला अध्यक्ष शंकर कालिंदी ने कहा की अंबेडकर जी ने समाज और देश के लिए जो कर गए हैं ।



## उरीमारी राकोमयू कार्यलय में अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यलय में क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में बुधवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई।वहीं राजू यादव ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं राजू यादव ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना होगा तभी हम सभी उनको सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है।वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत, अशोक कुमार, राधेश्याम बैठा, कमलेश यादव,विजय कुमार,रवि पावरीया, बिनोद प्रजापति, सुनील बेदिया,बादल बेदिया, सिकंदर गंझू,सिगू मांझी आदि लोग मौजूद थे।



अटूट विश्वास वाली मोदी की गारंटी गाड़ी पहुंची चतरा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की झलक दिखाती हाई टेक वाहन से रूबरू हुए आमजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** अटूट विश्वास वाली मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में विकसित भारत की झलक दिखला रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे जन-जन की उपयोगी योजनाओं से आम लोगों को रूबरू कराया जा रहा है। चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह के दृढ़ संकल्प से विकसित चतरा संसदीय क्षेत्र और पुरे प्रदेश को विकास का एक नया आयाम मिला है।मोदी की गारंटी वाली हाईटेक वाहन जिले के सदर प्रखंड के विभिन्न गांव में जा-जाकर आम लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि केंद्र की मोदी सरकार ने सभी महिला की सुरक्षा की गारंटी, आवास की गारंटी, शौचालय की गारंटी, उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस की गारंटी, किसान ऋण की गारंटी, गरीबों को मुफ्त राशन की गारंटी, आयुष्मान कार्ड की गारंटी, बेरोजगार युवाओं को रोजगार की गारंटी, महिला शक्ति को राजनीतिक अधिकार की गारंटी जैसी कई अन्य योजनाओं के माध्यम से विकसित भारत बनाने की गारंटी दी है।आने वाले समय में चतरा संसदीय क्षेत्र भी सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में विकसित और शिक्षित चतरा संसदीय क्षेत्र बन रहा है।महिला कालेज,महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़ने सहित चतरा संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत कराना जैसी कई कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया गया है। चतरा ज़िले के सदर प्रखंड के टिकर और गंधरिया, सिमरिया में जांगी और पीरी में सैकड़ों ग्रामीणों के बीच देश के यस्शवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 सालों में लायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं को एलईडी के माध्यम से जनता को बताया गया। इस अवसर पर,सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी, सांसद प्रतिनिधि दीपक शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, जांगीं पंचायत के मुखिया वीना देवी, गंधारिया पंचायत के मुखिया अनीता यादव, सिमरिया के मंडल अध्यक्ष दया निधि सिंह, अंकित सिंह, महेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य निशा कुमारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कान्हाचट्टी दीपक वर्मा, कन्हैया सिंह, नीरज, अरविंद सिंह, वार्ड सदस्यगण, जेसएलपीएस के महिला समेत सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें।

## आपातकालीन स्थिति में मील का पत्थर साबित होगा डायल 112 : अंजनी अंजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस साभागार में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा प्रेस वार्ता कर डायल 112 की दी गई जानकारी। पुरे राज्य में आपातकालीन स्थिति में आम जन की समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में त्वरित रूप से पुलिस सहायता प्रदान किये जाने हेतु डायल 112 सेवा को प्रारंभ किया गया है। जिसमें संयुक्त रूप निम्नांकित सेवा निहित है डायल 100 में पुलिस से संबंधित सहायता सेवा। डायल-101 में अग्निशमन से संबंधित सहायता सेवा। ज़ डायल-108 में एम्बुलेंश से संबंधित सहायता सेवा। इसमें शिकायतकर्ता या जरूरतमंद को एसएमएस ईमेल वाइस कॉल वेब पोर्टल एस ओएस पैनिक अलर्ट माध्यम से अपनी समस्याओं को अवगत कराने की सुविधा प्रदान की गयी है।डायल 112 का कार्य प्रणाली ईआर एस एस हेल्प डेस्क रांची में गठित किया गया है। ईआर एस एस हेल्प डेस्क रांची का जिलास्तरीय गठित डीसीसी से सीधा समन्वय स्थापित रहता है। आम-जन की समस्याओं को सर्वप्रथम ईआर एस एस हेल्प डेस्क रांची द्वारा ही रिसीव किया जाता है। ईआर एस एस प्राप्त समस्याओं की सूचना संबंधित डीसीसी में जिलास्तर पर स्थानांतरित करते हैं। जिलास्तरीय डीसीसी प्राप्त समस्याओं को पाकर उनसे जुड़े पुलिस थाना /पी0सी0आर0 / हाईवे पेट्रोल वाहन को अवगत कराते हैं। डीसीसी भेजी गयी शिकायत पर लगातार थाना स्तर की कृत कार्रवाई से अवगत होते हैं। डीसीसी मामले के निष्पादन से संबंधित जानकारी थाना से प्राप्त करते हैं। डीसीसी मामले के निष्पादन की जानकारी की इलेक्ट्रानिक सूचना ईआर एस एस हेल्प डेस्क को उपलब्ध कराते हैं।

## डीसी अबु इमरान ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने आज सदर अस्पताल चतरा पहुंच मरीजों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सदर अस्पताल चतरा में नियुक्त चिकित्सक, जेनरल वार्ड, दवाई की उपलब्धता साफ सफाई, कर्मियों की उपलब्धता मरीजों को मिलने वाली सुविधा समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी नियुक्त चिकत्सक व कर्मी अपने समय पर अस्पताल में उपस्थित रहेंगे। और मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाई उपलब्ध रहे।

## बारिश से धान का फसल हुआ प्रभावित, टमाटर फसल को भी हुआ नुकसान

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में मिचौंग का असर, मंगलवार रात्रि से लगातार हो रही है बारिश से बारियातू, फूलसु, डाढा, गोनिया, अमरवाडीह, टोटी, सिबला, साल्वे बालूभाँग पंचायत सहित कई ग्रामीण क्षेत्र के खेतो में पक्के हुए धान के साथ खेत खलिहान में भी कटाई कर रखी गई धान व टमाटर की फसल को काफ़ी नुकसान हुआ है. कई किसान कटाई की गई धान के ऊपर पलास्टिक ढक्ककर बचाने का प्रयास मे लगे हुए हैं। लेकिन कोई खाश फायदा नहीं दिख रहा है. समय से बारीश नही होने से पूरी तरह धान की रोपाई नहीं हो सका था। लोगो ने काफी मस्कत से रोपाई की।

## ट्रक ने बाईक सवार को मारी टक्कर, जख्मी

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु प्रखण्ड मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर के समिप मुख्य मार्ग एन एच बाईस पर मंगलवार रात्रि दश बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर। जिससे बाइक सवार मनीष उरांव उम्र 15 वर्ष पिता पुलिया उरांव ग्राम चंदवा चिरो निवासी का दाहिना पैर पुट गया व दाहिना हाथ का अंगूली कट कर अलग हो गया। वहीं प्रदीप उरांव 16 वर्ष पिता फुलदेव उरांव चंदवा चिरो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रदीप उरांव ने बताया कि हम दोनों अपने घर से अपने मामा के घर बारियातू नाचना जा रहे थे। इसी क्रम में विपरित दिशा से आ रही ट्रक ने टक्कर मार कर भागने में सफल रहा। घटना की सुचना मिलते ही बारियातू थाना एएसआई बालेश्वर गंझू ने सह दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर ग्रामीणों के नहीं पहना था।

# योजनाओं का लाभ देने पहुंची आपकी सरकार आपके द्वार : विरेन्द्र जयसवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत खुरा सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका उद्घाटन बीडीओ राकेश, उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह मुखिया जितेन्द्र सिंह समेत अन्य लोगों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने कहा कि उक्त कार्यक्रम का खुरा पंचायत के ग्रामीणों को बेसब्री से इंतजार था जो समय आ गया है कि लोग सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने खराब मौसम के बावजूद सैंकड़ों की संख्या में शिविर में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम से काफी हद तक लोगों को योजनाओं का फायदा मिला है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि झमाझम बारिश में भी सैंकड़ों लोगों का शिविर में पहुंचना सरकार द्वारा कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिला व प्रखंड प्रशासन की कोशिश रहेगी कि वंचित व अधिक से अधिक जरुरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर के माध्यम से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल 1811 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें 304 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर दी गई है।

# 8 मोटरसाइकिल बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाईकिल चोर मो0 दिलशाद उर्फ बाबू मियां को गिरफ्तार किया है इसके निशानदेही पर 8 मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। वहीं प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि हेरहंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग के नवादा चौक के पास पुलिस निरीक्षक, बालूमाथ अंचल शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी हेरहंज पु0अ0नि0 नीतिश कुमार के द्वारा पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग किया जा रहा था। वाहन चेकिंग के क्रम में लातेहार की ओर से एक बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के मोटर साईकिल पर एक व्यक्ति तेज गति से आ रहा था। पुलिस बल द्वारा उन्हें रूकने का ईशारा किया गया तो मोटर साईकिल सवार मोटर साईकिल को पीछे घुमाकर वापस लातेहार की ओर भगाने का प्रयास करने लगा। तत्पश्चात सशस्त्र बल के द्वारा दौड़ाकर मोटर साईकिल चला रहे व्यक्ति को मोटरसाईकिल सहित पकड़ा गया।पकड़ाये व्यक्ति मो0 दिलशाद उर्फ बाबू मियां, उम्र 38 वर्ष, पे0 मो0 नेषार अहमद, सा0 मासियातु, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार से मोटर साईकिल का कागजात मांगने पर कोई कागजात नहीं दिखाया गया एवं बताया कि यह मोटर साईकिल चोरी का है। पकड़े गये व्यक्ति के निशानदेही पर अलग-अलग जगह से छापेमारी कर चोरी का रखा हुआ कुल 08 मोटर साईकिल बरामद किया गया। इस संबंध में हेरहंज थाना काण्ड सं0 55/2023 दिनांक 05.12.2023 धारा 414/120बी/34 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि मो0 दिलशाद उर्फ बाबू मियां पूर्व में भी वर्ष 2020 में मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। तथा जेल में रहने के दौरान मंडल कारा लातेहार से फरार हो गया था। जिसको पुलिस ने पुनः गिरफ्तार जेल भेज दिया है। छापामारी दल में शामिल पुअनि नितिष कुमार, थाना प्रभारी, पुअनि विश्वजीत कुमार तिवारी, पुअनि अशोक कुमार सिंह, सअनि सुबोध कुमार सिंह, एवं थाना सशस्त्र बल के जवान सामिल थे।

## जिला के दो पंचायतों में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड के कोलसिमरी और पेशरार प्रखंड के तुईमु पंचायत में आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुईं। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा जेएसएलपीएस महिला समूह के बीच 10 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया। लाभुकों के बीच धोती/लुंगी व साड़ी का वितरण किया गया। छात्रों के बीच जाति प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुकों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। पशुओं की रक्षा हेतु दवाईयां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे। जिला परिषद अध्यक्ष व अन्य अतिथियों द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का उठाने और अन्य लोगों को भी प्रेरित किये जाने की बात कही। आज के कार्यक्रम में लोगों द्वारा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन, कम्बल वितरण, समेत अन्य योजनाओं के आवेदन शिविर के काउंटर में जमा किये गए। आज के कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह समेत अन्य जन प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हल्की बारिश से बड़ी ठंड, जनजीवन ठंड से बचने के लिए करने लगे व्यवस्था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बुधवार को सुबह से मौसम में परिवर्तन देखा जा रहा है। एवं हल्की-फुल्की बूंदाबांदी दिनभर बारिश हो रही है। जिससे ठंड अत्यंत बढ़ गया है। और जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो रहे हैं।बताते चलें कि लोगों ने ठंड से बचने के लिए जगह-जगह पर अलाव का व्यवस्था करना शुरू कर दिए हैं। दिन भर की झमाझम बारिश से किसानों की धान की फसल खराब होने की वजह से चिंतित दिख रहे हैं। तो वही लगे हुए कुछ फसलों का इस हल्की बारिश से फायदा भी हो सकता है। दिन भर की आकाश में बादल रहने एवं शीतलहरी हवा चलने से ठंड अत्यंत बढ़ चुका है।

## उपायुक्त ने निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण एक्का समेत अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए अपर समाहर्त्ता ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। अपर समाहर्त्ता ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन किया जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही। बैठक में डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तमन्ना परवीन को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के कोलसिमरी पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में आज कोलसिमरी गांव की रहने वाली तमन्ना परवीन को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इस योजना के अंतर्गत तमन्ना को पांच हजार रूपये की राशि का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। तमन्ना ने कहा कि किशोरियों के लिए यह बहुत ही अच्छी योजना माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा लायी गई है।

# पीएचडी घेराव कर नल-जल योजना में हो रही धांधली की खोलेंगे पोल : अमित पाण्डेय




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत देव इन होटल में आजसू प्रखंड कमेटी और पंचायत कमेटी का बैठक रखा गया। जिसमें सभी पंचायत से सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए और मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह और जिला अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने बालूमाथ प्रखंड और पंचायत कमेटी को मजबूत करने को लेकर अपने-अपने बातों को बारीकी रूप से रखा और वर्तमान सरकार के कार्यशैली पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार इस प्रदेश को लेबर स्टेट बना के रख दिया है। क्योंकि यहां भरे पूरे खनिज संपदा रहने के बाद भी यहां के लोग लगभग 8 से 10 लाख दूसरे प्रदेशों में कमाने जाते हैं इतनी बड़ी संख्या में लोग दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं तो सरकार चलाने का मतलब क्या हुआ। नल जल योजना में जिले में भारी घोटाला हो रहा है इस बैठक में हीरो कुमार यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष के पद पर नव नियुक्त करते हुए जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने माला और पट्टा बनाकर सम्मानित किया। इस बैठक के अध्यक्षता कर रहे एवं मंच के संचालन कर रहे हैं शंकर उरांव ने कहा कि सभी पंचायत में जाकर और ग्राम कमेटी पार्टी स्तरीय पर बनेगी और प्रखंड क्षेत्र में पार्टी को एक ऊर्जा भी मिलेगी जिससे कि पार्टी बहुत मजबूती से जनता के मुद्दों को सड़क से सदन तक पहुचायेगी। मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव के के मिश्रा जिला प्रवक्ता नीतीश कुमार पांडे जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास पूर्व केंद्रीय सदस्य रोहित महतो पूर्व बीससूत्री रामदीन भुईयां, प्रखंड कोषाध्यक्ष अजीत लोहरा प्रखंड उपाध्यक्ष हीरो यादव मीडिया प्रभारी अजय तूरी प्रखंड महासचिव अमित तूरी अंकित पांडे महेंद्र उरांव सुनील उरांव आरतीक उरांव बिगन गंझू रंजीत गंझू रंजन यादव सेकेंदर उरांव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# औरु में आप की योजना आप की सरकार आपके द्वार शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखंड के औरु पंचायत सचिवालय में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप श्रम नियाजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री के प्रतिनियुक्त मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव,बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप स्थानीय मुखिया शोभा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। इसके बाद शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया गया की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याण कारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा सके ताकि गरीब ग्रामीण उस से लाभान्वित हो सके। शिविर में अबुआ आवास के लिए लगभग 800 आवेदन प्राप्त हुए वहीं जॉब कार्ड, राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले योजना, उज्ज्वला योजना, बृद्धा पेंशन, पशुपालन, कृषि विभाग मनरेगा योजना, सहकारिता विभाग, स्वास्थ विभाग, बैंक, राजस्व, समाजकल्याण, सामाजिक सुरक्षा के लिए आवेदन लिए जा रहे थे। जेएसएलपीएस के द्वारा स्टाल सभी स्लॉट में दर्जनों आवेदन आए कई मामलों का ऑन द स्पॉट निस्पादन किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा गरीब एवं असहाय तथा कार्डधारियो के बीच कंबल धोती, साड़ी जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया और शिविर को संबोधित करते हुए कहा गया कि सरकार की महत्वपूर्ण और कल्याण कारी योजनाओं से लाभ लें और लोगों को लाभ हेतु प्रेरित करें।तभी समाज में सरकार की जन कल्याण कारी योजनाएं सार्थक और सफल होगा।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग 8

रांची , गुरूवार, 7 दिसंबर 2023 | पेज

## संक्षिप्त खबरें

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मृदा संरक्षण पर सेमिनार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में मृदा संरक्षण को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक की अध्यक्षता में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर सेमिनार की शुरुआत की गई। सभी अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत करते हुए कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने मृदा संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों को बताई। उन्होंने जैविक खेती को अहम बताया और इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कृषि के क्षेत्र अपनाई जा रही नई तकनीकों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी समस्त जीव के लिए अहम है, इसलिए मृदा संरक्षण की महत्ता अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना तो जरूरी है, साथ ही कृषि के नए तकनीकों को अपनाया जाना भी जरूरी है। उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से भी खेती करने की सलाह लोगों को दी। उन्होंने कहा कि फायदे के इस दौड़ में हमने मिट्टी की सेहत खराब कर दी है, जिस पर ध्यान देना हम सभी का दायित्व है। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि जमीन की ऊपरी परत जिसे हम मृदा कहते हैं, इसका निर्माण करने में प्रकृति को काफी वक्त लगता है। इसकी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है और जिस तरह हमलोग अंधाधुंध रासायनिक खादों और दवाइयों का उपयोग कर रहे हैं, समय-समय पर मिट्टी परीक्षण कराकर मिट्टी की सेहत को जानना किसान भाइयों के लिए बेहद जरूरी है, ताकि अच्छी उपज के साथ साथ मिट्टी की सेहत भी बरकरार रहे। डॉ सत्यप्रकाश ने माइक्रोवेव्स में मृदा की उपलब्धता, प्रो. प्रिया सिंह ने मृदा संरक्षण के उपाय और प्रो. फरहीन ने मृदा मानव जीवन के कितना उपयोगी है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। सीएस एंड आईटी विभाग डीन डॉ बिनोद कुमार ने भी किसानों की वर्तमान और पूर्व की स्थिति पर चर्चा करते हुए इस ओर आवश्यक सुधार की जरूरत बताई। मंच संचालन कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रभात किरण व धन्यवाद ज्ञापन छात्रा पल्लवी कुमारी ने किया।

### डिप्लोमा इन फार्मेसी के श्रेष्ठ परिणामों से गौरवान्वित हुआ ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञान ज्योति फार्मेसी कॉलेज के सत्र 2021-23 के छात्रों ने डिप्लोमा इन फार्मेसी के क्षेत्र में 80त्न परिणाम प्राप्त किया है। कुल 60 विद्यार्थियों में 54 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की है। ज्ञान ज्योति फार्मेसी कॉलेज के प्रमुख शंभू कुमार ने इस मौके पर कहा, छात्रों के प्रतिबद्ध और मेहनती प्रयासों के परिणामस्वरूप, हमारे डिप्लोमा इन फार्मेसी के छात्र इस क्षेत्र में मान्यता प्राप्त करने में सफल रहे हैं। हम उनकी मेहनत का सम्मान करते हैं और उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें बधाई देते हैं।÷ कॉलेज के सचिव विनय कुमार ने सफल छात्रों ने सुखद भविष्य की मंगल कामना की।छात्रों की सफलता में प्राचार्य नीतू सिन्हा एवं शिक्षक गण उज्जवल कुमार, डॉ अनिल कुमार, काजल कुमारी, डॉ अविनाश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुलाम मोइनुद्दीन अहमद की अंतिम यात्रा में शामिल हुए सदर विधायक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुलाम मोइनुद्दीन अहमद का मंगलवार रात्रि को जामा मस्जिद रोड़ स्थित आवासीय परिसर में इंतकाल हो गया। वह क़रीब 84 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत नासाज चल रही थी और घर पर ही इलाज़ के साथ रहते थे। बुधवार को खिरगांव स्थित कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज के साथ उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। गुलाम मोइनुद्दीन अहमद के इंतकाल की ख़बर सुनते ही उनके आखिरी दीदार के लिए बड़ी तादाद में लोग उनके घर पहुंचने लगे। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल भी उनके इंतकाल की खबर सुनकर उनके आखिरी दीदार को उनके घर पहुंचें और ईश्वर से उनके आत्मा की शांति की कामना की साथ ही उनके शोकाकुल परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया और मृतक के अंतिम यात्रा में बारिश के बीच शामिल हुए। श्री जायसवाल ने बताया कि गुलाम मोइनुद्दीन अहमद हजारीबाग के लोगों के दर्द को अपना समझते थे और बढ़-चढ़कर लोगों की खिदमत करते थे। जरूरतमंदों के हमदर्द बनकर हमेशा सेवारत रहते थे। वे झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य, हज कमिटी के सदस्य, ओल्ड एज होम के प्रभारी, रेड क्रॉस के प्रभारी, हजारीबाग अंजुमन इस्लामिया के सरपरस्त, रहमत-ए-आलम ट्रस्ट के अध्यक्ष, इदारे शरिया झारखंड के उपाध्यक्ष सहित कई प्रमुख दायित्वों का निर्वहन करते रहें हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी बताया की गुलाम मोइनुद्दीन अहमद का इंतकाल समाज, हजारीबाग और मेरे लिए अपूरणीय क्षति है । गुलाम मोइनुद्दीन अहमद अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने गाजियाबाद एवं देहरादून में लहराया परचम

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ी पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता गाजियाबाद के गगन पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता मे सम्मिलित हुए, यह कार्यक्रम पांच दिवसीय 22 नवंबर से 26 नवंबर तक चला जिसमें हजारीबाग की बेटी सलोनी नयन शर्मा एवं उदित किशोर ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। वहीं दूसरी और तीन दिवसीय 6 वी राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में किया गया जिसमें नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के तीन खिलाड़ियों प्रतियोगिता में भाग लिए तीनों खिलाड़ियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। खिलाड़ियों में सुधांशु कुमार, सलोनी नयन शर्मा, उदित किशोर शामिल थे। खिलाड़ियों हजारीबाग पहुंचने पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने बुधवार को अपने कार्यालय परिसर में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों पर हजारीबाग को काफी गर्व है, आप सदैव खेल की और ध्यान को आकृष्ट रखें हम सब आपके साथ सदैव खड़े हैं। साथ ही कहा की खिलाड़ी खेल को लेकर हमेशा सजक रहते हैं हमारी शुभकामनाएं सदैव खिलाड़ियों के साथ है। मौके पर नॉकआउट अकादमी के कोच रोशन कुमार,सुधांशु कुमार, सलोनी नयन शर्मा, उदित किशोर सहित कई लोग मौजूद थे।

### ताला तोड़कर विद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष से लाखों रुपए के उपकरण चोरी

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा के कम्प्यूटर कक्ष से बीते रात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की उपकरण चोरी कर ली.इस बाबत प्रधानाध्यापक महेश चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति मंगलवार को स्कूल छुट्टी होने के बाद विद्यालय के सभी कमरों को ताला बंद कर चल गया.बुधवार स्कूल पहुंचा तो देखा कि कम्प्यूटर कक्ष का ताला टूटा हुआ है.इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी को दी गई. मुखिया समेत दर्जनों लोग जब कक्ष के अंदर देखा तो पाया कि कम्प्यूटर के 7 सीपीयू,बैटरी,इनवाइटर,प्रिंटर मशीन समेत अन्य उपकरण गायब है।इस बाबत प्रधानाध्यापक महेश चौधरी ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देते हुए जांच कर दोषियों पर कडी कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं बरकट्ठा पुलिस ने कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर मामले की तहकीकात में जुट गई है। मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है।

## झारखंड खो-खो सब जूनियर टीम में श्रीदस स्कूल के विद्यार्थी रौशन कुमार का हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड खो खो सब जूनियर टीम में श्रीदस स्कूल के 9 वीं कक्षा के विद्यार्थी रौशन कुमार का चयन हुआ। रौशन कुमार बरही पंचमाधव के रहने वाला है। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल रोहित सिंह ने रौशन कुमार को बुके देकर उज्वल शुभकामनाएं प्रकट की। रौशन कुमार को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों की चौमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर खड़ी रहती है। आने वाले समय में श्रीदास के बच्चें ऐसे कई सफलता पातें हुए देखें जायेंगे। चाहे शिक्षा संबधित हो या फिर खेल का मैदान हो, हर जगह पर अपना डंका बजवाया है। उन्होंने बताया कि 33 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता 2023 का आयोजन तुमकुर, कर्नाटक 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस अवसर पर इनके पिता लोकनाथ यादव ने अपने बेटे की नेशनल टीम में सिलेक्शन होने पर खुशियां व्यक्त की। और बच्चें की सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधक को दिया।



## आज बसरिया पंचायत सचिवालय में लगेगा शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड सरकार अपनी सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत बरही प्रखंड के बरिया पंचायत सचिवालय में कल 7 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों के बीच राज्य में संचालित लोक जन कल्याणकारी योजनाओं को रखा जाएगा। और शिविरों में ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।इस संबंध में बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने जनता से अपील करते हुए कही की 7 दिसंबर को 11ः00 से दोपहर 3ः00 बजे तक पंचायत सचिवालय बसरिया परिसर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पंचायत वासियों से निश्चित समय पर निर्धारित स्थान पर पहुंचकर अबुवा आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, फूलेबाई सावित्री योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसाकूप निर्माण योजना, डोभा निर्माण योजना, आदि निष्पादन के लिए आवेदन कर लाभ उठाने की अपील की है।

## बेमौसम बारिश से प्रखंड क्षेत्र के धान के किसानों के चेहरों पर मायूसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार सुबह से बेमौसम बारिश से धान उपजाऊ किए हुए किसानों के चेहरे में मायूसी छाई हुई है।क्योंकि धान के फसल को किसानों के द्वारा काटकर खेतों में रखा हुआ है और बेमौसम बरसात के चलते धान खेत के पानी में धान की बालियां पूर्ण रूप से भींग चुका है।किसान बासुदेव मरांडी बताते हैं कि बेमौसम बारिश से धान का पक्का हुआ फसल खेत के पानी में काटकर रखें हुए बालियां भींग जाने से काफी नुकसान पहुंचा है.वहीं किसान देवाचंद यादव के अनुसार बेमौसम बारिश से खलिहानों एवं खेतों में रखे धानों को काफी नुकसान पहुंचने कि संभावना है.किसान अभय पाण्डेय बताते हैं कि अगर दो चार दिन के बाद बारिश होता तो धान के किसानों को धान काटकर घर ले जाते खैर मौसम की कोई गारंटी नहीं है कब क्या हो जाय लेकिन काफी हद तक नुकसान पहुंचा है.बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के किसानों के द्वारा धान कि खेती शत प्रतिशत किया जाता है और बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरों पर साफ मायूसी नजर आ रही है।



## बहुजन समाज पार्टी ने मनाया भीमराव का निर्वाण दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में युग पुरुष संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का 68 वा परी निर्वाण दिवस कुशवाहा मेहता हॉल में मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव प्रभारी सूरज कुमार ने की।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शीला देवी, विशेष अतिथि जिला प्रभारी विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना राम पासवान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि शीला देवी ने बाबा साहेब के चित्र पर फूल माला चढ़ाया साथ में सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ अंबेडकर जानते थे कि अधिकार कभी मांगने से नहीं मिलता बल्कि इसके लिए संघर्ष करना पड़ता है।बाबा साहेब नारी सम्मान के मुक्तिदाता कमजोर व उपेक्षित वर्गों के मसीहा थे।कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारिणी रंजीत कुशवाहा ने किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष शहजाद खान,सचिव पप्पू खान, जिला सचिव प्रवीण सोनी, सदर विधानसभा सचिव चंद्रिका रविदास, राजेश कुमार, इंद्रदेव पासवान, निर्मल दास, सौरभ गुप्ता, हरिंदर रवि, नानी गुप्ता ,शिव आशीष गुप्ता,श्रुति गुप्ता ,मो मनीर कुमार,दिवाकर रणवीर सिंह,राकेश सेठ, मो शाहिद,जलेसर पासवान,एडवोकेट वीरेंद्र साहू एवं नंदू साहू उपस्थित थे।



## साइक्लोन मिचोंग का बड़कागांव में व्यापक असर, किसानों को लाखों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** चक्रवाती तूफान मिचोंग का असर बड़कागांव प्रखंड में भी दिख रहा है। प्रखंड में मंगलवार से लेकर बुधवार दिन भर लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बुधवार को पूरे इलाके में सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बेमौसम बारिश के कारण धान की फसल के साथ-साथ अन्य कई फसल बर्बाद हो गए जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों व खुले आसमान के खलिहान में रखे गए धान पानी की चपेट में आ गया जिसके कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं खेतों में लगा धान का फसल बारिश के कारण गिर गया जिसका बुरा असर धान की बालियों में पड़ेगा। धान खेतों में ही झड़ जाएगें जिससे किसानों के माथे पर नुकसान की चिंता सताने लगी है। लगातार बारिश से धान के अलावा आलू, मडुवा, कुर्थी, सुरगुज्जा, सरसों, टमाटर आदी फसलों के अधिक से अधिक नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं बादल और बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई है।



## नावाबान्ध मिट्टि मोरम पथ का मुखिया ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सारूकुदर पंचायत के फ़ाराचांच में नावाबान्ध मिट्टी मोरम पथ का शिलान्यास प्रभारी वनपाल अंशु पाण्डेय, मुखिया उत्तम महतो ने संयुक्त रूप से पूरे विधिविधान से किया। इस बाबत जानकारी देते हुए मुखिया उत्तम महतो ने बताया कि इस पथ का शिलान्यास करने के लिए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल आने वाले थे,परन्तु अतिआवश्यक कार्य के कारण माण्डू विधायक उपस्थित नही जो सके। साथ हीं माण्डू विधायक ने कहा कि गाँव की सरकार के में अहम स्थान रखने वाले मुखिया ही इस कार्य का शिलान्यास करें । इस मौके पर मुख्य रूप से वनरक्षी संजीत कुमार,सरफराज आलम, हिरामन कुमार,वार्ड सदस्य संगीता देवी,रीना देवी,ललिता देवी, रेशमी देवी,मुकेश कुमार,नंदलाल महतो,टेकलाल महतो,मनी माँझी, तालेश्वर माँझी, लालजी मांझी,मुकेश तुरी, योगेंद्र पटेल,फूलचंद महतो, हेमलाल महतो,राजू महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## प्रवासी मजदूरों ने सऊदी अरब से वतन वापसी की लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंड प्रदेश के गिरिडीह,हजारीबाग और बोकारो जिले के मजदूरों का विदेशो में फंसने का सिलसिला थमता ही नही,एक खबर पुरानी होती भी नही की दूसरी खबर आ जाती है। झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला एक बार फिर सामने आया है।इस बार झारखंड के 45 प्रवासी मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं।मजदूरों को काम के बदले कंपनी के द्वारा पांच महीने से मजदूरी नहीं दी जा रही है।इस कारण मजदूरों के समक्ष खाने- पीने का संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से वतन वापसी की गुहार और बकाया मजदूरी की भुगतान किए जाने की मांग की है।

**श्रमिकों की मदद के लिए की अपील :** प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्यरत सिकन्दर अली ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार से मजदूरों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आना नई बात नही रह गई। लोग रोजी रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं,वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। ऐसे हालात में मजदूर बड़ी मुश्किल से अपने वतन लौट पाते हैं।ऐसे सरकार को मजदूरों का पलायन रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है।अभी भी झारखंड के 5 मजदूर पूर्व से ही सऊदी अरब में फंसे हुए हैं,और अब 45 की दूसरी खबर आ रही है,जिसमे गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के तारानारी के अर्जुन महतो,भागिरथ महतो,टेकलाल महतो,बेको के संतोष साव,महेश साव,कामेश्वर साव, खेतको के महेश महतो,रीतलाल महतो,विजय महतो,मुंडरो के अशोक महतो जरमुने सोहन कुमार,डुमरी प्रखंड के बरियारपुर इंद्रदेव महतो,चैनपुर के राजेश कुमार महतो,पोरदाग गणेश साव,डुमरी के सुभाष कुमार,जानकी महतो,

बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के पोखरिया जगदीश महतो,गोनियाटो रामचंद्र महतो,गोमियां प्रखंड के करी के प्रदीप महतो,सीधाबारा के मनोहर महतो हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ प्रखंड के अचलजामू के सहदेव राजवार,रूपलाल महतो,करगालो के बहादुर महतो,नागेश्वर महतो,सीतल महतो,रोहित महतो,मेघलाल महतो,रंजन राज मेहता,सारूकुदर के भैरो महतो,उच्चाघाना के सुकर महतो नंदलाल महतो,लोकनाथ महतो,सुनिल महतो,बलकमक्का के तिलक महतो,थानेश्वर महतो,अम्बाटांड महानंद पटेल,प्रमोद महतो,अनंतलाल महतो,खरकट्टो के तापेश्वर महतो,सीरैय के टोकन सिंह,अलखरी के धानेश्वर महतो,नागी चुरामन महतो,केन्दुवाडीह के भुनेश्वर महतो,जितेंद्र महतो,बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर के बालगोविंद महतो शामिल है।



## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** संयुक्त विहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व श्री कृष्ण वल्लभ सहाय जी के पौत्र आशीष सहाय अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में बुधवार को शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्टीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय के नेतृत्व में आयोजन हुआ।मौके पर आशीष सहाय ने कहा कि कायस्थ समाज के लिए किये जाने वाले कार्य की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। उक्त शिविर का आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के मार्गदर्शन, गिरवर नंदन प्रसाद के आशीर्वाद एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का युवा संगठन के द्वारा संपन्न हुआ। इस ब्लड डोनेट कैंप में अरुण प्रभात सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद अनूप सिन्हा, कृष्णा किशोर प्रसाद, गौतम किशोर प्रसाद, अजय अम्बष्ठा, अर्चना सिन्हा संजय सिन्हा, रूपेश बिहारी लाला, रश्मि लाला, मोहित सिन्हा एवं प्रियंका सिन्हा उपस्थित थे।

## आईलेक्स में बच्चों ने बाबा डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांच में डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर बच्चों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी ब्रांच के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बबलू कुमार, रवि सिंह, रिंकू कुमार और सौरभ कुमार ने अपने - अपने ब्रांच के अनुसार उन्होंने भीमराव अम्बेडकर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डॉ भीम राव अंबेडकर का जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब का दर्जा दलितों के लिए किसी देवता से कम नहीं था। उन्होंने अपने जीवन काल में दलितों के उत्थान के लिए कई ऐसे कार्य भी किए, जिसकी वजह से दलित समाज के जीवन में एक नए सूर्य का उदय हुआ। कलाराम मंदिर सत्याग्रह के बाद डॉ भीमराव अंबेडकर को इतना आभास हुआ और उन्होंने कहा मैं हिंदू धर्म में पैदा जरूर हुआ लेकिन हिंदू धर्म में मरूंगा नहीं और यही कारण था कि उन्होंने अपने जीवन काल में बौद्ध धर्म को अपना लिया था और अंतोगतवा 6 दिसंबर 1956 को उनके प्राण पखेरू उड़ गए। एक गरीब परिवार में जन्मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने बचपन से ही कई कठिनाइयों और सामाजिक कुरीतियों का सामना किया था। डॉ भीमराव अंबेडकर बाल्य काल से ही निर्भीक स्वभाव के थे। बढ़ती उम्र के साथ उन्हें यह समझ आ गया था कि उन्हें इन कुरीतियों से सिर्फ शिक्षा की छाया ही बचा सकती है। यही कारण था कि उन्होंने अपने आपको सबसे पहले शिक्षा प्राप्त करने के लिए अग्रसर किया और फिर दलित के उत्थान में खुद को झोंक दिया।




## आपका योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से ग्रामीण सीधे लाभ उठा रहे हैं : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत सचिवालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत स्तरीय बैठक कि गई। जिसकी अध्यक्षता देव नंदन सिंह एवं संचालन ओम प्रकाश कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया के द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारीयों का घोषणा किया गया। अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष टिकेश्वर बेदिया, गणेश महतो, देव नंदन सिंह, सचिव मनोज महतो, संयुक्त सचिव शिकासन करमाली, संगठन सचिव अशोक मेहता, कोषाध्यक्ष संजय कुमार मुंडा, कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश मुंडा, बालेश्वर बेदिया, योगेश बेदिया, जगदीश विद्या, सुरेंद्र गंझु, आरती देवी, सिकंदर बिटिया, रितु सिंह, बालेश्वर बेदिया, धर्मवीर सिंह, संजय करमाली, संतु बेदिया, लाल बहादुर मांझी, बहादुर बेदिया को बनाया गया। मौके पर श्री बेदिया ने कहा हेमंत सरकार के द्वारा आदिवासी मूल निवासी के लिए कई प्रकार के कल्याणकारी योजना चल रही है उसका लाभ आप लोग सभी ग्रामीण उठाएं। पूरे झारखंड में हेमंत सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाए जा रहा है जिसके माध्यम से ग्रामीण को लाभ मिल रहा है। मुख्य संयोजक संजय सिंह ने कहा 10 दिसंबर दिन रविवार को जी डी एम सभा भवन बड़कागांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है आप लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो।मौके पर मुख्य रूप से रश्मि टुडू, इंद्रदेव राम, संजय करमाली, मोहन मांझी, चतुर धन मुंडा, अनवर बेदिया, पारसनाथ सिंह, अर्जुन बेदिया, शंकर बेदिया, राजेंद्र बेदिया, अखिलेश बेदिया, आरती देवी, उर्मिला देवी, सुनैना देवी, गायत्री देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, जगमानी देवी, कन्हैया यादव, लखपति देवी, लीलावती देवी, कविता देवी, आर्मीलाल मांझी इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## विधायक अंबा प्रसाद ने रामगढ़ उपायुक्त से की मुलाकात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त चंदन कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की।इस दौरान विधायक ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र में डीएमएफटी मद से विकास कार्यों की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने,स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश देने, पतरातु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुनःनिर्माण को लेकर कार्य योजना तैयार करने,महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगारोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन करने,पर्यटन क्षेत्र के विकास,पतरातू डैम के विभिन्न घाटों में सुलभ शौचालय की व्यवस्था, अनेक स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण,पंचायतों में पेयजल की सुविधा ठीक कराने के लिए चापाकल बोरिंग,भुरकुंडा सहित विभिन्न स्थलों में हाय मास्ट लगाने,पालू पंचायत में स्थित ग्रोथ सेंटर को प्रभावी बनाने समेत अनेकों प्रस्तावों के क्रियान्वयन कराने की बात रखी।

## 9 दिसंबर को रेलवे अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू रेलवे परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित रेलवे अस्पताल में अगामी 9 दिसंबर को मेदांता हॉस्पिटल रांची एवं रेलवे हॉस्पिटल पतरातू के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जाएगा। जिसमें डॉ.निलेश मिश्रा हड्डी रोग विशेषज्ञ व डॉ अमूल्या स्वाती प्रसूती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ व अन्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मीयों की उपस्थिति में रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। बताया गया है कि रोगियों को शिविर के माध्यम से मिलने वालीं निःशुल्क सुविधाओं में ब्लड प्रेशर , ब्लड आक्सीजन, वजन जांच, ब्लड शुगर तथा शिविर में उपस्थित मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और नियमित जांच के महत्व संबंधित परामर्श की व्यवस्था की गई है।

## वारिस पब्लिक स्कूल में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीटीपीएस स्थित वारिस पब्लिक स्कूल में बुधवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जहाँ शिक्षकों द्वारा बच्चों को बाबा साहब के जीवन से जुड़ी बातों एवं उनके जीवन से जुड़ी संघर्षो के बारे में बताया गया कि किन कठिन परिस्थितियों में बाबा साहब ने संघर्ष करते हुए अपना यह स्थान बनाया। साथ ही बताया कि बाबा साहब महान क्रांतिकारी राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक थे। जिन्होंने समाज के वंचितो एवं दबे कुचले पिछड़ी वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए संघर्ष किया एवं समाज में उन्हें न्याय दिलाया। साथा ही बताया कि बाबा साहब ने संविधान का निर्माण किया हम उन्हें संविधान निर्माता के रूप में भी जानते हैं। इस अवसर पर बच्चों ने भी बाबा साहब की जीवनी से जुड़ी बातों को रखा। कार्यक्रम में रेखा रानी मंजू अंजलि नीलम तरन्नुम नेहा डोली प्रिया प्रीति ऋषिका टीचर्स ने अपने विचार रखे।

## सिरका नप 16 में आपकी सरकार कार्यक्रम में 250 आवेदन हुए प्राप्त

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद के सिरका वार्ड 16 के सामुदायिक भवन के प्रांगण में गुरुवार को आपके द्वारा आपकी सरकार कार्यक्रम आयोजित हुई। इसमें कुल 250 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें राशन कार्ड 80, वृद्धा पेंशन सात, विधवा पेंशन तीन, विकलांग पेंशन एक, कंबल वितरण 120, उज्जवला गैस 5, आवास 25 आदि शामिल हैं। यहां पहुंचे अजय कुमार पिता दुलारचंद, वासुदेव महतो, सोमनाथ महतो आदि ने बताया कि बीते तीन सालो से राशनकार्ड, आवास के लिए दौड़ लगा फार्म भर रहे है, लेकिन फायदा नहीं मिल पा रहा है, केवल आश लगी हैं। कैंप में सुविधा अनुसार सबंधित फार्म भी उपलब्ध नहीं हो पाता है। शिविर में लोगो की भीड़ कम दिखी। इधर नप कर्मियो ने बताया कि लोगो के आवेदन जमा लिए जा रहे है, आवश्यक कारवाई सबंधी विभाग करेंगे। मौके पर नप सीओ कंचना कुमारी ,वार्ड जमादार शमीम अख्तर, अलिफ, सीआरपी अनिता कुमारी,लाजवंती देवी व कंप्यूटर ऑपरेटर, सफ़ाई मित्र आदि उपस्थित थे।

## अरगड्डा में डॉ. भीमराव की पुण्यतिथि दी गई श्रद्धांजलि

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बाजार स्थित डॉक्टर भीमराव अम्बेडर की प्रतिमा पर पुण्यतिथि के अवसर पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर बाबा साहेब के आत्मा शांति के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान समाजसेवी रंजीत पासवान ने सभी से संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज निर्माण का संकल्प लिया। आह्वान किया कि समय दर समय महापुरुषों को नमन करने से उस दौर के क्रियाकलाप और विकट परिस्थितियो को यादकर बल मिल सकता हैं। मौके पर कई लोगों व बच्चे उपस्थित थे।

## दुर्व्यवहार के खिलाफ अधिवक्ता संघ आक्रोशित आंदोलन की चेतावनी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के सम्मानित अधिवक्ता भैरव ठाकुर के साथ सुबह अपनी कार लगाने के दौरान मुख्यालय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीव मिश्रा द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की जानकारी अधिवक्ताओं को इस घटना की जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं द्वारा दोपहर 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक अधिवक्ता भवन के बाहर रोड को जामकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई एवं 5ः00 बजे अधिवक्ता संघ के परिसर में अधिवक्ताओं का एक आम सभा बुलाई गई जिसमें सभी अधिवक्ता से चर्चा करने के पश्चत यह निर्णय लिया गया कि कल पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सारी घटना संबंधित एक आवेदन देकर 12 घंटा के अंदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाएगा साथ ही कल सभी अधिवक्ता काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य का निष्पादन करेंगे यदि पुलिस अधीक्षक द्वारा 12 घंटा के अंदर कोई कार्यवाही नहीं की जाती हैं तो शुक्रवार को सुबह 11ः00 बजे से अधिवक्ता नेशनल हाईवे को जाम करेंगे इसकी सूचना प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायाधीश, राज्य सरकार को भी देने का निर्णय लिया गया।

## चामरोम के कुआं में मिला चार दिनों से लापता व्यक्ति का शव

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा थाना क्षेत्र के चामरोम के एक कुआं में 65 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। जिसकी पहचान नया जामसिंग गाँव निवासी 65 वर्षीय दिनेश्वर महतो पिता के रुप मे हुई। बताया जाता है कि चामरोम गाँव स्थित छोटकी बगीचा के एक कुआं में बुधवार की सुबह लगभग 10ः00 बजे कुछ लोगों के द्वारा शव को तैरता हुआ देखा। इसके बाद पूरे गांव में यह खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते दर्जनों लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना रजरप्पा थाने को दी इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। काले रंग का जैकेट और ब्लू रंग का जींस पहने मृतक व्यक्ति की पहचान वहां मौजूद ग्रामीणों द्वारा नहीं हो सकी। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा शव की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। इस बीच शव की पहचान मृतक व्यक्ति के एक पुत्र संजय कुमार महतो द्वारा किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक व्यक्ति के पुत्र संजय कुमार ने बताया कि मेरे पिता बीते शनिवार से घर से लापता थे। उनकी खोजबीन सभी संभावित स्थान, रिश्तेदारों की यहां की गई। लेकिन उनका कहीं अता-पता नहीं चला। मालूम हो कि मृतक व्यक्ति अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं।

## रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने छावनी परिषद के अधिकारी को ज्ञापन दिया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व मे रामगढ छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी से मिलकर शहर की मूलभूत समस्याओ के संबंध मे ज्ञापन दिया। चैम्बर ने मुख्य रूप से शहर मे जमीन की रजिस्ट्री मे आ रही समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने,न्यु बस स्टैंड से शनिचरा बाजार वाया गुलयारी बाग सडक के मरम्मत कार्य को जल्द करवाने, नेहरू रोङ की सडक का मरम्मत करवाने, शहर के सातो वार्डो मे साफ सफाई की उचित व्यवस्था करवाने, सब्जी मंडी के लिए उचित जगह की व्यवस्था करवाने,तथा सडको पर घुमने वाले लावारिस पशुओ के लिए कांजी हाउस का निर्माण करवाने की मांग रखी।

### ओम प्रकाश सिंह अध्यक्ष व सचिव मनोज महतो को बनाया गया

## हेमंत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत गरसुला पंचायत सचिवालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक कि गई। जिसकी अध्यक्षता देव नंदन सिंह एवं संचालन ओम प्रकाश कुमार ने किया। वहीं इसमे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त के सदस्य संजीव कुमार बेदिया मौजूद रहे। वहीं बेदिया के द्वारा कमिटी का गठन किया गया जिसमें नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। वही अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह उपाध्यक्ष टिकेश्वर बेदिया गणेश महतो देव नंदन सिंह सचिव मनोज महतो, संयुक्त सचिव शिकासन करमाली, संगठन सचिव अशोक मेहता कोषाध्यक्ष संजय कुमार मुंडा कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश मुंडा, बालेश्वर बेदिया, योगेश बेदिया, जगदीश विद्या,सुरेंद्र गंजू, आरती देवी, सिकंदर बेदिया, रितु सिंह, बालेश्वर बेदिया, धर्मवीर सिंह,संजय करमाली,संतु बेदिया, लाल बहादुर मांझी, बहादुर बेदिया को बनाया गया। वहीं संजीव बेदिया ने कहा हेमंत सरकार के द्वारा आदिवासी मूल निवासी के लिए कई प्रकार के कल्याणकारी योजना चल रही



है इसका लाभ आप लोग सभी ग्रामीण उठाएं पूरे झारखंड में हेमंत सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाए जा रहा है।जिसके माध्यम से ग्रामीण को लाभ मिल रहा है। मुख्य संयोजक संजय सिंह ने कहा 10 दिसंबर दिन रविवार को जी डी एम सभा भवन बड़कागांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है आप लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए कहा गया।वहीं इस मौके पर रश्मि टुडू , इंद्रदेव राम ,संजय करमाली, मोहन मांझी ,चतुर धन मुंडा , सुनैना देवी, गायत्री देवी, सुनीता देवी,कविता देवी,आर्मीलाल मांझी, इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष व ग्रामीण उपस्थित थे।

## नए भारत में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का सपना हुआ साकार : शाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश में लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35 को खत्म करने के लिए आवाजें उठती रहीं लेकिन कांग्रेस हर बार इस मांग को सिरे से खारिज करते हुए इस पर बात तक करने से भी इंकार करती रही। कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के चलते जम्मू-कश्मीर की जनता को अंधेरे में रखते हुए अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का काम किया। देश की आजादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। कांग्रेस की सरकार में जम्मू-कश्मीर के क्या हालात थे, ये सच किसी से छुपा नहीं है। कश्मीर में चारों ओंर दंगे फसाद, आतंकी घटनाएं, पत्थरबाजी, जिहादी दंगे, रोते-बिलखते मासूम यही जम्मू-कश्मीर की सच्चाई थी। एक देश का हिस्सा होते हुए भी जम्मू-कश्मीर का अपना झंडा था, अपना संविधान था, यहां तक कि अपनी सरकार भी थी। किंतु आज मोदी सरकार के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर



की एक अलग ही तस्वीर देखने को मिलती है। मोदी सरकार सत्ता में आने से पहले ये संकल्प लेकर आई थी कि वो देश से 2 निशान, 2 संविधान और 2 प्रधान के सिद्धांत को खत्म कर देगी और हुआ भी ऐसा ही। 5 अगस्त, 2019 को मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35 को सदा के लिए समाप्त कर दिया गया और जम्मू-कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न हिस्सा बना दिया गया।

## सयाल अंबेडकर भवन में बाबा साहब की 67वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**उरीमारी :** सयाल अंबेडकर भवन ग्राउंड में स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष बुधवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 67वी पुण्यतिथि मनाई गई यहां सयाल के पुर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेन्द्र यादव के नेतृत्व में बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। झामुमो नेता सतेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा साहब एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद, धर्म दर्शन के विद्वान और समाज सुधारक थे। हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं वहीं इस मौके पर सुचित राम, रामजी राम, खजांची राम, संजय शर्मा,प्रभु पासवान, अरविन्द राम, कालीचरण करमाली, सुनील कुमार, रितेश राम, दीप नारायण राम, राकेश कुमार, राजनाथ राम, रामकरण राम, विश्वरंजन राम, अर्जुन सिंह, रामकृपाल मालाकार, बच्चन पांडे, राम प्रसाद महतो आदि लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा**

पत्रांकः—1132 सिमडेगा,दिनांकः—

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांकः—782, दिनांकः—22.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः—WRD/MID SIMDEGA/ F2-03/2023-24 दिनांकः—22.11.2023 जो, दिनांकः—23.11.2023. एवं 24.11.2023 को विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी0 आर0 नम्बर—311756 minor Irrigation (2023-24)D वर्षः—2023—24 है एवं बेवसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है, को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता हैः—

| कमांक | निविदा सूचना संख्या | Particulars | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | 03 | Name of the Work:- Construction of Checkdam of Sanbotha Toli Nala, Block-Kolebira, Simdega. | Date of Opening of e-tendar का दिनांकः—20.12.2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांकः—21.12.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय। |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा

PR 312808 Minor Irrigation(23-24)*D



**Govt. of Jharkhand**
**Office of the Executive Engineer**
**National Highway Division, Hazaribagh**
South of PTC Ground, Hazaribagh – 825301Phone No. – 06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com / eenhhazari-jhr@nic.in

**Short Notice Inviting Tender**

**Tender Reference No. : NH/HAZARIBAGH/2023-24/08**

**Dated 06.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rehabilitation of Bridge at Km 24th on NH-22 (Old NH-99) on Ghangri Bridge in the year 2023-24 |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | ₹ 63,42,604=41 (Rupees Sixty-three Lakh Forty-two Thousand Six Hundred Four and Paise Forty-one) only |
| 3 | Time of Completion | 3 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 06.12.2023 from 10:00 am |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids online | 20.12.2023 up to 5:00 pm |
| 6 | Last date/time for physical submission of Challan, BG, EMD etc. | 22.12.2023 upto 2.00 pm |
| 7 | Bid Opening Date and Place | 22.12.2023 at 3:00 pm, at Office of the Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi |
| 8 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, National Highway Division, Hazaribagh. |

***Note :** The estimate cost of work is inclusive of GST and Labour Cess.*

Further details can be seen on e-tendering portal https://eprocure.gov.in/eprocure/app

**Executive Engineer**
**NH Division, Hazaribagh**

**PR 312819 Road(23-24)#D**



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(विकास शाखा)**

अति अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023—24 में EAP-SDG आकांक्षी जिला कार्यक्रम नीति आयोग अंतर्गत स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में प्राप्त राशि से **Management of Undernourished Children and Mobile Telemedicine Van at Village Level, Khunti Distict** के "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (**Request for Proposal**)" आमंत्रित की जाती है। मानक स्तर के कम्पनियाँ/प्रमाणिक बिक्रेताएँ/उनके अधिकृत बिक्रेताएँ इच्छुक संस्थान विभिन्न शर्त्तों के अनुरूप अपना प्रस्ताव/विस्तृत विवरणी "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (**Request for Proposal**)" अंतर्गत दिनांक 20.12.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक विकास शाखा, उपायुक्त कार्यालय, खूँटी में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 20.12.2023 के अपराह्न 1.00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (**Request for Proposal**)" पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अल्पकालीन निविदा की नियम एवं शर्त्ते खूँटी जिला के वेबसाईट www. khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
खूँटी

PR 312840 (District)23-24*D


## पतरातु डॉ. भीमराव अंबेडकर की 68 वीं पुण्यतिथि मनायी गई



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातु ब्लॉक मोड़ स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की कट आउट चित्र पर माल्यार्पण कर डॉ भीमराव अंबेडकर की 68 वीं पुण्यतिथि मनाया गया। मौके बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे तथा मौके पर उपस्थित लोगों ने श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए माल्यार्पण करने के बाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मार्गदर्शन पर चलने एवं उनके उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इधर सांकुल से काफी संख्या में महिला पुरुष पदयात्रा कर जुलूस निकालकर ब्लॉक मोड़ स्थित भीमराव अंबेडकर के कट आउट चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर विश्वनाथ राम,सुखदेव रवि,उदय मालाकार,कन्हैया महतो,रामकुमार राम,दशरथ सिंह,रामकुमार राम,दशरथ सिंह,मुरली राम,रिंकू राम, बबलू राम,गोपाल गुप्ता,राजन कुमार, रुपलाल राम के संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।


**न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**न्यायालय सूचना**

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध थाना काण्ड में जप्त वाहनों/जप्त वन पदार्थों से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंम्भिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी–किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि **22.12.2023** को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 21/2020 | 55/2020 | 1. डम्फर सं0 JH-02E-9156 कोयला–07 टन<br>2. डम्फर सं0 JH-06C-6141 कोयला–07 टन<br>3. डम्फर सं0 JH-01J-7711 कोयला – 07 टन<br>4. ट्रैक्टर नं0 JH-01CF-5400 कोयला – 3 टन | 22.12.2023 |
| 2 | कटकमदाग थाना काण्ड संख्या 12/2021 | 64/2022 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर 275 DI<br>2. आईसर ट्रैक्टर 280<br>3. स्कौट ट्रैक्टर कुल कोयला – 6 टन | 22.12.2023 |
| 3 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 71/2022 | 65/2022 | स्वराज ट्रैक्टर ई0 सं0 KLSII39001111 कोयला 3 टन | 22.12.2023 |
| 4 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 52/2022 | 15/2023 | 1. आईसर ट्रैक्टर 280– JH-01CM-5950<br>2. जॉनडीयर ट्रैक्टर 5036C, JH-02S-3522<br>3. ट्रैक्टर– BR-02D-8389 कोयला – 8 टन | 22.12.2023 |
| 5 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 56/2021 | 09/2023 | ट्रैक्टर चे0 नं0 381322/SEN- 2716 कोयला – 02 टन | 22.12.2023 |
| 6 | कटकमदाग थाना काण्ड संख्या 113/2022 | 17/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 275 DI कुल कोयला – 2 टन | 22.12.2023 |
| 7 | चौपारण थाना काण्ड संख्या 252/2022 | 19/2023 | 1. ट्रक सं0 JH-02AN-4750 कोयला – 25.090 टन<br>2. ट्रक सं0 JH-10BP-5136 कोयला – 29.8 टन<br>3. ट्रक सं0 UP-27AT-1793 कोयला – 29.2 टन<br>4. ट्रक सं0 BR-29GA-4808 कोयला – 25.01 टन<br>5. ट्रक सं0 JH-10BK-7203 कोयला – 31.24 टन<br>6. ट्रक सं0 JH-02U-9671 कोयला – 24.75 टन<br>7. ट्रक सं0 JH-02AC-6894 कोयला – 24.75 टन | 22.12.2023 |
| 8 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 23/2022 | 96/2023 | कोयला–04टन | 22.12.2023 |
| 9 | कम्पलेन केस संख्या 795/2023 | 24/2023 | महिन्द्रा पिकअप ईजन नं0 TBJIH70036 चेचिस नं0 MA12N2TBKJIH63482 कोयला– 03 टन | 22.12.2023 |
| 10 | कम्पलेन केस संख्या 824/2023 | 26/2023 | ट्रैक्टर ईजन नं0 PKXB 13417 चेचिस नं0 1264158435 बोटा– 06 पीस | 22.12.2023 |
| 11 | कम्पलेन केस संख्या 856/2023 | 27/2023 | बेलेरो पिकअप नं0 BR-03K-8454 कोयला– 02 टन | 22.12.2023 |
| 12 | कम्पलेन केस संख्या 323/2023 | 29/2023 | महिन्द्रा सवारी नं0 BR-44P-0488 कोयला– 02 टन | 22.12.2023 |
| 13 | कम्पलेन केस संख्या 270/2023 | 32/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर, बोटा– 06 पीस | 22.12.2023 |
| 14 | कम्पलेन केस संख्या 10/2023 | 33/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर, कोयला– 03 टन | 22.12.2023 |
| 15 | कम्पलेन केस संख्या 491/2023 | 34/2023 | सेट्रो कार– JH-01F-5493 कोयला– 0.5 टन | 22.12.2023 |
| 16 | कम्पलेन केस संख्या 860/2023 | 35/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर ईजन नं0 3095F72K130048, चेचिस नं0 CZFSY-130324, कोयला– 2 टन | 22.12.2023 |
| 17 | कम्पलेन केस संख्या 404/2023 | 36/2023 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर कोयला– 2.5 टन | 22.12.2023 |
| 18 | कम्पलेन केस संख्या 393/2023 | 40/2023 | ट्रक–407 JH-02AP-4634 कोयला– 3 टन | 22.12.2023 |
| 19 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 311/2022 | 42/2023 | कोयला–20 टन | 22.12.2023 |
| 20 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 196/2014 | 43/2023 | कोयला–7.5 टन | 22.12.2023 |
| 21 | चौपारण थाना काण्ड संख्या 352/2022 | 44/2023 | ट्रक– UP-72AT-1511, कोयला–30 टन | 22.12.2023 |
| 22 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 280/2022 | 45/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ईजन नं0 KFILS31XK08A, चेचिस नं0 006505439CI, कोयला– 2.5 टन | 22.12.2023 |
| 23 | कम्पलेन केस संख्या 1036/2023 | 47/2023 | महिन्द्रा 735 DI ईजन नं0 00558519 RI चेचिस नं0 CO5556238R2, कोयला– 02 टन | 22.12.2023 |
| 24 | कम्पलेन केस संख्या 790/2023 | 50/2023 | पिकअप भान– JH-12B-3619 कोयला– 1.5 टन | 22.12.2023 |
| 25 | कम्पलेन केस संख्या 90/2023 | 51/2023 | बोलेरो पिकअप ईजन नं0 GG81E-38806 बल्ली– 29 पीस | 22.12.2023 |
| 26 | कम्पलेन केस संख्या 1000/2023 | 53/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर– ईजन नं0 BZJSAT60862553 कोयला– 03 टन | 22.12.2023 |
| 27 | कम्पलेन केस संख्या 272/2023 | 63/2023 | कोयला– 45 टन | 22.12.2023 |
| 28 | कम्पलेन केस संख्या 97/2023 | 67/2023 | आरा मषीन पत्ती–1, चिरान पटरा–20 पीस | 22.12.2023 |
| 29 | कम्पलेन केस संख्या 98/2023 | 68/2023 | आरा मषीन पत्ती–1, पटरा–09 पीस, बोटा– 02 पीस | 22.12.2023 |
| 30 | कम्पलेन केस संख्या 363/2023 | 69/2023 | आरा मषीन पत्ती–1, फल्ली– 07 पीस | 22.12.2023 |
| 31 | कम्पलेन केस संख्या 547/2023 | 70/2023 | Diesel Engine- D910082/1400872, पटरा–26 पीस, साल बोटा– 24 पीस | 22.12.2023 |
| 32 | कम्पलेन केस संख्या 972/2023 | 71/2023 | मषीन चक्का–1, पत्ती–02, बोटा–7, पटरा–10 पीस | 22.12.2023 |
| 33 | कम्पलेन केस संख्या 975/2023 | 72/2023 | मषीन चक्का–1, पत्ती–01, पटरा–15 पीस | 22.12.2023 |
| 34 | कम्पलेन केस संख्या 929/2023 | 73/2023 | पत्ती–1, पटरा–19 पीस | 22.12.2023 |
| 35 | कम्पलेन केस संख्या 494/2023 | 75/2023 | पत्ती–01, ईजन–01, बोटा– 16, चिरान –31 पीस | 22.12.2023 |
| 36 | कम्पलेन केस संख्या 469/2023 | 76/2023 | पत्ती–01, ईजन–01, बोटा– 14, चिरान –14 पीस | 22.12.2023 |
| 37 | कम्पलेन केस संख्या 882/2023 | 77/2023 | बोटा– 9 पीस , हाथ मशीन–01 | 22.12.2023 |
| 38 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 58/2023 | 78/2023 | कोयला– 07 टन | 22.12.2023 |
| 39 | कम्पलेन केस संख्या 309/2023 | 79/2023 | बोटा– 5 पीस, बैलगाडी– 1 | 22.12.2023 |
| 40 | कम्पलेन केस संख्या 1689/2023 | 81/2023 | पत्ती–01, ईजन–01, चक्का–01, बोटा– 5, चिरान –35 पीस | 22.12.2023 |
| 41 | कम्पलेन केस संख्या 144/2022 | 97/2023 | कोयला – 30 टन | 22.12.2023 |
| 42 | कम्पलेन केस संख्या 1296/2023 | 98/2023 | पत्ती–30 फीट, बोटा– 8, चिरान –15 पीस | 22.12.2023 |
| 43 | कम्पलेन केस संख्या 1430/2023 | 99/2023 | पत्ती–80 फीट, ईजन–01, चक्का– 02, बोटा– 21, चिरान –10 पीस | 22.12.2023 |
| 44 | कम्पलेन केस संख्या 1855/2023 | 100/2023 | जे0सी0बी0 पोकलेन– ईजन सं0– 26/925315, MFL/60-039D | 22.12.2023 |
| 45 | कम्पलेन केस संख्या 2111/2023 | 104/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईजन सं0 –E5112EF2584 , चेचिस सं0–C05556238R3 , बल्ली –200 पीस | 22.12.2023 |
| 46 | कम्पलेन केस संख्या 1967/2023 | 105/2023 | बोटा– 10 पीस | 22.12.2023 |
| 47 | कम्पलेन केस संख्या 1966/2023 | 106/2023 | चक्का–02, पत्ती–02, बोटा– 07पीस | 22.12.2023 |
| 48 | कम्पलेन केस संख्या 1914/2023 | 107/2023 | सॉ ब्लेड–01, पत्ती–32 फीट, ईजन–02, बोटा– 11, चिरान –31 पीस | 22.12.2023 |
| 49 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 15/2023 | 110/2023 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर– 434, कोयला – 3 टन | 22.12.2023 |
| 50 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 30/2023 | 114/2023 | ट्रक– JH-02AF-5467, कोयला – 20 टन | 22.12.2023 |
| 51 | कम्पलेन केस संख्या 2532/2023 | 116/2023 | टाटा पिकअप– JH-03J-0849, बोटा– 29 पीस | 22.12.2023 |
| 52 | कम्पलेन केस संख्या 2749/2023 | 117/2023 | टाटा ट्रक– JH-02L-2247, अबरख | 22.12.2023 |
| 53 | बडकागांव थाना काण्ड संख्या 64/2023 | 118/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI चेचिस सं0–005558519R1 , कोयला– 100 Cft. | 22.12.2023 |
| 54 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 18/2023 | 118/2023 | टरबो ट्रक सं0 JH-01BN- 7965 कोयला 05 टन | 22.12.2023 |
| 55 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 63/2023 | 120/2023 | कोयला 12 टन | 22.12.2023 |
| 56 | मुफसिल थाना काण्ड संख्या 214/2022 | 121/2023 | सेन्ट्रो कार सं0 MH-14-1971 कोयला 41 बोरा | 22.12.2023 |
| 57 | ईचाक थाना काण्ड संख्या 222/2022 | 122/2023 | 1.407 ट्रक सं0 JH-10H-6833<br>2.टरबो ट्रक सं0 JH-02A-5047 कोयला 14 टन | 22.12.2023 |

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 312823 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

## टाटा डीएवी जामडोबा में खेल महोत्सव का शुभारम्भ




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी जामडोबा में डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, नई दिल्ली के तत्त्वावधान में क्लस्टर स्तर पर आयोजित होने वाली द्विदिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ खेल महोत्सव के मुख्यातिथि चीफ़ एच. आर. पंकज दास, टिस्को झरिया डिवीजन के कर कमलों से ध्वजारोहण से हुआ। शुभारम्भ कार्यक्रम में खेल महोत्सव के प्रमुख प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा, टाटा डीएवी जामाडोबा तथा टिस्को के कद्दावर नेता संतोष महतो, प्राचार्य आशीष मंडल, डीएवी महुदा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इनकी गरिमामयी उपस्थिति से झारखण्ड जोन ई के बारह डीएवी विद्यालयों से आये लगभग 150 प्रतिभागी उत्साहित हुए। डीएवी जामाडोबा के छात्राओं ने स्वागत नृत्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने अतिथियों को डीएवी खेल प्रतियोगिता की रूपरेखा और उद्देश्य से परिचित कराया तथा प्रतिभागियों को खेल का महत्व समझाते हुए अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन के लिये प्रेरित किया। मुख्य अतिथि पंकज दास ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को पढ़ाई के साथ खेल में भी बढ़ चढ़ कर रुचि और हिस्सा लेने के लिये प्रेरित किया।

## वाटर सप्लाई पाइप के ऊपर से नदी में गिरी महिला, घायल



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर की रहने वाली गायत्री देवी पुराना पुल के पास अचानक नदी में गिर कर घायल हो गई। वही इलाज के लिए आनन फानन में स्थानीय लोगो के द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया ।बताया गया कि महेंद्र पासवान की पत्नी गायत्री देवी पति बरगंडा पुराना पुल के पास मंदिर में रोज़ पूजा करने जाती है।मंगलवार शाम को भी यह मंदिर आई थी और रात में घर जाने के लिए वाटर सप्लाई पाइप के ऊपर से नदी पार कर रही थी।इसी दौरान अचानक नदी में गिर गई।जिससे इसके चहरे पर पत्थर से चोट लगने से बुरी तरह घायल हो गई।

## अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी कर सकते हैं खिलाड़ी पेंशन योजना के लिए आवेदन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड, ध्यानचन्द अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल, एशियन गेम में पदक विजेता वैसे खिलाड़ी, जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है, को ÷खिलाड़ी पेंशन योजना÷ हे तहत पेंशन प्रदान किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि उपरोक्त प्रावधानों के आधार पर जिला के योग्य एवं इच्छुक खिलाड़ी 10 दिसंबर 2023 तक जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा प्राप्त आवेदनों की सत्यता एवं आवेदक की पात्रता की जाँच कर पेंशन की स्वीकृति पर विचार करने हेतु निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय को उपलब्ध कराया जाएगा।

## कतरास में राणी सती दादी का धूमधाम से जन्मोत्सव मना



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राणी सती दादी मंदिर में बुधवार को राणी सती दादी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दादी मंदिर में आयोजित मंगल पाठ में दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया। दादी राणी सती का अलौकिक सिंगार हुआ। अखंड ज्योत चलायी गयी। मंगल पाठ किया गया। विद्वान पंडितो द्वारा पूरे विधि विधान के साथ राणी सती दादी की पूजा अर्चना की गयी। राणी सती दादी के भक्ति गीतों पर महिला श्रद्धालु झूम उठे। धनबाद से आए कलाकार विवेक अग्रवाल एवं कंचन पांडे की टीम ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर महिलाएं थिरकी। मौके पर डॉ बी एन चौधरी, अधिवक्ता डीएन चौधरी, कविता अग्रवाल, राखी चौधरी, दीपा अग्रवाल, सीमा चौधरी, अमृता अग्रवाल, रितु अग्रवाल आदि शामिल थी।

### मिचौंग की वजह से बदला मौसम का मिजाज

## गिरिडीह में हो रही बारिश, आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार से झारखंड में साइक्लोन मिचौंग का असर नजर आने लगा है। कल शाम से हल्की- हल्की बारिश गिरिडीह समेत राज्य के कई हिस्सों में हो रही है। आसमान में बादल छाए हुए हैं।बुधवार सुबह से हल्की ठंड भी बढ़ी है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अभी झारखंड में इसका और असर दिखेगा। आज बुधवार और कल गुरुवार को साइक्लोन मिचौंग का असर राज्य के कई हिस्सों में ज्यादा नजर आयेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि बुधवार से ही राज्य के कई हिस्सो में तूफान का असर दिखने लगेगा। गुरुवार को भी तूफान का असर राज्य के कई हिस्सों में दिखेगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार से मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है। मौसम का मिजाज 4 दिसंबर से बदलना शुरू हुआ है और अभी 8 दिसंबर तक मौसम के मिजाज में कोई खास बदलाव नहीं आयेगा। 8 दिसंबर के बाद मौसम धीरे- धीरे सामान्य होगा लेकिन तापमान में गिरावट आ सकती है और ठंड बढ़ेगी।

# सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर, वीडियो वायरल कर सरकार से वतन वापसी की लगाई गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है।झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला एक बार फिर सामने आया है।इस बार झारखंड के 45 प्रवासी मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं। मजदूरों को काम के बदले कंपनी के द्वारा पांच महीने से मजदूरी नहीं दी जा रही है।इससे मजदूरों के समक्ष खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से वतन वापसी की गुहार और बकाया मजदूरी की भुगतान किए जाने की मांग की है। प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार से मजदूरों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। लोग रोजी रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं, वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। ऐसे हालात में मजदूर बड़ी मुश्किल से अपने वतन लौट पाते हैं।ऐसे सरकार को मजदूरों का पलायन रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है।अभी भी झारखंड के 5 मजदूर जो सऊदी अरब में फंसे हुए हैं। बगोदर प्रखंड के तारानारी के अर्जुन महतो, भागिरथ महतो, टेकलाल महतो, बेको के संतोष साव, महेश साव, कामेश्वर साव, खेतको के महेश महतो, रीतलाल महतो, विजय महतो, मुंडरो के अशोक महतो जरमुने सोहन कुमार, डुमरी प्रखंड के बरियारपुर इंद्रदेव महतो, चैनपुर के राजेश कुमार महतो, पोरदाग गणेश साव, डुमरी के सुभाष कुमार,जानकी महतो, बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के पोखरिया जगदीश महतो, गोनियाटो रामचंद्र महतो, गोमियां प्रखंड के करी के प्रदीप महतो, सीधाबारा के मनोहर महतो हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ प्रखंड के अचलजामू के सहदेव राजवार, रूपलाल महतो, करगालो के बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, सीतल महतो, रोहित महतो, मेघलाल महतो, रंजन राज मेहता, सारूकुदर के भैरो महतो, उच्चाघाना के सुकर महतो नंदलाल महतो, लोकनाथ महतो, सुनिल महतो, बलकमक्का के तिलक महतो, थानेश्वर महतो, अम्बाटांड महानंद पटेल, प्रमोद महतो, अनंतलाल महतो, खरकट्टे के तापेश्वर महतो, सीरैय के टोकन सिंह, अलखरी के धानेश्वर महतो, नागी चुरामन महतो, केन्दुवाडीह के भुनेश्वर महतो, जितेंद्र महतो, बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर के बालगोविंद महतो शामिल है।

## पुलिस का अमानवीय चेहरा उजागर अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति से की बर्बरता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले की बिगड़ती विधि व्यवस्था के लिए धनबाद पुलिस इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसके साथ जिले की पुलिस का एक अमानवीय चेहरा भी सामने आया है। वायरल वीडियो में एक अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति को पुलिस जमीन पर पटक कर उसके साथ बर्बरता के साथ पेश आ रही है। एक पुलिसकर्मी उसके एक पैर को अपने पैर से दबा कर रखा है। जबकि दूसरे पुलिसकर्मी के द्वारा उसके सीने पर पैर रखकर उसे दबाने की कोशिश की जा रही है। बर्बरता के साथ पेश आ रही पुलिस से मारपीट नही करने की एक महिला को विनती करते हुए भी देखा जा सकता है। इस संदर्भ मे बैंक मोड़ थाना के प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने वीडियो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजकमल स्कूल के पास बच्चों को एक अर्ध विक्षिप्त के द्वारा परेशान करने की सूचना गश्ती दल को मिली थी। वह आने जाने वाले बच्चों को काफी परेशान कर रहा था। लोगों की सूचना पर गश्ती दल मौके पर पहुंची। जिसके बाद उसे गश्ती दल के द्वारा पकड़ कर उसके घर तक छोड़ा गया है।

## टेंपो चालक ने पेश की मानवता की मिसाल रुपए से भरे बैग को वापस किया




**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर में एक फिर दिखा मनवता जहाँ एक वृद्ध महिला का रुपये से भरा प्लास्टिक का थैला सड़क किनारे एक दुकान के बाहर गिरा पडा था। टेम्पू चालक इदरीश अंसारी ने जब प्लास्टिक का थैला देखा तो उसने उठा लिया । वहीं उठाने के बाद श्रृंगार दुकान के मालिक नवीन चौरसिया को बताया की एक प्लास्टिक का थैला रोड पर मिला है उसमे मोटा सा लग रहा है । शायद रुपये है भरा इसमें उसके जब थैला को देखा गया तो उसमें बैंक ऑफ इंडिया का पासबुक और रुपये था । जिसके बाद पता चला की बरांय गॉव नीम टोला निवासी देवकी देवी का है । उक्त महिला को टेम्पू चालक ने सभी के सामने रुपये उक्त महिला को दिया । जहाँ चर्चा का विषय है लोगों का कहना है की आज भी मानवता कुछ लोगो के पास है जो समय आने पर उजागर होता है । लोग इसे लेकर सोशल मीडिया में भी इदरीश अंसारी की खुब तारीफ कर रहे हैं ।

# जनता के लिए विकास और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं लेकर आई है आपके द्वार अभियान : मथुरा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के दक्षिणी छोर स्थित कदैया फुटबॉल मैदान में आज बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की की संयुक्त उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई। इस शिविर में उपस्थित जन समूहों को संबोधित करते टुंडी विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस तरह के आयोजन से टुंडी की विकास एवं रोजगार निहित है इस शिविर के द्वारा लोगों को रोजगार एवं विकास के साथ-साथ खुशी एवं हरियाली का पैगाम लेकर सरकार आई है आपके द्वार ।

इस शिविर में जाति प्रमाण पत्र ,एवं छात्राओं के बीच साइकिल का चेक, जॉब कार्ड ,के साथ पौधा वितरण, सर्जन पेंशन पर ऑन द स्पोर्ट स्वीकृति पत्र, महिलाएं स्वयं सहायता समूह को तेरह लाख पचास हजार रुपए का सांकेतिक चेक, परिचय पत्र, वन पट्टा ,लाभुकों के बीच जाति प्रमाण पत्र ,समेत कई सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया। इस दौरान राज्य सरकार की कई ऐसे महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को मुहैया कराया गया शिविर में मुख्य रूप से जिला बंदोबस्त पदाधिकारी विक्रांत सिंह, जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की ,उनके प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की ,मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया, झामुमो नेता आंनद महतो, प्रज्ञा केंद्र के सहजाद अंसारी ,शकील अंसारी, उप मुखिया इस्लाम अंसारी साबिर अंसारी पंचायत समिति सदस्य, समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे ।

## मो. जुल्फिकार बने धनबाद जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का विस्तार धनबाद जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक विभाग के मो. जाहीर अंसारी द्वारा किया गया। उन्होंने मीडिया को बताया कि झारखंड कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी की स्वीकृति के बाद सभी जिला के अधिकारी और प्रखंड अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है।

इसी क्रम मे कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा रखना वाले समाजसेवी मो. जुल्फिकार को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, सचिव जावेद अंसारी, जवाहर बाल मंच के चीफ कोऑर्डिनेटर साहिर खान, जलाल अंसारी, नदीम खान तथा अन्य सभी शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं मो. जुल्फिकार ने भी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और लगन से बखूबी निभाने की बात कही।

### पूर्व मध्य रेल में महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मुख्यालय हाजीपुर में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर को किया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में आज भारतीय संविधान के षिल्पकार, समाज सुधारक 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । साथ ही, पूर्व मध्य रेल अनुसूचित जाति/जनजाति यूनियन/एषोसिएषन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण ने भी डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# शूटर अमन सिंह का हत्यारोपी सुंदर उर्फ रितेश का हुआ मेडिकल जांच






प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जेल में चली गोली के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि गोली चलाने वाले की शिनाख्त रितेश उर्फ सुंदर महतो के रूप में पुलिस ने कर ली है, जो एक बाइक चोरी के आरोप में नवंबर महीने से जेल में बंद था। पुलिस ने जब से गिरफ्तार किया था तब उसका पता बोकारो के तेलों बताया गया था लेकिन पुलिसिया जांच के बाद उसका असली पता यूपी के प्रतापगढ़ का निकला। फिलहाल आरोपी 5 दिनों की पुलिस रिमांड पर है और बुधवार को मेडिकल जांच हेतु उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां मेडिकल जांच के बाद वापस पुलिस पूछताछ के लिए ले गई। नियम के मुताबिक रिमांड के दौरान हर 24 घंटे में आरोपी की मेडिकल जांच कराया जाएगा।

**सुरक्षा के सवाल पर कई खुलासे होने बाकी :-** हालांकि जेल में हथियार कैसे पहुंचे और किसके द्वारा पहुंचाया गया यह अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। जिस तरह से जेल में गोली चली है, हथियार पहुंचे हैं और जांच के दौरान मोबाइल बरामद हुए हैं, इसमें बड़ी लापरवाही और चूक सामने आ रही है जिसके कारण ही कारा महानिरीक्षक ने जेलर सहित अन्य पर कार्यवाई भी की है। आमतौर पर जेल में हर सामान की बारीकी से मेटल डिटेक्टर से जांच की जाती है। करीब 200 कैमरे लगे हैं जिससे हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाती है। बावजूद जेल में इतनी बड़ी घटना घटित होना सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ जेल में भर्ती कैदियों को अस्पताल वार्ड में भी भर्ती होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### 16 एकड़ 43 डिसमिल जमीन बीसीसीएल ने जबरन छीना

## मुआवजे व नियोजन को लेकर धरना पर बैठे भुक्तभोगी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल के प्रताड़ना के खिलाफ झरिया पोद्दार पाड़ा निवासी बिल्लू कुमार ने बस्ताकोला विकास भवन के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरना में पिता और भाई नयन दत्ता भी बैठे थे। धरना पर बैठे नयन कुमार दत्ता ने बताया कि दोबारी में उनका 16 एकड़ 43 डिसमिल जमीन था जिसे बीसीसीएल ने जबरन अपने अधीन ले लिया और परियोजना शुरू कर देने से हम लोगों की रोजी रोटी पर आफत बन गई है। उक्त जमीन पर हम लोग खेती करके अपना जीवन यापन करते थे। बीसीसीएल ने वैसे लोगों को नौकरी दिया जो फर्जी थे, न ही उनके पास जमीन के कागजात हैं। जब भी बीसीसीएल से नियोजन और मुआवजा बात करते हैं तो टालमटोल कर टाल देते हैं। मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। बीसीसीएल फर्जी लोगों को नौकरी दिया है वैसे लोगों बीसीसीएल जल्द हटाए नही तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

## नाली का गंदा पानी याद दिलाता है गांवों की कहानी

### नारकीय स्थिति में जी रहे लोगों ने कहा की पंचायत ही ठीक था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण राहगीरों को चलने एवं ग्राहकों को दुकान के अन्दर आवागमन मे परेशानी हो रही है। गंदगी से उठ रही दुर्गंध से नर्कीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। 25 से 30 घरो का गंदे नाली का पानी सडक पर आ रहा है। गंदगी के कारण मार्केट में खरीददारों ने आना कम कर दिया है। इससे दुकानदारी चौपट हो गई है। जिसके कारण दुकानदारो में काफी आक्रोश है। कारण यह है की ग्राहकों को दुकान के गंदे पानी में घुस कर पार होना पड़ता है। जिसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी है। सड़क पर यदि पास से कोई दो पहिया या चार पहिया वाहन गुजर जाए तो पैदल चलने वालों के कपड़े गंदे पानी के छींटों से तार-तार होना पड़ता है। मुस्लिम समुदाय के लोगो को नापाकी का भी डर बना रहता है। नगर निगम के अधिकारी से कई बार शिकायात की जा चुकी है एवं लिखित आवेदन दिया है लेकिन नगर निगम के अधिकारी को कान में जुई तक नहीं रेंग रही है। लोगो का कहना है की नगर निगम द्वारा सफाई का कार्य भी सही से नहीं हो रहा है जिसके कारण भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जल्द ही समस्या के समाधान के लिए जिला उपायुक्त को पत्र भेजेंगे। इसके बावजूद कुछ न हुआ तो चेंबर ऑफ कॉमर्स सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने का कार्य करेगी।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद त्न** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान व जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में देश के महान नेता संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के क्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आमंत्रित सदस्य व जिला परिषद सदस्य संजय महतो के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी, मंटू दास, मो सरफराज, गुड्डू खान, जावेद रजा, भगवान दास, पप्पू कुमार तिवारी, बबलू दास, राजू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, पिंटू तुरी, सत्यानंद पांडेय, गौतम पासवान, राकेश पासवान, आयुष सिंह, राजेश राम, पंकज वर्मा, आलोक मालाकार, हारुन अंसारी, दीपक, सुशील, सूरज कुमार, रोहित, अमन प्रसाद, अनिमेष कुमार सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## बोलबा भुटकूदर में तीन दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोलबा :** बोलबा के भुटकूदर में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का समापन बुधवार को किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। फाइनल मैच उड़ीसा के काटाझार बनाम झारखंड महतो टोली के बीच आयोजन हुआ ,जहां पर अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत की। जहां पर शानदार पारी खेलते हुए उड़ीसा काटाझार की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस दौरान विजेता टीम को बड़ा खस्सी एवं उप विजेता को खस्सी तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा आज सिमडेगा किसी पहचान के मोहताज नहीं रही और इस जिले को देशभर में लोग खेल के माध्यम से और खासकर हॉकी के क्षेत्र में जानते हैं।

# महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखना सबसे बड़ी लैंगिक हिंसा है : उपायुक्त

## लोगों में महिला संबंधी कानूनों की जानकारी का अभाव : हारिस बिन जमां

➲ नगर भवन में लिंग हिंसा के खिलाफ जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं जेएसएलपीएस लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में आज लिंग हिंसा के खिलाफ सामुदाय आधारित अभियान नई चेतना 2.0-सह-डायन प्रथा उन्मूलन हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ, डालसा सचिव राजेश कुमार समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान समय में किसी महिला को शिक्षा से वंचित रखना सबसे बड़ी लैंगिक हिंसा है। अगर आप उसे शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं दे रहे हैं या उसे रोक रहे हैं तो यह सबसे बड़ी लैंगिक भेदभाव है। मेरा मानना है कि परिवार में जो अवसर पुरूष को मिल रहा है, वह अवसर महिला को भी मिलना चाहिए। एक महिला परिवार को संवारने का कार्य करती है। अगर हम उसे शिक्षा प्राप्त करने से रोकेंगे तो यह उसके वजूद को खत्म करने जैसा होगा। लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने से रोकना नहीं है, इसकी जिम्मेवारी हम सभी को लेनी होगी। महिलाओं को चाहिए कि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों। लोहरदगा जिला में जेएसएलपीएस का कार्य बेहतर हुआ है। पूर्व के वर्षों में भी यहां बेहतर कार्य होता रहा है जिसमें महिलाएं बढ़-चढ कर हिस्सा लेती हैं। उपायुक्त ने कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं बेहतर उत्पाद बनाती रही हैं। यहां कई उत्पाद हैं जो काफी बेहतर हैं। उन्हें बाजार में जगह मिलनी चाहिए जितना अन्य कंपनियों के उत्पादों को मिलता है। जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए खड़ा है। उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कानून में जो प्रावधान हैं उसकी जानकारी सभी को होना चाहिए। साथ ही इसकी जानकारी अन्य को भी दें। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने कहा कि लोगों में महिला हितों की रक्षा के लिए बनाये गये कानून की जानकारी का अभाव है। महिला हिंसा से संबंधित कार्रवाई के लिए कई तरह की सुविधाएं कानून की ओर से दी गई हैं। महिलाओं के प्रति भेदभाव घरों से ही शुरू होती है। हम यह संकल्प लें कि लैंगिक भेदभाव अपने घर व अपने आसपास पनपने नहीं दें। अगर किसी महिला को डायन कह कर प्रताड़ि किया जाता है तो इसके सजा व दण्ड का प्रावधान किये गये हैं। अगर ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है अपने नजदीकी थाना में जरूर संपर्क करें। हर थाने में महिला पुलिस कर्मी या पदाधिकारी होते हैं।

## डॉ. अनुग्रह नारायण+2 उवि. में चुनावी साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 दिसम्बर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ.अनुग्रह नारायण +2 उच्च विधालय में आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनाव के निमित चुनाव आयोग के निर्देश पर चुनावी साक्षरता क्लब प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन। उक्त आयोजन मे प्रशिक्षक सह बीएलओ सुपर वाइजर पावन कुमार, रौशन उरांव एवं शुशीला कुजूर के द्वारा उपस्थित +2 के छात्र छात्राओं को चुनाव से सबंधित कई महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण दिया छात्रों को उनके क्षेत्र में बीएलओ के द्वारा पहचान पत्र बनाने,पहचान पत्र में किसी प्रकार का त्रुटि हो उसे सुधारने, मृत् व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाने सहित किस प्रकार मतदान करना है चुनाव के समय शत प्रतिशत लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करना आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक बतलाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य गणेश कुमार शास्त्री, एवं बीएलओ के साथ काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## नाली निर्माण में गुणवक्ता पर रखे ध्यान : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पक्की नाली निर्माण कार्य आरम्भ के पूर्व विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के तहत पूजन कर जीप सदस्य द्वारा शिलान्यास किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत ग्राम स्थित आदिवासी मुहल्ला में 15 वें वित जिला योजना मद से एक हजार फीट तक 10 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र से लीची बगान तक पक्की नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। निर्माण कार्य से पूर्व जिसका शिलान्यास बुधवार को गांव के पुजार चमरू उरांव द्वारा आदिवासी रीति रिवाज के साथ पूजन किया गया। इसके उपरान्त जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया। मौके पर राधा तिर्की ने कहा कि ग्रामीणों के लंबे समय से मांग था की बरसात के दिनों में गांव का पानी सड़क पर बहता है इस लिये ग्रामीणों की मांग पर यह योजना का चयन हुआ है। वही चयनियत पक्की नाली योजना निर्माण में संवेदक गुणवक्ता समय से पूर्ण करें और स्थानीय मजदूर को काम दें। तथा गुणवत्ता का ख्याल रखेंगे साथ ही गांव की जनता विकास कार्य में सहयोग करें तथा योजना स्थल पर संवेदक बोर्ड लगाए। जिसे योजना के बारे में सभी को पूरी जनकारी हो सके। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पंचायत समिति सदस्य सुधराम उरांव, वार्ड सदस्य सुशीला केरकेट्टा, बिजय कुमार साहु सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्रालय व अन्य मंत्रालय के सम्मिलित प्रयास से युवा संगम फेज-3 का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के शिक्षा मंत्रालय व अन्य मंत्रालय के सम्मिलित प्रयास से युवा संगम फेज 3 का आयोजन किया गया। युवा संगम फेज 3 आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न उच्च शैक्षणिक संस्थानों के 50 छात्र झारखंड से हरियाणा दौरे पर गये। जिसमें सिमडेगा जिले से ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत तारावोगा गाँव की वीणा ज्योति कुमारी का चयन सिमडेगा जिले के नेतृत्व हेतू हुआ। जिसमें उन्होने सक्रिय रूप से भाग लिया। हरियाणा के अपनी यात्रा के दौरान वीणा और उनके, साथियों ने जीवन के विविध पहलुओं, एवं विकासात्मक स्थलों का पता लगाया और वहां की उपलब्धिओं के बारे में जानकारी ली। युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत इस अनोखी पहल द्वारा पांच प्रमुख क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदान करके युवा कनेक्शन को मजबूत करना है जो है पर्यटन, परंपरा, प्रगति, पारस्परिक संपर्क और प्रौद्योगिकी। युवा संगम फेज 3 के 10 दिवसीय कार्यक्रम में सभी छात्रों ने सर्वप्रथम NIT कुरुक्षेत्र कैंपस का दौरा किया तत्पश्चात अभिमन्युपुर गांव, कुरुक्षेत्र पैनोरमा और विज्ञान केंद्र, ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर मंदिर, गुरुकुल और फार्महाउस, भद्रकाली शक्ति पीठ, चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन, राज भवन, NDRI करनाल, श्रीकृष्ण संग्रहालय, और धरोहर संग्रहालय का दौरा किया। कुरुक्षेत्र में मान्यता कार्यक्रम, ध्वज डाउन समारोह के दौरान वीणा ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की हुई दर्दनाक मौत अग्रतर कारवाई में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट जगन ढोडा के समीप देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की घटने स्थल पर ही मौत गई। अहले सुबह सूचना पर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है की कल्हेपाट जगन ढोडा के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वही सड़क दुर्घटना देर रात का बताया जा रहा है। घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर पु0आ0नि0 गणेश कुमार यादव दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। मृतक का पहचान बुटी ग्राम निवासी रोजामत अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र तौसीर अंसारी के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है कि तौसीर अंसारी कल्हेपाट ग्राम में आयोजित किसी कार्यक्रम में आया हुआ था जो देर रात शौच के लिए जगन ढोडा की ओर गया था। उसी दौरान अज्ञात वाहन धक्का मार फरार हो गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि देर रात सड़क दुर्घटना के कारण युवक का मौत होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है और पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। जबकि इस घटना से परिवार के बीच मातम छाया हुआ है।

## मुखिया परमेश्वर माली ने दो भाइयों के आपसी विवाद में कराया सुलह



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड उदरंगी पंचायत अंतर्गत पतरा टोली में बुधवार को निकाशी को लेकर दो भाइयों में उत्पन्न विवाद को मुखिया परमेश्वर महली ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुलह कराया गया। साथ ही रास्ता को लेकर आपसी लड़ाई को सुलह कराया गया। बता दें कि उदरंगी पतरा टोली निवासी मजीद अंसारी द्वारा आवास निर्माण कराने पर निकाशी बंद होने को लेकर बड़े भाई एनामुल अंसारी से आपसी बहस को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। जिसके बाद दोनों भाइयों में मारपीट का माहौल उत्पन्न हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर दोनों भाइयों में सुलह कराते हुए दोनों भाइयों को निकासी के लिए सात-सात फिट जमीन रास्ता के नाम पर छोड़ने तथा अन्य एक मुनेश्वर उरांव से रास्ता के लिए तीन फीट जमीन देने के लिए सहमति बनाई गई। इसके एवज में मुनेश्वर उरांव व ताजे उरांव को एनामुल अंसारी, मजीद अंसारी व रिफासत अंसारी को तीन फीट रास्ता के लिए जमीन देने के एवज में 25 हजार रूपये देने की बात कही है। इस तरह पंचायत में मुखिया के पहल से उत्पन्न विवाद को निपटारा कराएं जाने से बस्ती के लोगों में काफी खुशी है। ग्रामीणों ने कहा कि बस्ती में रोज दिन रास्ता को लेकर उत्पन्न लड़ाई को अब विराम लग गया।

## खिलाड़ी फीफा नियमों को अपनाकर प्रदर्शन करें, सफलता अवश्य मिलेगी : एसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्ह-लोहरदगा :** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो खेल मैदान में आदिवासी अखड़ा समिति सीठियो के तत्वावधान में 17वां कार्तिक उरांव अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, विशिष्ट अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, मुखिया शोभा देवी, आदिवासी अखड़ा समिति के अध्यक्ष फुलदेव उरांव, साजिद अहमद चंगू, समाजसेवी मुजिबुल रहमान, राजा सहित अन्य के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं स्व कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर खेल का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सीठियो गांव स्थित खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के नियम फीफा के साथ फुटबॉल खेल खेलें है दोनों टीमों का प्रर्दशन काफी बेहतर रहा खेल में हार जीत एक प्रक्रिया है जो लगा रहता है। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि मेहनत करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चे खेल के साथ पढ़ाई नियमित रूप से करते रहें और जीवन के मुश्किल से लड़ना सीखें पढ़ाई और खेल जीवन को बेहतर बनाता है।

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम और निपटारा अधिनियम 2013 पर डलसा ने दिया प्रशिक्षण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के रोकथाम और निपटारा संबंधित कानून' यानी पोस एक्ट,2013 को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी, कर्मचारियों एवं डालसा पीएलवी को प्रशिक्षक इंद्राणी कुजूर जो एलएडीसीएस की पैनल अधिवक्ता भी हैं ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं जेएसएलपीएस के डीपीएम अनिता केरकेट्टा, विनोद होरो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि 10 या 10 से ज्यादा कर्मियों वाले कार्यालय में पोस कमेटी का गठन होना अनिवार्य है। यदि पोस कमेटी गठन नहीं होता है तो नियोकता पर 50,000 तक का जुर्माना हो सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव ने भंवरी देवी केस का उल्लेख करते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बनाई गई 'विशाखा गाइडलाइन की चर्चा की जो 2013 में पोस एक्ट के रूप में कानून बना। वहीं प्रशिक्षक इंद्राणी कुजूर ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न संबंधित प्रावधानों का विस्तृत उल्लेख कर समझाया कि सहकर्मियों या नियोक्ता द्वारा यदि यौन उत्पीड़न किया जाता है तो इंटरनल कंप्लेंट कमेटी के पास लिखित शिकायत दें। प्रतिभागियों ने अनेक प्रश्न किए जिनका उत्तर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएलबी अफान खान के द्वारा किया गया।

## वारिस कुरैशी ने कल्याण पदाधिकारी से अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं के बारे में किया विचार विमर्श



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 6 दिसम्बर 2023 दिन बृहस्पतिवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय सदस्य वारिस कुरैशी ने लोहरदगा जिला कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात कर जिले में चल रहे हैं अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं के बारे में विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अल्पसंख्यकों को कितना ऋष्ण उपलब्ध कराया जा रहा है इसकी भी विस्तृत जानकारी ली। एमएसडीपी के तहत इस जिला के दो ब्लॉक चयनित है कुडू और किसको ब्लॉक,इस ब्लॉकों में कई ऐसे काम है जो आधी अधूरी है, फंड के आभाव में पूर्ण नहीं हुआ है उन योजनाओं के लिए फंड उपलब्ध करा कर पूर्ण किया जाए। अल्पसंख्यक विकास के योजनाओं में तेजी लाने का भी निर्देश दिया, जो भी अल्पसंख्यक के लिए एमएसडीपी के तहत योजनाएं बनाई गई है उसको जल्द से जल्द राज्य सरकार को भेजा जाए ताकि समय से अल्पसंखायकों के कल्याण कि योजनाएं धरातल पर उतरी जाए।

## अचानक मौसम बदलते ही कपकपी बढ़ी फसल हुआ बर्बाद



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवर्ती मिचौग तूफान का का कहर जिला के प्रखंड क्षेत्र में पड़ा असर जिसके कारण रात से ही लगातार हल्की हल्की बूंदा बूंदी के साथ रुक रुक कर बारिश हो रही हैं। और ठंढ का भी असर क्षेत्र में पड़ने लगा है। अचानक मौसम बदलने व ठंड से लोगो को सावधानी बरतने की जरूरत है। वही अनुमान है कि आगामी 7 दिसंबर तक मिचौग तूफान का प्रभाव क्षेत्र में सक्रिय रह सकता है। वही अचानक आये इस चक्रवर्ती तूफान के कारण मौसम का मिजाज भी बदला हुआ है। जिसे की दिन भर बादल छाये रहने के कारण हल्की बूंदा बूंदी के साथ बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। मौसम में बदलाव के बाद लोग ठंड महसूस कर रहे हैं। गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है बिना काम का घर से लोग बाहर नही निकल रहे हैं। अन्य दिनों के अपेक्षा बाजार व चौक चौराहों में भीड़ कम है। तथा विद्यालय व कार्यालय में उपस्थिति कम दिखाई दे रहा है। साथ ही अचानक मौसम बदलने के साथ बारिश होने से किसान भी चिंतित हैं क्यों की किसानों का तैयार फसल खेत में पड़ा हुआ है। वही तैयार फसल को अधिक पानी बरसने से नुकसान होने की पूरी संभावना है।

# 34 वें प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

## कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है : विनोद राय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में 34 वें प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह अभिभावक अभिनंदन का भव्य आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष श्री विनोद राय सचिव श्री अजय प्रसाद श्रीमती शोभा देवी श्री जीतराम बधाई मनोहर लाल अग्रवाल +2 विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उत्तम मुखर्जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने मां भारती भारत माता एवं ओम के समक्ष संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के खेल आचार्य जी श्री महेंद्र कुमार मिश्रा ने खेल का वृत प्रस्तुत किया तथा प्रांतीय खेलकूद के चित्रात्मक गतिविधियों का अवलोकन प्रोजेक्टर के माध्यम से करवाया। उपस्थित अतिथियों ने भैया बहनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के माता-पिता भी उपस्थित रहे। अभिभावक राजेश जायसवाल ने कहा की यह विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के विषय में निरंतर आगे बढ़ रहा है। अभिभावक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भैया बहनों ने प्रांत में विद्यालय का नाम रोशन किया है जिससे हम सभी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री विनोद राय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि विद्यालय परिवार के अथक परिश्रम एवं भैया बहनों के लग्न का यह परिणाम है अधिक परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के भैया बहनों ने कुल 25 स्वर्ण पदक ,2 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने समस्त भैया बहनों का अभिनंदन करते हुए आगामी सत्र में नवीन नामांकन हेतु आग्रह किया जिसमें समाज के लोगों का विकास हो सके। दिनांक 2-12- 2023 को संकुल स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता आयोजित थी जिसमें अपने भैया बहनों ने शिशु वर्ग में ओवरआल चैंपियनशिप पुरस्कार प्राप्त किया। इस सम्मान समारोह में भारी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी के अतिरिक्त विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

## धर्म के नाम पर नहीं, काम के नाम पर करे मतदान : एनोस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने बुधवार को पालकोट प्रखंड का भ्रमण किया। मौके पर उन्होने पालकोट, बैघमा पंचायत में बैठक की। एनोस एक्का ने कहा कि अच्छे काम करने वाले नौकर को काम में रखा जाता है, आलसी नौकर को कोई काम में नही रखता है। उसी तरह चुनाव में भी समाज की सेवा के लिए काम करने वाले सेवक को मौका दे। उन्होंने कहा की भाजपा, कांग्रेस जैसे पार्टी धर्म के नाम पर लोगों को बांट कर राजनीति करते है, उन्हें जनता के दुःख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधि के कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए उन्होंने कहा कि पालकोट प्रखंड में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ है। एनोस एक्का ने आगामी चुनाव में झापा को अपना प्यार और आशीर्वाद देने की अपील की। मौके पर एनोस एक्का ने 11 दिसंबर को सिमडेगा पंडरीपानी में आयोजित होने वाले कार्यकर्त्ता सम्मेलन की जानकारी देते हुए सभी को शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले नगाड़ा पिटावन रैली के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक को सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने भी संबोधित किया। मौके पर ओलिवर लकड़ा, अभय विश्वकर्मा, सतेंद्र ठाकुर, उत्तम कुमार सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## मुखबधिर महिला भटक कर पहुंची बरही गमहार टोली



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही गमहारटोली में भटक कर आई मूकबधिर वृद्ध महिला स्थानीय महिलाओं ने दिया शरण। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही गमहारटोली में लोहरदगा की ओर से ऑटो में बैठ कर लगभग 40 वर्ष की मूकबधिर महिला भटक कर बरही ग्राम पहुंची जिसे स्थानीय महिला संगठन के द्वारा शरण दिया गया। विदित हो कि मूकबधिर होने के कारण अपना नाम पता बताने में वह असमर्थ है। फिलहाल महिला बरही गमहारटोली निवासी शुकरू उराँव के घर मे रह रही है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूछने पर इशारा से घर जाने की बात कहती है। परंतु उसकी इशारा समझ मे नही आने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। मुखबधिर होने के कारण भटकी महिला का भाषा को कोई समझ भी नही पा रहे हैं। जिससे महिला को घर भेजा जा सके साथ ही बताया गया कि मौखिक रूप से ग्रामीणो के माध्यम से स्थानीय थाना को सूचना दिया गया है।

## चलते चलते एक नजर

### वारिस कुरैशी पहुंचे लोहरदगा ली योजनाओं की जानकारी



**लोहरदगा :** बृहस्पतिवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने लोहारदग जिला कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात कर जिले में चल रहे अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं के बारे में विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अल्पसंख्यकों को कितना ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, इसकी भी विस्तृत जानकारी ली। एमएसडीपी के तहत इस जिला के दो ब्लॉक चयनित है। कुडू और किसको ब्लॉक। इस ब्लॉकों में कई ऐसे काम है जो आधी अधूरी है। फंड के आभाव में पूर्ण नहीं हुआ है। उन योजनाओं के लिए फंड उपलब्ध करा कर पूर्ण किया जाए। उन्होंने अल्पसंख्यक विकास के योजनाओं में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। जो भी अल्पसंख्यक के लिए एमएसडीपी के तहत योजनाएं बनाई गई है, उसको जल्द से जल्द राज्य सरकार को भेजा जाए ताकि समय से अल्पसंखायकों के कल्याण कि योजनाएं धरातल पर उतरी जाए।

### कांग्रेस सेवा दल की हुई बैठक



**मेदिनीनगर :** चतरा जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में सेवा दल के मुख्य संगठक राजन पांडे की अध्यक्षता में की गई। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश संयोजक विक्रमाजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे उपस्थित हुए। इस बैठक में यंग ब्रिगेड के प्रदेश सचिव विवेक कुमार उपस्थित हुए। इस बैठक में संगठन की मजबूती और कैंप लगाने एवं आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई। कांग्रेस सेवा दल के जिला सचिव एनुअल अंसारी चतरा प्रखंड अध्यक्ष संजीत पांडे सेवादल के सोशल मीडिया प्रभारी जावेद अंसारी तथा बिरंचि प्रसाद राजकुमार पांडे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, जिला कार्यालय प्रभारी सैयद अजीमुद्दीन ख्वाजा कांग्रेस मीडिया प्रभारी चतरा विक्रम कुमार सिंह एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### तेजी से एकजुट हो विपक्ष : नीतीश

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन पर बड़ा बयान दिया है। नीतीश ने कहा कि पिछली बार कांग्रेस मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीती थी, और इस बार भी उसे अच्छे वोट मिले लेकिन बीजेपी की जीत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस जीती है इसलिए इन सब चीजों पर कोई खास चर्चा की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम तो यही चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो। खबर में चल रहा था कि हम इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं जा रहे हैं जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। मेरी तबीयत खराब थी। मुझे सर्दी-खांसी, बुखार लगा हुआ था। इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए नीतीश ने कहा, 'अगली मीटिंग होगी तो हम फिर कहेंगे कि अब देर नहीं कीजिए।

## एमपी, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में सीएम को लेकर सस्पेंस बरकरार

# तीनों राज्यों में नए चेहरा को सीएम बनने की प्रबल संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए चेहरों को सीएम पद की जिम्मेदारी देगी. बीजेपी से जुड़े सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी किसी पुराने सीएम को दोबारा सीएम की कुर्सी पर बैठाने के मूड में नहीं है. बता दें कि इन तीनों राज्यों में हुए हालिया विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहुमत हासिल किया है. हालांकि सूत्र ने बताया कि पार्टी ने केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर यह चुनाव लड़ा था. सूत्र बताते हैं कि तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पद के लिए नाम तय हो चुके हैं और बीजेपी ने आधिकारिक तौर पर चुने गए उम्मीदवारों पर अपनी मुहर लगा दी है. हालाँकि, आधिकारिक घोषणा







की प्रत्याशा बढ़ने के साथ, राजनीतिक अटकलें बढ़ रही हैं. छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है. साथ ही राजस्थान में महंत बालकनाथ योगी केंद्रित नेतृत्व की पहली पसंद हैं. एमपी में प्रह्लाद पटेल पर भी विचार किया जा रहा है। आधिकारिक घोषणा अभी लंबित है.सूत्र बताते हैं कि पार्टी ने इन फैसलों का मजबूती से समर्थन किया है. 2024 के लोकसभा चुनाव और भविष्य के नेतृत्व को ध्यान में रखते हुए, पार्टी का लक्ष्य ऐसे मुख्यमंत्रियों को नियुक्त करना है जो उनके दृष्टिकोण के अनुरूप हों. इसके साथ ही, तीनों राज्यों में डिप्टी सीएम की नियुक्ति भी जल्द ही होने वाली है. सूत्रों का कहना है कि भाजपा रणनीतिक रूप से भविष्य की योजना बना रही है. बता दें कि एमपी की कमान जहां शिवराज सिंह चौहान के हाथ में हैं, वहीं वसुंधरा राजे राजस्थान और रमन सिंह छत्तीसगढ़ में सीएम की कुर्सी संभाल चुके हैं. इन तीनों ही वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा चुनाव में विजय हासिल की थी, जिसके बाद से सीएम पद पर उनकी प्रबल दावेदारी मानी जा रही थी.

## लोकतंत्र की मजबूती में बाबा साहेब का अतुलनीय योगदान : मिथिलेश ठाकुर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री शिमथिलेश कुमार ठाकुर ने सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनको याद कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश संचालन के लिए संविधान के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। संविधान ने देश के सभी लोगों को एक साथ और समानता के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है। संविधान समाज के सभी दलित, शोषित, पिछड़े और महिलाओं समेत सभी वर्गों को एक साथ एकता और समानता के साथ आगे बढ़ाने की सीख देता है और प्रदेश की वर्तमान सरकार इन्हीं मूल्यों के ऊपर काम करते हुए आगे बढ़ने का काम कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजना समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। उसका लाभ भी यहाँ के आदिवासी मुलवासी को मिल रहा है। मौके पर मौजूद मुखिया वीरेंद्र राम, रंथा नायक, रामजी पासवान, विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, रामजी राम, दीपक सोनी ने संयुक्त रूप से मंत्री मिथिलेश ठाकुर को संविधान के प्रति भेंट किया।

## पलामू प्रमंडल में विकास का दूसरा नाम हैं मंत्री मिथिलेश ठाकुर : सन्नी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पूर्व मेयर को मंत्री मिथिलेश ठाकुर का नाम लेने से पहले पलामू के अपनी पार्टी विधायकों के कार्यों के बारे में बात करना चाहिए। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जितना विकास कार्य किया है, भाजपा के मंत्री और विधायकों ने अपने तमाम कार्यकालों में उसका दस प्रतिशत भी नहीं किया है, जबकि पिछले 10 सालों से पलामू के सभी सीटों पर भाजपा के विधायक सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर जीतते आ रहे हैं। परंतु इन्होंने जनता की भावनाओं के साथ खेलने और जुमला देने के अलावा कभी कुछ नहीं किया। ये बातें झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष



सन्नी शुक्ला ने कही। जिन लोगों ने अपने कार्यकाल में टैंकर से पानी बंटवाने के बजाय सौंदर्यीकरण के नाम पर पानी बहाया है। अब मेयर का ख्वाब दूर होता देख, विधायक बनने के लिए सरकार पर अनर्गल बयान छपवाकर राजनीति चमकाए रखना चाहते हैं। पलामू के किसानों की बात अचानक मेयर साहिबा करने तो लगी हैं।परंतु उन्हें याद करना चाहिए कि मंडल डैम का शिलान्यास पीएम मोदी जी ने किया था। परंतु उसके बाद से केंद्र की सरकार आज तक सोई क्यों है? अब चंद महीनों में लोकसभा चुनाव होने वाला है। परंतु मंडल डैम में अभी तक एक ईंट भी केंद्र की सरकार जोड़ नहीं पाई है। सन्नी ने नसीहत देते हुए बताया कि पेयजल और पटवन दोनों में बहुत अंतर होता है।पेयजल से खेतों को नहीं पटाया जा सकता है।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के मर्डर पर बवाल

**अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे समर्थक, वसुंधरा राजे, दीया कुमारी समेत कई नेता समर्थन में उतरे**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जयपुर :** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार दोपहर को दिन दहाड़े हत्या कर दी गई, जिसके चलते पूरा राजपूत समाज आक्रोशित है. हत्या के बाद करणी सेना ने जयपुर समेत पूरे राजस्थान में बंद का आह्वान किया, जिसका असर भी दिख रहा है.सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के समर्थक बड़ी संख्या में मेट्रो अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे हैं. यह वह अस्पताल है, जहां पर सुखदेव सिंह को गोलियां लगने के बाद लाया गया था और यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था. करणी सेना के अध्यक्ष की मौत के बाद से ही उनके समर्थर यहां बड़ी संख्या में धरने पर बैठे हैं और दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं.सुखदेव सिंह की हत्या पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने सवाल खड़े किए तो वहीं दिया कुमारी ने भी उनकी हत्या पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. अस्पताल के बाहर धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों में बीजेपी नेता राजेंद्र गुढ़ा, करणी सेना के जिलों के अध्यक्ष, जयपुर के कई विधायक जिसमें बालमुकुंद आचार्य, मनोज नयांगली भी शामिल हैं.इसके अलावा यूपी सरकार के राज्य मंत्री रघुराज सिंह भी समर्थन देने के लिए राजस्थान पहुंचे और दोषियों के लिए कड़ी सजा और जांच की मांग की है. उधर, सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का अभी पोस्टमार्टम होना बाकी है. परिवार ने अभी इसकी अनुमति नहीं दी है. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के समर्थकों का कहना है कि लगातार उनको धमकियां मिल रही थी. वह पिछले 1 साल से यहां के प्रशासन को शिकायत भी कर रहे थे ।

## लाइफ केयर अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एनएबीएच से मिला प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बूटी मोड़ स्थित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काम कर रही लाइफ़ केयर अस्पताल को (एनएबीएच)अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड से बेहतर सेवा देने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया है। एनएबीएच भारत की गुणवत्ता परिषद का एक घटक बोर्ड है, जो स्वास्थ्य संगठनों के लिए मान्यता कार्यक्रम स्थापित करने और संचालित करने के लिए स्थापित किया गया है। बता दें कि लाइफ़ केयर अस्पताल में हड्डी, नेत्र, गायनी, शिशु सहित एमरजेंसी सेवाओं के लिए कम खर्च पर बेहतर इलाज के लिए न सिर्फ रांची बल्कि झारखंड और दूसरे राज्यों में भी




प्रसिद्ध हो गई है। पूरे विश्वास के साथ दूरदराज से मरीज यहां आ रहे हैं। स्वास्थ्य का लाभ उठा रहे हैं और सकुशल अपने घर लौट रहे हैं।

**क्या कहते हैं डॉ. रजनीश:** लाइफ केयर अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश ने बताया कि एनएबीएच का गठन 2005 में की गई थी। एनएबीएच की दृष्टि सर्वोच्च राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल और गुणवत्ता में सुधार करने वाली संस्था है,जो वैश्विक बेंचमार्क के अनुरूप है। एनएबीएच का मिशन स्वयं और बाहरी मूल्यांकन की प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर रोगी सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने वाले हितधारकों के सहयोग से मान्यता और संबद्ध कार्यक्रम संचालित करना है। जैसे नर्सिंग उत्कृष्टता, प्रयोगशाला प्रमाणन, सेमिनार कार्यक्रम, सार्वजनिक व्याख्यान, विज्ञापन, कार्यशालाएं, गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा प्रदान करना आदि। भारत में केवल 173 अस्पतालों में मान्यता है और 521 इसके लिए काम कर रहे हैं। 49 ब्लड बैंकों और केवल 2 डेंटल अस्पतालों ने यह पहचान हासिल की है। इन्हीं में रांची में लाइफ़ केयर अस्पताल भी अब शामिल हो गया है यह गौरव की बात है।

## डॉक्टर ने पहले की पत्नी व दो बच्चों की निर्मम हत्या, फिर की खुदकुशी

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के रायबरेली से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. रायबरेली के रेलवे कॉलोनी में एक डॉक्टर ने कथित तौर पर पहले अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या की और बाद में खुदकुशी कर ली. पुलिस डॉक्टर के घर से सभी चार शवों को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने मृतक डॉक्टर की पहचान अरुण कुमार के रूप में की है. वो नेत्र विशेषज्ञ थे. और फिलहाल राय बरेली के मॉर्डन रेल कोच फैकटरी में पोस्टेड थे. पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि वह बीते काफी समय से डिप्रेशन में थे.मिर्ज़ापुर के रहने वाले डॉ. कुमार अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रायबरेली में रेलवे क्वार्टर में रहते थे. उन्हें आखिरी बार रविवार को देखा गया था. जब अगले दो दिनों तक उनसे संपर्क नहीं हो सका तो



डॉक्टर के सहकर्मी उनके घर गए. जब उनके घर की घंटी बजाने और दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया. उन्हें अंदर डॉक्टर, उनकी पत्नी अर्चना, बेटी आदिवा (12) और बेटे आरव (4) के शव मिले. इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी. घटना की सूचना मिलने के बाद जिले के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे.पुलिस के अनुसार घटनास्थल से उन्हें एक हथौड़ा, खून के धब्बे और नशीली दवाओं के इंजेक्शन मिले हैं. पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर ने अपनी पत्नी और बच्चों को होश में लाने के लिए दवाएं दीं. फिर उनके सिर पर वार कर हत्या कर दी. डॉक्टर ने पहले इन हत्याओं के बाद खुदकुशी करने के लिए पहले अपनी कलाई काटने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो फांसी लगाकर जान दे दी. इस घटना को लेकर रायबरेली के एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि अब तक हमने घटनास्थल से कई सबूत जुटाए हैं. साथ ही शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भी भेज दिया गया है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से और भी खुलासे होंगे.

## सांसद ने भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने का मामला संसद में उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन के तहत प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि उक्त संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक ढ़ांचे में परिवर्तन संभावित है ।




सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सशस्त्र सेना झंडा दिवस
7 दिसम्बर

संदेश

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन देते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार **"सशस्त्र झंडा दिवस कोष"** में योगदान देकर उन वीर सैनिकों, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

**जय हिन्द!**

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या नि:शक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में **"सैनिक कल्याण कोष"** का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे विरांगना विधवाओं, नि:शक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस कोष में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, नि:शक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित सैनिक कोष में उदारतापूर्वक दान दें।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊँचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

**जोहार!**

PR NO-312724(Home, Prison And Disaster Management)23-24

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार